अधिकतम :32°C
न्यूनतम: 24°C
81,721.08
24,853.15
98,900
99,900

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

लखनऊ, रविवार 25 मई 2025 लखनऊ संस्करण: वर्ष 16 अंक 204 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

www.shahtimesnews.com

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष 13 विक्रमी सम्वत् 2082 26 ज़ीक़ादा 1446 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



### इमरान खान ने कसा पाक आर्मी चीफ पर तंज

विस्तृत खबर देश-विदेश पर



### गिल बने टेस्ट टीम के कप्तान, इंग्लैंड दौरे के लिए भारतीय टेस्ट टीम घोषित

विस्तृत खबर खेल टाइम्स पर

# देश में कोरोना की वापसी, अब तक 350 एक्टिव मरीज

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** देश में कोरोना के मरीज लगातार बढ़ रहे हैं। शनिवार को महाराष्ट्र के ठाणे में 8, उत्तराखंड-हरियाणा में 3-3 और यूपी के नोएडा में एक मामला सामने आया है। ठाणे में शुक्रवार को 10 मामले सामने आए थे। 23 मई को अहमदाबाद में 20, यूपी में 4, हरियाणा में 5 और बेंगलुरु में 9 महीने का एक बच्चा कोरोना पॉजिटिव पाया गया है।

इस तरह देश में अब तक कोरोना के 350 एक्टिव केस हैं। 2 मौतें हो चुकी हैं। उधर, दिल्ली सरकार ने कोविड-19 को लेकर एडवाइजरी जारी की है। सरकार ने सभी अस्पतालों को कहा है कि वे बेड, ऑक्सीजन,



फाइल फोटो

दवाइयों और वैक्सीन की पूरी व्यवस्था रखें। दिल्ली के सभी अस्पतालों को निर्देश दिया गया है कि हर पॉजिटिव कोविड सैंपल को जीनोम सीक्वेंसिंग के लिए लोक नायक अस्पताल भेजा जाए। सभी संस्थानों को अपनी रिपोर्ट दिल्ली हेल्थ पोर्टल पर रोज अपलोड करनी है। एडवाइजरी ऐसे समय आई है जब पाकिस्तान, चीन, थाईलैंड और सिंगापुर जैसे देशों में कोरोना मामलों में बढ़ोतरी हो रही है। भारतीय सॉर्स एंड कोवि-2 जीनोमिक्स कंसोर्टियम के मुताबिक भारत में कोविड-19 के वेरिएंट एनबी1.8.1 का एक और एलएफ-7 प्रकार के चार मामले मिले हैं। चीन और एशिया के बढ़ते मामलों में यही वैरिएंट दिख रहा है। डब्ल्यूएचओ ने इन्हें चिंताजनक नहीं माना है, लेकिन निगरानी में रखे गए वैरिएंट के रूप में कैटेगराइज किया है। हालांकि एनबी 1.8.1 के ए435 एस, वी445एच, और टी478आई जैसे स्पाइक प्रोटीन म्यूटेशन अन्य वैरिएंट की तुलना में तेजी से फैलते हैं। इन पर कोविड के खिलाफ बनी इम्यूनिटी का भी असर नहीं होता। भारत में जेएन-1 वैरिएंट सबसे आम है। टेस्टिंग में आधे से ज्यादा सैंपल में यह वैरिएंट मिलता है। इसके बाद बीए-2 (26 प्रतिशत) और ओमिक्रॉन सबलाइनेज (20 प्रतिशत) वैरिएंट के मामले भी मिलते हैं।

**महाराष्ट्र के ठाणे में 8, उत्तराखंड-हरियाणा में 3-3 व यूपी में शनिवार को एक केस मिला**

# अभिनेता मुकुल देव का निधन

**नई दिल्ली।** बॉलीवुड के जाने-माने अभिनेता मुकुल देव का निधन हो गया। वह 54 वर्ष के थे। मुकुल देव का शुक्रवार की रात नई दिल्ली में निधन हो गया। वह पिछले कुछ समय से बीमार चल रहे थे।

मुकुल देव के बड़े भाई राहुल देव ने इंस्टाग्राम पर मुकुल देव की तस्वीर शेयर कर लिखा, हमें आपको यह बताते हुए बहुत दुख हो रहा है कि हमारे भाई मुकुल देव का शुक्रवार रात नई दिल्ली में निधन हो गया। उनके परिवार में उनकी बेटी सिया देव हैं। उनके भाई-बहन रश्मि कौशल, राहुल देव और उनके भतीजे सिद्धांत देव उन्हें बहुत याद करेंगे। उनका अंतिम संस्कार शनिवार शाम 5 बजे हो गया।



**54 वर्ष की आयु में बीमारी के चलते ली अंतिम सांस**

### 'कर्मचारी भविष्य निधि के अंशदाताओं को मिलेगा 8.25 % की दर से ब्याज'

**नई दिल्ली।** सरकार ने कर्मचारी भविष्य निधि योजना के अंतर्गत अंशदाताओं की संचित राशि पर वित्त वर्ष 2024-25 के लिए 8.25 प्रतिशत की दर से ब्याज दिए जाने को मंजूरी दे दी है। यह जानकारी शनिवार को यहां आधिकारिक सूत्रों ने दी। कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) ने वित्त वर्ष 2023-24 के लिए भी अंशदाताओं को 8.25 प्रतिशत की दर से ही ब्याज दिया था। कर्मचारी भविष्य निधि योजना में अंशदाताओं की संख्या इस समय सात करोड़ से अधिक है। वित्त मंत्रालय के सूत्रों ने कहा कि ईपीएफ पर वर्ष 2024-25 के लिए ब्याज दर इससे पिछले वर्ष के स्तर पर ही रखने के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई है। श्रम मंत्रालय के अंतर्गत आने वाले ईपीएफओ के केंद्रीय न्यासी बोर्ड (सीबीटी) ने इसी वर्ष फरवरी में हुई बैठक में 31 मार्च 2025 को समाप्त वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए अंशदाताओं के खातों में ईपीएफ की संचित राशि पर 8.25 प्रतिशत वार्षिक की दर से ब्याज देने की सिफारिश की थी।

### ईडी ने दो लोगों को गिरफ्तार कर संपत्ति जब्त की

**कोलकाता।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने एलएफएस ब्रोकिंग प्राइवेट लिमिटेड के कथित धन शोधन मामले की जांच में दो आरोपियों दिलीप कुमार मैती और मोहम्मद अनारुल इस्लाम को गिरफ्तार किया है और धन शोधन निवारण अधिनियम, 2002 के तहत उनकी चल और अचल संपत्ति को जब्त कर लिया है। आधिकारिक सूत्रों ने यह जानकारी दी है। संघीय जांच एजेंसी ने कहा कि उसके कोलकाता क्षेत्रीय कार्यालय ने एलएफएस ब्रोकिंग प्राइवेट लिमिटेड से जुड़े विभिन्न परिसरों पर तलाशी अभियान चलाया और उसके निदेशकों एवं सहयोगियों की तलाशी अभियान के दौरान 118 बैंक खातों और 63 अचल संपत्तियों को फ्रीज कर दिया गया, जिनकी कीमत कई करोड़ रुपये है और अब इनकी बिक्री या हस्तांतरण पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। ईडी ने एक बयान में कहा कि जब्त की गई अचल संपत्तियों में दो होटल, एक रिसॉर्ट, भूखंड, एक आवासीय बंगला, फ्लैट और दुबई के ईगल हाइट्स में एक संपत्ति शामिल है। एजेंसी ने कहा कि इन संपत्तियों का बाजार मूल्य निर्धारित किया जा रहा है।

### बीएसएफ ने पाकिस्तानी घुसपैठिए को मार गिराया

**पालनपुर।** गुजरात के बनासकांठा जिले में पाकिस्तानी घुसपैठिए को सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के जवानों ने मार गिराया है। बीएसएफ ने शनिवार को बताया कि सतर्क जवानों ने शुक्रवार की रात बनासकांठा जिले में अंतर्राष्ट्रीय सीमा पार कर भारतीय क्षेत्र में प्रवेश कर रहे एक संदिग्ध व्यक्ति को देखा। जवानों ने उसे चेतावनी दी, लेकिन सेना की चेतावनी का अनसुना कर संदिग्ध लगातार आगे बढ़ता रहा। घुसपैठिए पर बीएसएफ जवानों ने गोली चला दी और वह मारा गया।

# हमें टीम इंडिया की तरह काम करना होगा

## मोदी बोले- राज्य विकसित, तभी भारत विकसित होगा

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने विकसित भारत के लक्ष्य को हासिल करने के लिए देश की आर्थिक वृद्धि और विभिन्न क्षेत्रों में विकास की दर को तेज करने तथा केंद्र और राज्यों के बीच तालमेल बढ़ाने की जरूरत पर बल दिया है।

श्री मोदी ने राजधानी में नीति आयोग की संचालन परिषद की 10वीं बैठक की अध्यक्षता करते हुए कहा कि विकसित भारत अब देश के हर नागरिक की आकांक्षा बन गया है। उन्होंने कहा कि हमें विकास की गति बढ़ानी होगी। अगर केंद्र और सभी राज्य एक साथ आएं और टीम इंडिया की तरह मिलकर काम करें, तो कोई भी लक्ष्य असंभव नहीं है। उन्होंने कहा कि विकसित भारत अब हर नागरिक का लक्ष्य बन गया है। प्रधानमंत्री ने कहा कि जब प्रत्येक राज्य विकसित होगा, तो ही भारत विकसित होगा। यह देश के 140 करोड़ नागरिकों की आकांक्षा है। श्री मोदी ने अर्थव्यवस्था में महिलाओं की भूमिका बढ़ाए जाने पर बल देते हुए कहा कि हमें कार्यबल में महिलाओं को शामिल करने की दिशा में काम करना चाहिए। हमें ऐसे कानून, नीतियां बनानी चाहिए, जिससे उन्हें कार्यबल में सम्मानपूर्वक शामिल किया जा सके। प्रधानमंत्री ने कहा कि हमें इस तरह से -शेष पृष्ठ दो पर

**प्रधानमंत्री ने केंद्र और राज्यों के बीच तालमेल बढ़ाने की जरूरत पर दिया बल**



### ममता, विजयन और सिद्दारमैया बैठक में नहीं हुए शामिल

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी में नीति आयोग की बैठक में माइक्रोफोन विवाद के करीब एक साल बाद पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी शनिवार को नई दिल्ली में होने वाली बैठक में शामिल नहीं हुई, सूत्रों ने बताया कि केरल के मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन और कर्नाटक के सीएम सिद्दारमैया भी बैठक में शामिल नहीं होने का फैसला किया। प.बंगाल की मुख्यमंत्री के बैठक में शामिल न होने के फैसले के लिए हालांकि कोई स्पष्टीकरण नहीं दिया गया है।

### केंद्र सरकार कर रही पंजाब के साथ सौतेला व्यवहार :मान

**नई दिल्ली।** पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने केंद्र सरकार पर पंजाब के साथ सौतेला व्यवहार करने का आरोप लगाते हुए शनिवार को यहां कहा कि किसी राज्य के साथ इस तरह का पक्षपातपूर्ण तथा भेदभावपूर्ण व्यवहार अनुचित और अवांछनीय है। श्री मान ने यहां नीति आयोग की शासी परिषद की दसवीं बैठक में भाग लेते हुए राज्य से संबंधित महत्वपूर्ण मुद्दे उठाए और दोहराया कि पंजाब के पास किसी भी राज्य के लिए अतिरिक्त पानी नहीं है।

### लेफ्टिनेंट शशांक तिवारी ने साथी सैनिक को बचाने के लिए दिया सर्वोच्च बलिदान

**नई दिल्ली।** सेना के सिक्किम स्काउट्स के युवा अधिकारी लेफ्टिनेंट शशांक तिवारी ने साहस, नेतृत्व और अधिकारी तथा जवानों के बीच के अटूट बंधन का असाधारण प्रदर्शन करते हुए उत्तरी सिक्किम में एक 'ऑपरेशनल टास्क' के दौरान साथी सैनिक को बचाने के लिए सर्वोच्च बलिदान कर मिसाल पेश की है। तेईस वर्षीय लेफ्टिनेंट तिवारी को छह महीने से भी कम समय पहले पिछले वर्ष 14 दिसम्बर को कमीशन मिला था। वह दो दिन पहले 22 मई को सिक्किम में एक 'टैक्टिकल ऑपरेटिंग बेस' (टीओबी) की ओर महत्वपूर्ण पोस्ट की रूट ओपनिंग पैट्रोल का नेतृत्व कर रहे थे। सुबह लगभग 11 बजे उनके गश्ती दल के एक सदस्य अग्निवीर स्टीफन सुब्बा का 'लॉग ब्रिज' को पार करते समय पैर फिसल गया और वह तेज पहाड़ी धारा में बह गए। लेफ्टिनेंट तिवारी ने असाधारण सूझबूझ, निस्वार्थ नेतृत्व और अपनी टीम के प्रति अटूट प्रतिबद्धता का परिचय देते हुए बिना किसी हिचकिचाहट के अग्निवीर को बचाने के लिए खतरनाक धारा में छलांग लगा दी। एक अन्य सैनिक नायक पुकार कटेल भी तुरंत उनकी सहायता के लिए उनके पीछे चले गए। उन दोनों ने साथ मिलकर डूबते हुए अग्निवीर को बचा लिया। इसी दौरान दुर्भाग्य से लेफ्टिनेंट तिवारी तेज बहाव में बह गए। उनके गश्ती दल द्वारा अथक प्रयासों के बावजूद उन्हें बचाया नहीं जा सकता।

# आज से दो जून तक नौतपा

## राजस्थान में पारा 48 डिग्री, यूपी के 65 जिलों में बारिश का अलर्ट

**उप्र में 40 से 60 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से हवा चलने के आसार**

**नई दिल्ली।** देश में 25 मई (आज) से नौतपा शुरू हो रहा है, जो 2 जून तक समाप्त होगा। इस दौरान भयंकर गर्मी पड़ती है। कई राज्यों में तापमान 48 डिग्री तक जाने की संभावना है। 2024 में दिल्ली के मुंगेशपुर में नौतपा के दौरान तापमान 52.3 डिग्री तक पहुंच गया था, जो रिकॉर्ड है। मौसम विभाग ने शनिवार को देश के 28 राज्यों में आंधी-बारिश का अलर्ट जारी किया है।

इधर, पश्चिमी राजस्थान में गर्मी जारी है। 16 जिलों में 27 मई तक हीटवेव का रेड अलर्ट है। राज्य के जैसलमेर में शुक्रवार को सबसे ज्यादा 48 डिग्री सेल्सियस तापमान रहा था। मध्य प्रदेश के 4 जिलों में शनिवार सुबह से तेज आंधी चल रही है। 17 जिलों में बारिश की संभावना है। यूपी के 65 जिलों में बारिश और बिजली गिरने का अलर्ट है। इस दौरान 40 से 60 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से हवा चल सकती है। छत्तीसगढ़ में प्री-मानसून की एंट्री हो गई है। अगले 7 दिनों तक बारिश का येलो अलर्ट है। रायपुर-दुर्ग में सुबह से ही तेज बारिश हुई। बिहार के सभी 38 जिलों में बारिश की संभावना है। पंजाब के 12 जिलों में बारिश 4 जिलों में लू चल रही है। हरियाणा में 7 जिलों में लू चलने का येलो अलर्ट है।

### मानसून ने आठ दिन पहले ही केरल में दी दस्तक



**पुणे।** दक्षिण-पश्चिम मानसून ने अपने सामान्य आगमन से आठ दिन पहले ही शनिवार को केरल में दस्तक दे दी। इसके अगले दो दिनों में महाराष्ट्र पहुंच जाने के आसार हैं।

मौसम विज्ञान केन्द्र (आईएमडी) ने कहा है कि इससे पहले 2009 में केरल में 23 मई को मानसून आया था। उसके बाद इतना पहले राज्य में मानसून 15 साल बाद आया है। आईएमडी के आंकड़ों के अनुसार, पिछले साल इस दक्षिणी राज्य में 30 मई को, 2023 में आठ जून को, 2022 में 29 मई को, 2021 में तीन जून को, 2020 में एक जून को, 2019 में आठ जून को और 2018 में 29 मई को मानसून आया था। अगले दो-तीन दिनों में मानसून के कोंकण में पहुंचने का अनुमान है। कोंकण में इस समय मानसून आने से पहले होने वाली भारी बारिश हो रही है और मुंबई में मानसून के एक जून तक पहुंचने के आसार हैं। आमतौर पर, मानसून एक जून को केरल पहुंचता है, लेकिन इस साल यह एक सप्ताह पहले ही पहुंच गया है।

# पुंछ में पीड़ितों से मिले राहुल

**नई दिल्ली।** लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने शनिवार को कहा कि सीमा पार की गोलाबारी में जम्मू-कश्मीर में पुंछ क्षेत्र में लोगों को भारी संकट का सामना करना पड़ा है और उनके घरों की बर्बादी अत्यंत पीड़ादायक है इसलिए पीड़ितों को न्याय दिलाने के लिए राष्ट्रीय स्तर पर वह उनकी मांग उठाएंगे।

श्री गांधी ने कहा कि शनिवार को पुंछ में पाकिस्तान की गोलाबारी में जान गंवाने वाले लोगों के परिवारों से मिला। टूटे मकान, बिखरा सामान, नम आंखें और हर कोने में अपनों को खोने की दर्द भरी दास्तान, पुंछ क्षेत्र के ये देशभक्त परिवार हर बार जंग का सबसे बड़ा बोझ साहस और गरिमा के साथ उठाते हैं। उनके हौसले को सलाम है। उन्होंने कहा कि वह पीड़ित परिवारों के साथ मजबूती से खड़े हैं और उनकी मांगें और मुद्दे राष्ट्रीय स्तर पर ज़रूर उठाएंगे। कांग्रेस नेता ने पीड़ित परिवारों के सदस्यों के साथ उनके घरों का भी मुआयना किया, जिन्हें गोलाबारी में भारी नुकसान हुआ है।



**कहा: पुंछ के लोगों की पीड़ा, न्याय देने की मांग राष्ट्रीय स्तर पर उठाऊंगा**

# CJI-प्रोटोकॉल से जुड़ी याचिका खारिज

**चीफ जस्टिस ने कहा: यह सस्ती पब्लिसिटी**

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने एक वकील की जनहित याचिका (पीआईएल) को खारिज कर दिया, जिसमें महाराष्ट्र के सीनियर अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की गई थी।

याचिकाकर्ता का आरोप था कि इन अधिकारियों ने चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया (सीजेआई) बीआर गवई के पहले मुंबई दौरे के दौरान प्रोटोकॉल का उल्लंघन किया। मुख्य न्यायाधीश गवई और जस्टिस आगस्टीन जॉर्ज मसीह की बेंच ने इस याचिका को पब्लिसिटी इंटरेस्ट लिटिगेशन बताया और 7 साल के अनुभव वाले याचिकाकर्ता वकील शैलेंद्र मणि त्रिपाठी पर 7,000 का जुर्माना लगाया, जो उन्हें लीगल सर्विसेज अथॉरिटी में जमा करना होगा। सीजेआई ने याचिकाकर्ता से कहा कि आप अखबार में अपना नाम छपवाना चाहते हैं। सुनवाई के दौरान सीजेआई ने कहा कि ये बहुत छोटा मामला है, इसे इतना बड़ा नहीं बनाया जाना चाहिए।

### सुप्रीम कोर्ट में गर्मी की छुट्टियां, 13 जुलाई तक 'आंशिक कार्य दिवस'



**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय में सोमवार से गर्मी की छुट्टियां शुरू हो रही हैं। इस अवधि को संभवत: पहली बार 'आंशिक कार्य दिवस' नाम दिया गया और इस दौरान भी पहले की ही तरह यहां आंशिक कामकाज होंगे। शीर्ष अदालत की एक अधिसूचना के अनुसार 26 मई से 13 जुलाई 2025 तक 'आंशिक कार्य दिवस' रहेगा और 14 जुलाई 2025 से शीर्ष अदालत में फिर से नियमित कामकाज शुरू हो जाएगा। इस 'आंशिक कार्य दिवस' में 21 पीठ विभिन्न मामलों की सुनवाई करेगी। मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई ने मामलों की सुनवाई के लिए उन पीठों को नामित किया है। अधिसूचना में कहा गया है कि 26 मई से एक जून के दौरान पांच पीठ विभिन्न मामलों की सुनवाई करेगी।

# बैंक धोखाधड़ी के मामलों में वांछित चंडोक भारत लाया गया

**नई दिल्ली।** केन्द्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) को बैंक धोखाधड़ी के मामलों में लंबे समय से वांछित भगोड़े आरोपी अंगद सिंह चंडोक को प्रत्यर्पित कर भारत लाने में बड़ी सफलता मिली है।

सीबीआई की एक टीम चंडोक को अमेरिका से लेकर शनिवार को यहां पहुंची। चंडोक अभी सीबीआई की हिरासत में है और अब उसे अदालत में पेश किया जाएगा। बैंकों में धोखाधड़ी और लोगों के साथ ठगी के आरोपी चंडोक ने यहां से भागकर अमेरिका में शरण ली थी। रिपोर्टों के अनुसार चंडोक ने अमेरिका में भी अंतर्राष्ट्रीय ऑनलाइन ठगी गिरोह के साथ मिलकर अमेरिकी नागरिकों के साथ ठगी की। उस पर फर्जी कंपनियों के माध्यम से विदेशों में अवैध तरीके से भेजने के भी आरोप हैं। अमेरिकी जांच एजेंसियों ने उसके खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया था और जांच के बाद वहां की अदालत ने उसे छह वर्ष की सजा सुनाई थी। सीबीआई चंडोक को भारत लाने के लिए काफी समय से अमेरिकी एजेन्सियों के साथ तालमेल कर रही थी। आखिरकार सीबीआई को इसमें सफलता मिली है। चंडोक के प्रत्यर्पण से साइबर अपराध के कुछ मामलों में भी सुराग मिलने की संभावना है।

**सीबीआई को मिली बड़ी सफलता**

# परमाणु ब्लैकमेल बर्दाश्त नहीं करेगा भारत

## भारतीय प्रतिनिधिमंडल ने रूसी नेतृत्व के सामने रखा देश का पक्ष

मास्को, वार्ता

**रूस की यात्रा** पर गए द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) सांसद कनिमोझी के नेतृत्व में भारतीय सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल ने रूसी नेतृत्व के समक्ष आतंकवाद कतई बर्दाश्त नहीं करने की भारत की नीति दोहराई है और इस बात पर जोर दिया है कि भारत किसी भी परमाणु ब्लैकमेल को बर्दाश्त नहीं करेगा।

मास्को में अपनी बैठकों के दौरान, दोनों पक्षों ने आतंकवाद विरोधी उपायों को मजबूत करने और सभी रूपों और अभिव्यक्तियों में आतंकवाद को खत्म करने की आवश्यकता पर सहमति व्यक्त की। मास्को में भारतीय प्रतिनिधिमंडल ने रूसी संसद के दोनों सदनों के अलावा थिंक टैंकों सहित कई बैठकें कीं। भारतीय प्रतिनिधिमंडल की यह यात्रा वैश्विक आतंकवाद विरोधी ढांचे को मजबूत करने और बहुध्रुवीय अंतर्राष्ट्रीय व्यवस्था के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को मजबूत करने के भारत के लंबे समय से चले आ रहे प्रयास को गति प्रदान करने के उद्देश्य से हो रही है। प्रतिनिधिमंडल ने फेडरेशन काउंसिल की अंतर्राष्ट्रीय मामलों की समिति के प्रथम उपाध्यक्ष एंड्री डेनिसोव और अन्य सीनेटरों के साथ बातचीत की। बातचीत आतंकवाद के खिलाफ वैश्विक लड़ाई में कानूनी स्तर पर एकमत कायम करने पर केंद्रित थी। भारतीय पक्ष ने आतंकवाद के खिलाफ देश की लड़ाई में प्रतिक्रिया के रूप में ऑपरेशन सिंदूर की ओर ध्यान आकर्षित किया। बाद में, भारतीय प्रतिनिधिमंडल ने स्टेट ड्यूमा की अंतर्राष्ट्रीय मामलों की समिति के अध्यक्ष लियोनिद स्लटस्की के साथ बैठक की और स्टेट ड्यूमा के सदस्यों के साथ बातचीत की।



### बहुदलीय प्रतिनिधिमंडल ने अबू धाबी में किए मंदिर में दर्शन

**अबू धाबी/अहमदाबाद।** पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवाद पर भारत का पक्ष बताने के लिए यूएई गए प्रतिनिधिमंडल ने अबू धाबी में विश्वप्रसिद्ध स्वामीनारायण मंदिर में दर्शन किए। बोचासनवासी श्री अक्षर पुरुषोत्तम स्वामीनारायण संस्था ने बताया कि मंदिर की अद्वितीय सुंदरता, पवित्रता व आध्यात्मिकता से समूचा प्रतिनिधि मंडल बहुत प्रभावित हुआ और मंदिर के वैश्विक सौहार्द के संदेश ने सभी को छू लिया। इस प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व शिवसेना सांसद श्रीकांत एकनाथ शिंदे कर रहे हैं। इसके अन्य सदस्यों में भाजपा सांसद बांसुरी स्वराज, मनन कुमार मिश्रा और एसएस अहलूवालिया सांसद सस्मित पात्रा, सांसद ईटी मोहम्मद बशीर और राजदूत सुजन चिनॉय शामिल हैं।



## संक्षिप्त समाचार

### बिजली कटौती पर झांसी के चीफ इंजीनियर को हटाया

**लखनऊ।** यूपी में बिजली कटौती और कर्मचारियों के आंदोलन को देखते हुए ऊर्जा मंत्री एके शर्मा शनिवार को शक्ति भवन में समीक्षा बैठक के दौरान बुंदेलखंड में बिजली कटौती पर भड़क गए और तत्काल झांसी के चीफ इंजीनियर को हटाने का आदेश दिया। उन्होंने कहा कि बिजली आपूर्ति में लापरवाही बरतने वाले कर्मचारी कार्रवाई के लिए तैयार रहें। ऊर्जा मंत्री ने कहा कि बीते 21 व 22 मई को प्रदेश के विभिन्न जिलों में आंधी-तूफान के कारण बाधित हुई बिजली आपूर्ति को दुरुस्त करने के लिए सभी डिस्कॉम के एमडी और डायरेक्टर टेक्निकल को प्रभावित क्षेत्रों में खुद जाकर निरीक्षण करें और आपूर्ति को सही कराएं। सभी कांटिजेंसी प्लान बनाकर बिजली आपूर्ति में आ रही समस्या को दूर करें। ऊर्जा मंत्री ने कहा कि बिजली से संबंधित शिकायतों को जल्द से जल्द दूर करने के लिए सभी डिस्कॉम, जोन और जिले स्तर पर 24 घंटे संचालित होने वाले कंट्रोल रूम को स्थापित करें।

### सपा सांसद बर्क को देना होगा 1.91 करोड़ जुर्माना

**संभल।** समाजवादी पार्टी के संभल से सांसद जिया उर रहमान बर्क पर बिजली विभाग ने 1.91 करोड़ का जुर्माना लगाया है और अब उन पर कोई विकल्प नहीं बचा है। ये जुर्माना सांसद के घर बिजली चोरी की जांच के बाद लगाया गया था। सांसद पर जुर्माने को लेकर संभल चर्चाएं जोरों पर हैं। बिजली विभाग संभल के अधिशासी अभियंता नवीन गौतम ने बताया कि संभल के सांसद जिया उर रहमान बर्क को अंतिम नोटिस भेजा गया है। अब उनके पास इसे भरने या अदालत का दरवाजा खटखटाने का विकल्प है। सांसद जिया उर रहमान को ये बिजली विभाग का नोटिस तब भेजा है, जब वो पहले से कई मामलों में फंसे हुए हैं। बिजली विभाग के मुताबिक पिछले साल 19 दिसम्बर को सांसद बर्क के आवास पर छापा मारा गया था। इस दौरान बिजली टीम को सांसद के आवास पर दो किलोवाट के दो कनेक्शन मिले, एक जिया उर रहमान के नाम और दूसरा उनके दादा पूर्व सांसद डा. शाफिकुर्रहमान बर्क के नाम, जबकि दोनों मीटर में खपत शून्य थी, जिसके बाद बिजली चोरी के शक में जांच हुई, तो उसमें चोरी पकड़ी गई।

### पाकिस्तान जिंदाबाद का नारा, पहुंचे जेल

**बरेली।** यूपी के बरेली जिले में सोशल मीडिया पर देश विरोधी पोस्ट शेयर करने के मामले में पुलिस ने दो युवकों को गिरफ्तार किया है। इन युवकों ने इंस्टाग्राम पर पाकिस्तान जिंदाबाद और भड़काऊ पोस्ट और धमकी भरे वीडियो अपलोड किए थे। ये मामला तब सामने आया, जब इंस्टाग्राम पर वायरल हुए दो पोस्ट से पूरे इलाके में तनाव का माहौल बना दिया। पुलिस ने दोनों युवकों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के सामने दोनों हाथ जोड़ते और मांफी मांगते दिखे। पहले युवक ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर पाकिस्तान जिंदाबाद जैसी देश विरोधी टिप्पणी पोस्ट की थी। दूसरे युवक ने एक वीडियो अपलोड किया, जिसमें वह धारदार हथियार लहराते हुए नजर आ रहा है और जुबान काटने की धमकी दी थी।

## युवाओं का भविष्य हो रहा बर्बाद, यूपी सरकार बनाए नया कानून

# ऑनलाइन सट्टेबाजी, गेमिंग पर हाईकोर्ट नाराज

प्रयागराज, वार्ता



■ अब सार्वजनिक जुआ अधिनियम 1867 प्रासंगिक नहीं

■ उच्चाधिकार प्राप्त समिति का गठन करें

**ऑनलाइन** गेमिंग, सट्टेबाजी जैसे वर्चुअली अपराधों पर इलाहाबाद हाईकोर्ट ने चिंता जताई है। हाईकोर्ट ने एक महत्वपूर्ण आदेश में कहा है कि ऑनलाइन गेमिंग, सट्टेबाजी जैसे वर्चुअली अपराधों को रोकने के लिए तत्काल प्रभावी कानून बनाए जाने की आवश्यकता है, क्योंकि, अब सार्वजनिक जुआ अधिनियम 1867 प्रासंगिक नहीं है।

यह आदेश न्यायमूर्ति विनोद दिवाकर ने आगरा के इमरान खान व अन्य की याचिका को स्वीकार करते हुए दिया है। कोर्ट ने इसकी विधायी व्यवस्था के लिए राज्य सरकार को आर्थिक सलाहकार प्रो. केवी राजू की अध्यक्षता में उच्चाधिकार प्राप्त समिति का गठन करने और उस समिति में प्रमुख सचिव, राज्य कर के साथ विशेषज्ञों को भी शामिल करने का निर्देश दिया है। यह समिति वर्तमान स्थिति का आकलन करते हुए एक विधायी व्यवस्था बनाएगी। कोर्ट ने कहा कि ऑनलाइन गेमिंग, सट्टेबाजी जैसे वर्चुअली अपराधों पर लगाम के लिए फिलहाल कोई प्रभावी कानून नहीं है। सार्वजनिक जुआ अधिनियम 1867 औपनिवेशिक युग का कानून था, जो आज के दौर में प्रासंगिक नहीं रह गया है। वर्चुअली सट्टेबाजी या जुआ अब राज्य और राष्ट्र की सीमा से परे जा चुका है। सर्वर सिस्टम दुनिया की दूसरी सीमाओं में हैं, जिस पर कोई नियंत्रण नहीं है।

देश के किशोर और युवा आसानी से पैसे कमाने के चक्कर में इसकी चपेट में आ रहे हैं। इससे उनमें अवसाद, चिंता, अनिंद्रा के साथ सामाजिक विघटन की स्थिति बढ़ रही है। निम्न और मध्यम वर्ग ऑनलाइन गेम उपलब्ध कराने वाले प्लेटफार्म के झांसे में आकर आर्थिक नुकसान उठा रहे हैं। कोर्ट ने इन चुनौतियों से निपटने के लिए रजिस्ट्रार को आदेश की प्रति प्रदेश शासन के मुख्य सचिव को उपलब्ध कराने का निर्देश दिया है, ताकि कि इसका अनुपालन हो सके। बता दें कि याचियों के खिलाफ आगरा के मंटोला थाने में सार्वजनिक जुआ अधिनियम के तहत तीन साल पहले प्राथमिकी दर्ज हुई थी। 27 दिसंबर 2022 को आरोप पत्र दाखिल होने के बाद न्यायिक मजिस्ट्रेट ने याचियों को नोटिस जारी किया था। याचियों की ओर से याचिका दाखिल कर आपराधिक कार्रवाई को रद करने की मांग की गई थी। कोर्ट ने सुनवाई के दौरान पाया कि ऑनलाइन सट्टेबाजी और जुआ खेलने वालों के खिलाफ कोई प्रभावी कानून नहीं है। सार्वजनिक जुआ अधिनियम के तहत अधिकतम दो हजार जुर्माना और 12 महीने तक की कैद का प्रावधान है. लेकिन, फैंटेसी स्पोर्ट्स, पोकर और ई-स्पोर्ट्स जैसे ऑनलाइन गेम्स को लेकर कानून अस्पष्ट है। बड़ी संख्या में युवा इसकी जद में आकर नुकसान उठा रहे हैं। भारत में ब्रिटिश सरकार द्वारा जुआ गतिविधियों को विनियमित करने और सार्वजनिक जुआ घरों को दबाने के लिए लागू किया गया औपनिवेशिक युग का कानून है। वर्ष 1867 में यह पर्याप्त था, लेकिन आज नगण्य है। यूके, अमेरिका सहित दुनिया के कई विकसित देशों ने प्रावधान बनाए हैं।

### श्रीकृष्ण जन्मभूमि मामले में अगली सुनवाई चार जुलाई को

**प्रयागराज।** इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने श्रीकृष्ण जन्मभूमि और शाही ईदगाह विवाद मामले में दोनो पक्षों की दलीलों को सुनने के बाद सुनवाई की अगली तारीख चार जुलाई निर्धारित की है। श्री कृष्ण जन्मभूमि मंदिर का केस लड़ रहे दिनेश फलाहारी ने बताया कि मुगल शासक औरंगजेब द्वारा श्री कृष्ण जन्मस्थान पर किए गए अवैध कब्जे को हटाने के लिए इलाहाबाद उच्च न्यायालय में सुनवाई हुई। न्यायमूर्ति राम मनोहर नारायण मिश्र की एकल बेंच ने दोनो पक्षों को सुनने के बाद सुनवाई की अगली तिथि चार जुलाई निश्चित की है।

### बिना दिमाग लगाए आदेश देने वाले अफसर को ट्रेनिंग कराए वित्त मंत्रालयः उच्च न्यायालय

**लखनऊ।** इलाहाबाद उच्च न्यायालय की लखनऊ पीठ ने ऋण वसूली अधिकरण( डीआरटी) लखनऊ से मामलों में बिना दिमाग लगाए समान आदेश पारित किए जाने का सख्त संज्ञान लिया है। न्यायालय ने केंद्रीय वित्त मंत्रालय को निर्देश दिया कि डीआरटी के ऐसे अफसर की ट्रेनिग कराने पर गौर करे जिससे डीआरटी का कार्य सुचारू रूप से चल सके। इसके लिए कोर्ट ने केंद्रीय वित्त मंत्रालय को इस आदेश की कॉपी भेजने का भी निर्देश दिया है। न्यायाधीश पंकज भाटिया की एकल पीठ ने यह आदेश विमला कश्यप समेत तीन याचियों की याचिका पर दिया। इसमें डीआरटी के इसी दो मई उस आदेश को चुनौती दी गई थी, जिसके तहत याचियों को अंतरिम राहत देने की अर्जी खारिज कर दी गई थी। याचियों के अधिवक्ता का कहना था कि यद्यपि, अर्जी में अंतरिम राहत देने की वजहें बताई गाएं थी, इसके बावजूद इन्हें गलत तरीके से दर्ज करके डीआरटी ने अर्जी खारिज करने का अप्रत्याशित आदेश पारित कर दिया।

## भ्रष्टाचार के आरोपी दरोगा की बर्खास्तगी रद्द

प्रयागराज, वार्ता

■ नोएडा में तैनात थे दरोगा प्रदीप कुमार गौतम हाईकोर्ट ने दी राहत

इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने कहा है कि उत्तर प्रदेश अधीनस्थ श्रेणी के पुलिस अधिकारियों की (दण्ड एवं अपील) नियमावली 1991 के नियम- 8 (2) (बी) के प्राविधानों के अन्तर्गत पर्याप्त साक्ष्य होने पर भी बगैर विभागीय कार्यवाही के बर्खास्तगी करना अवैध है।

कोर्ट ने कहा कि ऐसा करना नियम तथा कानून के विरुद्ध है। यह आदेश न्यायमूर्ति अजित कुमार ने वरिष्ठ अधिवक्ता विजय गौतम एवं अतिप्रिया गौतम की बहस सुनकर पारित किया है। मामले के अनुसार दरोगा प्रदीप कुमार गौतम, चौकी इंचार्ज, गोलचक्कर, थाना फेस-1, नोएडा, गौतमबुद्धनगर में उपनिरीक्षक के पद पर कार्यरत था। याची पर यह आरोप है कि सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हो रहा था, जिसके अवलोकन से पाया गया कि वायरल वीडियो में एक व्यक्ति अपनी जेब में हाथ डालता है और पास में खड़े उपनिरीक्षक प्रदीप कुमार गौतम चौकी प्रभारी गोलचक्कर, थाना फेस-1, नोएडा को कुछ रुपये पकड़ाता है। आरोप लगाया गया है कि उक्त व्यक्ति के द्वारा चौकी प्रभारी को रिश्वत दी जा रही है। दरोगा का यह कृत्य उत्तर प्रदेश सरकारी सेवक आचरण नियमावली के प्रतिकूल है, जिससे पुलिस विभाग की छवि धूमिल हुई है। वीडियो के अवलोकन से प्रथम दृष्टया अपराध कारित होना पाए जाने के फलस्वरूप उक्त प्रकरण में दिनांक 05 अप्रैल 2005 को दरोगा के विरुद्ध थाना फेस-1, नोएडा में धारा 7/13 भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत अभियोग पंजीकृत कराया गया। याची के ऊपर यह भी आरोप था कि वायरल वीडियो के अवलोकन से याची द्वारा घूस लेना स्वतः स्पष्ट हो रहा है एवं दरोगा के विरुद्ध पंजीकृत आपराधिक अभियोग गम्भीर अपराध की श्रेणी में आता है। अभियोग की विवेचना प्रचलित है तथा दरोगा प्रदीप कुमार गौतम द्वारा कर्तव्य पालन में घोर लापरवाही बरतते हुए गैर जिम्मेदारीपूर्ण, स्वेच्छाचारिता एवं अनुशासनहीनता के साथ-साथ पुलिस जैसे अनुशासित विभाग की छवि को धूमिल की गई है। पुलिस कर्मी की बर्खास्तगी बगैर विभागीय कार्यवाही के अवैध है। पर्याप्त साक्ष्य के आधार होंने पर भी बगैर स्पष्ट कारण बताए कि क्यों विभागीय कार्रवाई नहीं की जा सकती, बर्खास्त करना नियम एवं कानून के विरुद्ध है।

## नीति आयोग की बैठक ध्यान भटकाने का प्रयास

### सामाजिक ताना-बाना टूट रहा हो, तो विकसित भारत कैसे बनेगा

नई दिल्ली, वार्ता



■ कांग्रेस संचार विभाग के प्रभारी जयराम रमेश ने लगाया आरोप संपत्ति गिने चुने लोगों के हाथ में सिमट रही

कांग्रेस ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में शनिवार को नीति आयोग की शासी परिषद की विकसित भारत लक्ष्य प्रगति को लेकर हो रही बैठक तब औचित्यहीन हो जाती है, जब खुद सरकार सामाजिक ताना-बाना तोड़ने और संवैधानिक संस्थाओं को बर्बाद करने में लगी हो।

पार्टी ने बैठक को ध्यान भटकाने का एक और प्रयास बताया है। कांग्रेस ने नीति आयोग को अब तक की सबसे अयोग्य बॉडी बताया और कहा कि आज हो रही विकसित भारत लक्ष्य समीक्षा प्रगति बैठक भी एक बार फिर सरकार की पाखंड करने और ध्यान भटकाने की कोशिश ही है। कांग्रेस संचार विभाग के प्रभारी जयराम रमेश ने यहां जारी एक बयान में कहा शासी परिषद की बैठक हो रही है। कहा गया है कि इसमें तथाकथित 'विकसित भारत' लक्ष्य की प्रगति की समीक्षा की जाएगी। जब सत्ता में बैठे लोग अपने ही शब्दों और कर्मो से सामाजिक सौहार्द के ताने-बाने को तोड़ने में लगे हों तो कैसा विकसित भारत होगा। उन्होंने भाजपा सरकार को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि जब संसद, न्यायपालिका, विश्वविद्यालयों, मीडिया और संवैधानिक संस्थाओं की स्वायत्तता को सत्ता की सुविधा के अनुसार कुचला जा रहा हो तो कैसा विकसित भारत होगा। भारत जिन मूल्यों और आदर्शों के लिए जाना जाता रहा है, उन पर अंतर्राष्ट्रीय मंचों के सामने ही योजनाबद्ध हमला किया जा रहा हो तो कैसा विकसित भारत होगा। जब देश की आर्थिक विषमता लगातार बढ़ रही हो और संपत्ति कुछ गिने-चुने लोगों के हाथों में सिमटती जा रही हो तो यह कैसा विकसित भारत होगा। श्री रमेश ने कहा कि अगर भारत की शानदार विविधताओं का जानबूझकर अपमान किया जाए और उन्हें मिटाया जाए तो कैसा विकसित भारत होगा। ए कैसा विकसित भारत हैं जहां केवल अभिव्यक्ति की आजादी ही नहीं, बल्कि अभिव्यक्ति के बाद की स्वतंत्रता भी खतरे में है।

### सपा समाप्त, राहुल बने पाक के प्रवक्ता

**वाराणसी।** यूपी में विधानसभा चुनाव 2027 में हैं, लेकिन राजनेताओं की बयानबाजी अभी से ही तेज हो गई है। पिछले दिनों डिप्टी सीएम बृजेश पाठक और सपा के सोशल मीडिया पर उपजा विवाद थमा भी नहीं कि शनिवार को सरकार में डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने समाजवादी पार्टी को फिर से समाप्तवादी पार्टी कहा और कहा कि 2027 का चुनाव अखिलेश यादव के लिए मुंगेरी लाल के हसीन सपने की तरह है। वे वाराणसी में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे, उन्होंने राहुल गांधी को पाक का प्रवक्ता बता दिया। वाराणसी पहुंचे डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने राहुल गांधी के विदेश नीति पर सवाल उठाने पर कहा कि राहुल गांधी पाकिस्तान के प्रवक्ता से भी ज्यादा बोलते हैं। कांग्रेस भारत की सेना को कमजोर साबित करना चाह रही है।

## योगी की सौगात, यूनिफॉर्म को 487 करोड़

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ अभिभावकों के खाते में 26 मई को पहुंच जाएगी धनराशि

**लखनऊ।** यूपी की योगी सरकार ने प्रदेश के करोड़ों बच्चों के लिए एक और राहत भरी घोषणा की है। राज्य सरकार ने कक्षा 1 से 8 तक के बच्चों को यूनिफॉर्म के लिए 487 करोड़ रुपये की बड़ी राशि जारी करने की मंजूरी दे दी है। सूत्रों के अनुसार सीएम योगी आदित्यनाथ 26 मई को लोक भवन में आयोजित एक विशेष कार्यक्रम में इस योजना के तहत बच्चों के अभिभावकों के बैंक खातों में सीधे पैसे भेजेंगे।

इस योजना का लाभ प्रदेश के सभी सरकारी, सहायता प्राप्त और राजकीय विद्यालयों में पढ़ने वाले छात्रों को मिलेगा। यूनिफॉर्म के लिए यह धनराशि डीबीटी के माध्यम से सीधे छात्रों या उनके अभिभावकों के खातों में भेजी जाएगी, ताकि कोई बिचौलिया न हो और पैसा सीधे जरूरतमंद तक पहुंचे। सरकार की इस योजना के अंतर्गत सिर्फ यूनिफॉर्म ही नहीं, बल्कि स्कूल बैग, जूते-मोजे और स्वेटर आदि की भी व्यवस्था की जाती है। हर साल शिक्षा विभाग छात्रों को इन वस्तुओं की खरीद के लिए राशि उनके बैंक खातों में भेजता है।

पिछले वर्षों में भी इसी तरह डीबीटी के माध्यम से करोड़ों बच्चों को लाभ दिया जा चुका है। यह पूरी प्रक्रिया बेसिक शिक्षा विभाग की निगरानी में होगी। विभाग ने पहले ही सभी जिलों को आवश्यक निर्देश जारी कर दिए हैं कि पात्र छात्रों की सूची तैयार की जाए और उनके बैंक खातों को आधार से जोड़ा जाए, ताकि ट्रांसफर में कोई दिक्कत न आए। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का कहना है कि उनकी सरकार की प्राथमिकता है कि कोई भी बच्चा स्कूल से वंचित न रह जाए। इसके लिए सरकार बच्चों की पढ़ाई से जुड़ी हर बुनियादी जरूरत को पूरा करने के लिए कृतसंकल्प है। यही कारण है कि यूनिफॉर्म, बैग और मिड-डे मील जैसी योजनाओं को और बेहतर बनाया जा रहा है। उत्तर प्रदेश सरकार हर साल छात्रों को यूनिफॉर्म के लिए 1200 रुपये की राशि देती है, जिसमें दो यूनिफॉर्म, एक बैग, एक जोड़ी जूते, दो जोड़ी मोजे और एक स्वेटर शामिल होता है। इससे पहले वर्ष 2023 में भी लगभग इसी तर्ज पर 1.91 करोड़ बच्चों को लाभ पहुंचाया गया था। योगी सरकार की यह पहल गरीब और मध्यम वर्गीय परिवारों के बच्चों की शिक्षा को प्रोत्साहित करने की दिशा में एक बड़ा कदम है।

## भाजपा का गुजरात मॉडल-भ्रष्टाचार का साबितः सिसोदिया

नई दिल्ली, वार्ता



■ आप की सरकार ने अपने ही विधायक के खिलाफ कार्रवाई में कोताही नहीं बरती

आम आदमी पार्टी ने कहा है कि भारतीय जनता पार्टी जिस गुजरात मॉडल का देश भर में ढोल पीटती है, दरअसल वह भ्रष्टाचार का मॉडल है, जिसमें भाजपा के नेता और मंत्री करोड़ों रुपये का भ्रष्टाचार कर लेते हैं, लेकिन उनके खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं होती है।

ऐसे ही गुजरात में हुए एक कथित महाघोटाले पर आप के वरिष्ठ नेता और पंजाब के प्रभारी मनीष सिसोदिया ने भाजपा पर तीखा हमला बोला और कहा कि भाजपा सरकार के पंचायती राज मंत्री के पुत्रों ने कंपनियां बना कर दाहोद में मनरेगा का काम लिया, लेकिन काम नहीं किया और 71 करोड़ रुपये हड़प लिए। अब वे पुलिस की गिरफ्त में हैं, लेकिन भाजपा ने अपने मंत्री का न इस्तीफा लिया और न कोई कार्रवाई की। आप संयोजक अरविंद केजरीवाल के मार्गदर्शन में पंजाब की 'आप' सरकार ने भ्रष्टाचार की जानकारी होते ही अपने विधायक को गिरफ्तार करा दिया। आप के वरिष्ठ नेता मनीष सिसोदिया ने शनिवार को कहा कि पंजाब में शुक्रवार को जब 'आप' के एक विधायक ने भ्रष्टाचार किया, तो भगवंत मान की सरकार ने तत्काल कार्रवाई की। आप की सरकार ने अपने ही विधायक के खिलाफ कार्रवाई में कोई कोताही नहीं बरती। यही केजरीवाल की राजनीति है और यही भगवंत मान सरकार का मंत्र रहा है। सिसोदिया ने कहा कि भाजपा वाले अपने गुजरात मॉडल की बहुत बात करते हैं, लेकिन सच तो यह है कि गुजरात मॉडल भ्रष्टाचार का मॉडल है। यह खुलासा हो रहा है कि गुजरात के दाहोद में मनरेगा में भ्रष्टाचार का मामला सामने आया है। मीडिया में भी यह थोड़ा-बहुत चर्चा में आया कि गुजरात के पंचायती राज मंत्री बच्चूभाई खाबड़ के पुत्रों ने अपने ही पिता के विभाग के पैसे उड़ा दिए। दाहोद में 71 करोड़ रुपये का मनरेगा घोटाला हुआ है। भाजपा की सरकार इसमें मंत्री के खिलाफ कोई कार्रवाई ही नहीं कर रही है। उन्होंने कहा कि यदि पूरे गुजरात के सभी तालुकाओं में इसकी जांच करा ली जाए, तो यह घोटाला कितने हजार करोड़ रुपये का होगा, इसका अंदाजा लगाना मुश्किल है।

आप नेता ने कहा कि जब मंत्री खुद अपनी कुर्सी पर बने हुए हैं और उनके पुत्र उनके ही विभाग में भ्रष्टाचार के आरोप में गुजरात पुलिस की गिरफ्त में हैं, तो मंत्री का इस्तीफा क्यों नहीं लिया जा रहा? भाजपा अपने मंत्री से इस्तीफा क्यों नहीं ले रही? इसके पीछे क्या वजह है? सिसोदिया ने कहा कि एक तरफ पंजाब का मॉडल है, जहां अपनी ही पार्टी के विधायक तक को नहीं छोड़ा जाता और दूसरी तरफ गुजरात का मॉडल है, जहां अपनी पार्टी के मंत्री के पुत्रों ने खुल्लम-खुल्ला भ्रष्टाचार किया। उन्हें गिरफ्तार भी किया जा रहा है, लेकिन मंत्री पर कोई कार्रवाई नहीं हो रही। कौन उन्हें बचा रहा है? यह गुजरात भी जानना चाहता है और देश भी जानना चाहता है।

## मांग कमजोर रहने से जिंसों में रहा टिकाव

नई दिल्ली, वार्ता



चना, दाल चना, मसूर दाल, मूंग दाल, उड़द दाल और अरहर दाल में कोई बदलाव नहीं हुआ

स्थानीय स्तर पर मांग कमजोर रहने से आज दिल्ली थोक जिंस बाजार में खाद्य तेल समेत सभी जिंसों के भाव स्थिर रहे। इस दौरान घरेलू बाजार में खाद्य तेलों में टिकाव रहा। सरसों तेल, मूंगफली तेल, सूरजमुखी तेल, सोया रिफाइंड, पाम ऑयल और वनस्पति तेल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ और पिछले स्तर पर पड़े रहे। गुड़-चीनी : मीठे के बाजार में स्थिरता रही।

इस दौरान चीनी और गुड़ के भाव पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर टीके रहे। दाल-दलहन : दाल-दलहन के बाजार में टिकाव रहा। इस दौरान चना, दाल चना, मसूर दाल, मूंग दाल, उड़द दाल और अरहर दाल में कोई बदलाव नहीं हुआ। अनाज : अनाज मंडी में भाव स्थिर रहे। इस दौरान गेहूं और चावल के दाम पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर पड़े रहे। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के थोक दाम इस प्रकार रहे :- दाल-दलहन : चना 6100-6200, दाल चना 7100-7200, मसूर काली 7650-7750, मूंग दाल 9850-9950, उड़द दाल 9250-9350, अरहर दाल 8600-8700 रुपये प्रति क्विंटल रहे। अनाज : (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2950-3050 रुपये और चावल 3600-3700 रुपये प्रति क्विंटल रहा। चीनी-गुड़ : चीनी एस. 4280-4380, चीनी एम. 4500-4600, मिल डिलीवरी 3620-3720 और गुड़ 4400-4500 रुपये प्रति क्विंटल बोले गए। खाद्य तेल : सरसों तेल 15385 रुपये, मूंगफली तेल 17802 रुपये, सूरजमुखी तेल 16703 रुपये, सोया रिफाइंड 14652 रुपये, पाम ऑयल 14066 रुपये और वनस्पति तेल 15677 रुपये प्रति क्विंटल पर रहा है।

## कांग्रेस बोलती है पाकिस्तान की भाषाः पूनावाला

**नई दिल्ली।** बीजेपी नेता शहजाद पूनावाला का कहना है कि कांग्रेस नेता राहुल गाधी ने पहलगाम में हुई आतंकी घटना को एक त्रासदी यानी ट्रेजेडी बता रहे हैं, उन्होंने कहा कि राहुल का इस तरह की बातें करना कोई हैरानी की बात नहीं है। कांग्रेस ने हमेशा पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवाद की लीपापोती की है और पाक को क्लीन चिट दी है। कांग्रेस नेता और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी शनिवार को जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले पहुंचे। इस दौरान उन्होंने पाकिस्तान सेना की ओर से सीमा पार से की गई गोलीबारी के पीड़ितों से मुलाकात की और उनका हालचाल जाना। इस बीच बीजेपी ने राहुल गांधी और कांग्रेस पर निशाना साधते हुए दोनों पर पाकिस्तान की भाषा बोलने का आरोप लगाया है।

### प्रथम पृष्ठ का शेष...

**हमें टीम...** काम करना चाहिए कि लागू की गई नीतियां आम नागरिकों के जीवन में बदलाव लाएं। जब लोग बदलाव महसूस करते हैं, तभी यह बदलाव को मजबूत करता है और बदलाव को एक आंदोलन में बदल देता है। उन्होंने कहा कि एक टीम के रूप में हमारे पास 140 करोड़ लोगों की आकांक्षाओं को पूरा करने का एक शानदार अवसर है। हमें इस लक्ष्य पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए कि 2047 तक भारत को विकसित बनाना। हमारा लक्ष्य होना चाहिए कि हर राज्य विकसित हो, हर शहर विकसित हो, हर नगर पालिका विकसित हो और हर गांव विकसित हो। उन्होंने कहा कि अगर हम इन सभी दिशाओं में मिल कर काम करेंगे, तो हमें विकसित भारत बनने के लिए 2047 तक इंतजार नहीं करना पड़ेगा। उन्होंने पर्यटन क्षेत्र के विकास के लाभ को भी रेखांकित किया और एक राज्यः एक वैश्विक गंतव्य का नारा दिया। उन्होंने कहा कि राज्यों को वैश्विक मानकों के अनुरूप और सभी सुविधाएं और बुनियादी ढांचा प्रदान करके हर राज्य में कम से कम एक पर्यटन स्थल विकसित करना चाहिए। उन्होंने कहा कि इस रणनीति से पर्यटन स्थल के आस पास के शहरों का पर्यटन स्थल के रूप में विकास भी होगा। उन्होंने कहा कि भारत में तेजी से शहरीकरण हो रहा है। हमें भविष्य के लिए तैयार शहरों की दिशा में काम करना चाहिए। विकास, नवाचार और स्थिरता हमारे शहरों के विकास का इंजन होना चाहिए। नीति आयोग के अनुसार आज की बैठक का मुख्य विषय है- 'विकसित भारत के लिए विकसित राज्य एट2047।' राजधानी के भारत मंडपम में आयोजित इस बैठक में भारत को 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने के लिए राज्यों के विकास पर विशेष चर्चा हो रही है। आयोग का मानना है कि राज्यों को मानव विकास, आर्थिक विकास, स्थिरता, प्रौद्योगिकी और शासन सुधारों पर ध्यान केंद्रित करते हुए अपने अद्वितीय भौगोलिक और जनसांख्यिकीय लाभों का लाभ उठाना चाहिए। बैठक में राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्यमंत्री और उप राज्यपाल, केंद्रीय मंत्री और नीति आयोग के उपाध्यक्ष, सदस्य और मुख्य अधिशासी अधिकारी (सीईओ) शामिल रहे।

## गंगा दशहरा उत्सव पर होगी रामलला मंदिर परिसर के मंदिरों में प्राण प्रतिष्ठा

■ तीन जून से पांच जून तक तीन दिवसीय उत्सव मनाया जाएगा

**अयोध्या।** मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम की नगरी अयोध्या में भव्य और दिव्य रामलला के मंदिर परिसर में स्थित मंदिरों की प्राण प्रतिष्ठा आगामी पांच जून को गंगा दशहरा उत्सव के अवसर पर की जाएगी।

इस अवसर पर तीन जून से पांच जून तक तीन दिवसीय उत्सव मनाया जाएगा जबकि पूजन के कार्यक्रम तीस मई से शुरू हो जाएंगे और उनकी शुरुआत परिसर में स्थित मंदिर में शिवलिग की स्थापना से होगी। काशी और अयोध्या के कुल वैदिक विद्वान अनुष्ठान की देखरेख करेंगे। देवताओं के लिए दो-दो फिट लंबे संगमरमर के सिंहासन विशेष रूप से तैयार किए गए हैं। श्रीरामजन्मभूमि ट्रस्ट क्षेत्र के अधिकारियों ने बताया कि प्राण प्रतिष्ठा समारोह के दौरान मूर्तियों को एक सिंहासन पर रखा जाएगा। उन्होंने बताया कि इसके अलावा सप्त मण्डप क्षेत्र में स्थित मंदिरों की प्राण प्रतिष्ठा की जाएगी जिसमें श्री वाल्मीकि, अगस्त्य, विश्वामित्र, अहिल्या, शबरी और निषादराज प्रतिष्ठित होंगे।मंदिर निर्माण समिति की दो दिवसीय बैठक में शामिल होने अयोध्या पहुंचे मंदिर निर्माण समिति के अध्यक्ष नृपेन्द्र मिश्र के अनुसार प्राण प्रतिष्ठा के धार्मिक कार्यक्रम तीन जून से शुरू होंगे और पांच जून को समापन होगा। इसके पहले मुख्य मंदिर का निर्माण कार्य पूरा हो जाएगा।

उन्होंने बताया कि बाकी मंदिर में जो निर्माण कार्य हो रहे हैं, विशेकर परकोटा निर्माण, शेषावतार मंदिर का निर्माण अपने निर्धारित लक्ष्य के अनुसार पूरे होंगे। राम मंदिर सहित परकोटा के छह मंदिरों के शिखर को भी स्वर्णजटित बनाए जाने का काम अगले दो दिनों में पूरा हो जाएगा। उन्होंने कहा कि सप्त मंदिर का निर्माण पूर्ण हो गया है। वहां पर ऋषियों, मुनियों की मूर्ति भी पहुंच गई है। पुष्करिणी जो बीच में जलसंचय है वह भी पूरा हो चुका है। उन्होंने कहा कि राम मंदिर में चार द्वारों के निर्माण कार्य आडोटोरियम व अतिथिगृह के निर्माण कार्य प्रगति पर है। उन्होंने कहा कि द्वार के निर्माण में सबसे पहला जो उत्तरीय दिशा में द्वार है वह चार जून तक पूर्ण हो जाएगा। परिसर में हो रहे अन्य काम अक्टूबर तक पूरे कर लिए जाएंगे। ज्एष्ठ कृष्ण एकादशी के पर्व पर राम मंदिर के प्रथम तल पर रामदरबार की मूर्ति को यथास्थान स्थापित कर दिया गया है। हालांकि यहां अवशेष कार्य अभी चल रहे हैं। राम दरबार की इस मूर्ति को जयपुर से लाया गया है जो कि सुबह छह बजे क्रासिग ११ से रामजन्मभूमि परिसर में दाखिल किया गया। इसी तरह से परकोटा के दक्षिण-पश्चिम में निर्मित शिवालय में भगवान नर्मदेश्वर को भी यथास्थान स्थापित कर दिया गया है।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

## संक्षिप्त समाचार

### हमीरपुर में चोरों ने की विवाहिता की हत्या

**हमीरपुर।** उत्तर प्रदेश में हमीरपुर जिले के राठ क्षेत्र में चोरी करने की नियत से घुसे बदमाशों ने गृह स्वामिनी की सिर पर राड मारकर हत्या कर दी जबकि पति को गंभीर रुप से घायल कर दिया। पुलिस के मुताबिक क्षेत्र के चिल्ली गांव में अनिल राजपूत व उनकी पत्नी गीता(26) व तीन साल की बच्ची शानवी एक कमरे मे सो रहे थे कि तडके कुछ बदमाश चोरी करने की नीयत से घर में घुस गए। आहट पाकर दंपति जाग गए तो बदमाशो ने बगल में रखे लोहे के राड से गीता पर हमला कर दिया जिससे मौके पर ही उसकी मौत हो गई। अनिल राजपूत को गंभीर चोटे आयी है। शोर मचाने पर आस पास के लोग एकत्र हो गए। आनन फानन अनिल को सीएचसी राठ में भर्ती कराया गया जहा पर डाक्टरो ने मेडिकल कालेज उरई रिफर कर दिया। सिर की हड्डी टूटी होने के कारण अनिल को रिजेंसी अस्पताल कानपुर में भर्ती कराया गया है जहां पर हालत नाजुक बनी हुई है। जानकारी होने पर चित्रकूटधाम मंडल के डीआईजी राजेश एस व पुलिस अधीक्षक हमीरपुर डा दीक्षा शर्मा ने मौके पर जाकर निरीक्षण किया।

### फिरोजाबाद में मोर का शिकार, आरोपी गिरफ्तार

**फिरोजाबाद।** उत्तर प्रदेश में फिरोजाबाद जिले के नारखी क्षेत्र में कुछ लोगों ने गुलेल से प्रहार कर राष्ट्रीय पक्षी मोर को घायल कर दिया गया जिसकी बाद में मौत हो गई। ग्रामीणों ने आरोपी एक युवक को पकड कर पुलिस को सौंप दिया है। पुलिस सूत्रों ने बताया कि थाना नारखी क्षेत्र के गांव नगला राधे में राष्ट्रीय पक्षी मोर पर कुछ लोगो से प्रहार करते हुए देखा जिससे मोर होकर नीचे गिर पड़ा। मोर को नीचे गिरता हुआ देखकर ग्रामीण युवक मौके पर पहुंचे जहां उन्होंने एक युवक को पकड़ कर बैठा लिया और घटना की सूचना थाना पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची थाना पुलिस ने वन विभाग की टीम को घटना स्थल पर बुलाया तब तक घायल मोर ने दमतोड़ दिया पुलिस ने आरोपी वीरेंद्र सिंह गिहार निवासी शिकोहाबाद को गिरफ्तार कर लिया गया।

### देवरिया में बारात में आए युवक की गोली मारकर हत्या

**देवरिया।** उत्तर प्रदेश में देवरिया जिले के खुखुन्दू क्षेत्र में बारात में आए एक युवक की गोली मारकर हत्या कर दी गई। पुलिस अधीक्षक विक्रांत वीर ने बताया कि बीती रात कुशीनगर जिले से एक बारात क्षेत्र के खजुरी करौटा गांव में आई थी। इसी बारात में कुशीनगर जिला निवासी राजन यादव (32) भी आए हुए थे। शादी समारोह में अज्ञात बदमाश राजन यादव को गोली मार कर फरार हो गए। घायल को उपचार के लिए देवरिया मेडिकल कॉलेज ले जाया गया। जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। उन्होंने बताया कि पुलिस मामले की जांच कर रही है। बदमाशों को पकड़ने के लिए पुलिस की तीन टीमें लगाई गई हैं। उन्होंने बताया कि जल्द ही मामले का पर्दाफाश कर दिया जायेगा।

### सड़क दुर्घटना में बाइक सवार दो लोगों की मौत

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश में प्रयागराज के हंडिया क्षेत्र में सड़क दुर्घटना में बारात से लौटते समय बाइक सवार दो लोगों की मौत हो गई। पुलिस सूत्रों ने बताया कि हंडिया थाना क्षेत्र के पुदुनपुर कटहरा से आई बारात में सरायइनायत निवासी राकेश कुमार (32) और कोइरवना थाना क्षेत्र निवासी प्रदीप कुमार (28) शामिल शामिल थे। शुक्रवार की देर रात बारात से घर वापसी के दौरान कनकपुर गांव के पास तेज रफ्तार एक कार ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी जिससे दोनो गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद कार सवार भाग निकले। अस्पताल ले जाने पर डाक्टरों ने दोनो को मृत घोषित कर दिया। उन्होंने बताया कि पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर फरार कार की तलाश कर रही है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

### करंट लगने से तीन मरे, पांच झुलसे

**देवरिया।** उत्तर प्रदेश में देवरिया जिले के लार क्षेत्र में शुक्रवार देर शाम करंट की चपेट में आने से तीन लोगों की मौत हो गई जबकि पांच अन्य गंभीर रुप से झुलस गए। जिलाधिकारी दिव्या मित्तल ने यहां बताया कि लार क्षेत्र के ग्राम जनुआ में आज शाम एक व्यक्ति का टीन शेड लग रहा था।

# जून में शुरू हो सकता है सीएम योगी का ड्रीम प्रोजेक्ट-इंटरनेशनल फिल्म सिटी

## यमुना एक्सप्रेसवे पर 1000 एकड़ में बनेगी उत्तर भारत की सबसे बड़ी फिल्म सिटी

■ पहले फेज़ में होंगे फिल्म स्टूडियो और इंस्टीट्यूट, निर्माण की सभी तैयारियां पूरी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के ड्रीम प्रोजेक्ट इंटरनेशनल फिल्म सिटी का निर्माण कार्य जून माह से प्रारंभ हो सकता है। यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यीडा) के सेक्टर-21 में 1000 एकड़ में प्रस्तावित इस परियोजना का जिम्मा बोनी कपूर की कंपनी बेव्यू प्रोजेक्ट्स एलएलपी को सौंपा गया है,

जिसने निर्माण से पहले की सभी आवश्यक प्रक्रियाएं लगभग पूरी कर ली हैं। कंपनी के अनुसार जियो-टेक्निकल सर्वे अंतिम चरण में है और आगामी दो-तीन दिनों में बिल्डिंग प्लान जमा कर दिया जाएगा। साथ ही भूमि समतलीकरण, सड़क निर्माण और साफ-सफाई जैसे प्राथमिक कार्य तेजी से पूरे किए जा रहे हैं। जैसे ही सभी प्रशासनिक मंजूरी मिलेंगी, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कर-कमलों से इसका शिलान्यास कराया जाएगा। पहले चरण में 1510 करोड़ की लागत से होगा विकास फिल्म सिटी के पहले चरण का विकास 230 एकड़ भूमि पर किया जाएगा, जिसकी अनुमानित लागत घ1510 करोड़ है। इस फेज़ में 13-14 अत्याधुनिक साउंड स्टूडियो और लगभग 3 लाख वर्ग मीटर में फैला फिल्म इंस्टीट्यूट शामिल होगा। जीएम राजीव अरोड़ा के अनुसार, यह परियोजना तीन चरणों में आगामी आठ वर्षों में पूरी होगी। फिल्म निर्माण, रोजगार और पर्यटन को मिलेगा बढ़ावा यीडा प्रशासन भी परियोजना को लेकर उत्साहित है और मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार किसी भी अड़चन को तत्काल दूर किया जा रहा है। भूमि अधिग्रहण से लेकर किसानों के मुआवजे तक की प्रक्रिया पारदर्शी ढंग से पूर्ण की गई है। परियोजना से न केवल फिल्म निर्माण के क्षेत्र में उत्तर प्रदेश को राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय पहचान मिलेगी, बल्कि बड़े पैमाने पर निवेश और रोजगार के अवसर भी सृजित होंगे। बेव्यू प्रोजेक्ट्स को मिला था हाईएस्ट बिडर का दर्जा बेव्यू प्रोजेक्ट्स एलएलपी को 18: ग्रॉस रेवेन्यू शेयरिंग के प्रस्ताव के साथ हाईएस्ट बिडर घोषित किया गया था। इसके तहत 27 जून 2024 को यीडा और कंसेशनायर के बीच एग्रीमेंट हुआ और 27 फरवरी 2025 को साइट हस्तांतरित कर दी गई। फिल्म सिटी का मास्टर प्लान 30 जनवरी 2025 को मंजूर हुआ। शेष 770 एकड़ भूमि पर फेज-2 और फेज-3 के अंतर्गत भविष्य में विस्तार होगा।

## मौसम जनित आपदाओं से न्यूनतम क्षति को लेकर योगी सरकार संजीदा

■ आकाशीय बिजली से बचाव के लिए 'लाइटनिंग सेफ्टी प्रोग्राम' से मिल रही मदद

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** गर्मियों के इस मौसम में हाल ही में जिस तरह की तेज बारिश, आंधी, ओले और आकाशीय बिजली देखने को मिली, वह अप्रत्याशित था। जेठ के महीने में इस प्री-मानसून बरसात ने राज्य के कई हिस्सों में भारी जनधन हानि पहुंचाई है। सरकारी आंकड़ों के अनुसार इस दौरान लगभग तीन दर्जन लोगों की मौत हुई। ऐसे में आने वाले मानसून सीजन को देखते हुए योगी सरकार पूरी तत्परता से तैयारियों में जुटी है। सरकार का प्राथमिक लक्ष्य है कि समय से चेतावनी, व्यापक जागरूकता और प्रभावी बचाव उपायों के माध्यम से जनहानि को न्यूनतम किया जाए। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एसडीएमए) को विशेष रूप से आकाशीय बिजली से सुरक्षा के लिए अत्याधुनिक श्लाइटनिंग सेफ्टी प्रोग्रामश के क्रियान्वयन की जिम्मेदारी दी गई है। इस कार्यक्रम के अंतर्गत जिलेवार इमरजेंसी ऑपरेशन सेंटरों को सुदृढ़ किया जा रहा है। चरणबद्ध तरीके से लागू किया जा रहा है, जिससे 30 मिनट पहले ही बिजली गिरने की सटीक सूचना लोगों को दी जा सके। सरकार ने मौसम विभाग की मदद से ऐसे आपात मौसम के लिए आमजन को सावधानी बरतने की अपील की है।

चेतावनी के समय लोग सुरक्षित घरों में रहें, खुले में न जाएं, खिड़की-दरवाजों, मोबाइल टावर, बिजली के खंभे, जल स्रोत और लोहे के हिस्सों से दूर रहें। बच्चों को बाहर न निकलने दें। यदि कोई खुले में फंसे तो पैरों को जोड़कर, कान बंद कर उकड़ू होकर बैठ जाएं। मोबाइल में 'दामिनी' या 'सचेत' ऐप डाउनलोड करने और ज़रूरत पड़ने पर कंट्रोल रूम में फोन करने की सलाह दी गई है। सरकार ने प्रभावित परिवारों को तत्काल राहत प्रदान करने के भी निर्देश दिए हैं। मुआवजा, आवास, पुनर्वास और अन्य सहायता तत्काल प्रभाव से दी जा रही है, ताकि पीड़ितों को त्वरित भावनात्मक और आर्थिक संबल मिल सके।

## सरकार आंधी पानी में मृतकों के परिवार की सच में मदद करे: अखिलेश यादव



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी (सपा) अध्यक्ष अखिलेश यादव ने प्रदेश में आंधी, बारिश, तूफान से 50 से ज्यादा लोगों की मौतों पर दुख जताते हुए कहा कि सरकार सिर्फ कागजी घोषणाएं न करें बल्कि पीड़ित परिवारों की सच में मदद करें। श्री यादव ने कहा कि पिछले तीन दिनों में प्रदेश के दर्जनों जिलों में आंधी तूफान और बारिश से लाखों की संख्या में लोग प्रभावित हुए। दर्जनों घर गिरे, लोगों के घर-बार उजड गए। मुख्यमंत्री के गृह जिले गोरखपुर समेत कई स्थानों पर जल भराव की स्थिति हो गई।

बघी संख्या में लोग घायल हुए। कई दर्जन लोगों की मौत हो गई। उन्होने कहा कि सरकार सिर्फ कागजी घोषणाएं न करें। आंधी और तूफान से पीड़ित परिवारों की सच में मदद करें। तेज आंधी तूफान से लखनऊ समेत आसपास के 10-12 जिलों में 17 लोगों की मौत हुई है। कानपुर और पास के जिलों में करीब 22 लोगों की मौत हुई है।

फतेहपुर जिले में 6 लोगों की मौत हुई है। इसी तरह से पश्चिमी यूपी मेरठ में दो बागपत में दो हाथरस, अलीगढ़ में एक-एक और अन्य जिलों में भी मौतें हुई हैं। श्री यादव ने प्रदेश सरकार से मांग की है कि पूरी संवेदनशीलता के साथ पीघ्तिों के साथ न्याय किया जाए। भाजपा सरकार झूठी घोषणाए करने में माहिर है। इस सरकार ने जनता से किए गए पिछले वादों को पूरा नहीं किया है। विभिन्न आपदाओं के दौरान इस सरकार ने घोषणाएं तो की लेकिन किसानों और पीघ्तिों की जमीन पर मदद नहीं हुई।

## आंधी-ओलावृष्टि व कीट प्रकोप से आम की फसल तबाह, रालोद नेता ने मांगा मुआवजा

■ मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर सम्राट चौहान ने की प्रभावित क्षेत्रों में सर्वे और सहायता की मांग

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** राष्ट्रीय लोकदल के प्रदेश सचिव सम्राट चौहान ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को पत्र भेजकर हाल की आंधी, ओलावृष्टि और कीट प्रकोप से आम की फसल को हुए व्यापक नुकसान पर गहरी चिंता व्यक्त की है। उन्होंने सरकार से तत्काल सर्वे कराकर प्रभावित किसानों को उचित मुआवजा देने की मांग की है। चौहान ने कहा कि मलिहाबाद, रटौल, सहारनपुर, लखनऊ और बाराबंकी जैसे आम के प्रमुख उत्पादन क्षेत्रों में इस बार प्राकृतिक आपदाओं और कीट हमले ने आम की फसल को बुरी तरह प्रभावित किया है। इन क्षेत्रों के किसान पूरी तरह आम की खेती पर निर्भर हैं, और इस नुकसान से उनका जीवन यापन संकट में पड़ गया है। उन्होंने कहा कि इन क्षेत्रों में बड़े पैमाने पर सर्वे कराकर प्रभावित आम उत्पादकों को क्षतिपूर्ति दी जाए। साथ ही उन्होंने यह भी जोड़ा कि यदि आम उत्पादकों का उत्साह बनाए रखना है तो सरकार को तत्परता से राहत प्रदान करनी चाहिए, क्योंकि यह कदम न केवल किसानों के हित में, बल्कि राष्ट्रहित में भी होगा।

## प्रदेश में प्राथमिक शिक्षकों के लिए तबादला नीति में बड़ा बदलाव

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार ने प्राथमिक विद्यालयों में कार्यरत शिक्षकों के तबादलों को लेकर महत्वपूर्ण नीति परिवर्तन किया है। अब शिक्षकों को मनचाहे स्थान पर स्थानांतरण के लिए लंबी सेवा अवधि की बाध्यता नहीं झेलनी पड़ेगी। नई नीति में सेवा अवधि की शर्त समाप्त कर दी गई है,

जिससे अंतर्जनपदीय और जिले के बाहर तबादले पहले की तुलना में कहीं अधिक सहज और पारदर्शी हो गए हैं। इस बदलाव के पीछे इलाहाबाद उच्च न्यायालय की लखनऊ खंडपीठ का वह आदेश है, जिसमें वर्ष 2024 में लागू की गई 'लास्ट कम, फर्स्ट आउट' नीति को असंवैधानिक करार दिया गया था। न्यायालय ने यह स्पष्ट किया था कि तबादले सेवा-शर्तों का हिस्सा होते हैं और उनमें मनमानी नहीं की जा सकती। इसके बाद राज्य सरकार को नीति में व्यापक सुधार करने पड़े, जो अब सामने आए हैं। नई तबादला प्रणाली पूरी तरह ऑनलाइन की गई है। शिक्षक पोर्टल पर जाकर आवेदन कर सकते हैं और पूरी प्रक्रिया में पारदर्शिता बनी रहेगी। यह व्यवस्था न केवल शिक्षकों को मनचाहे जिलों में कार्य करने का विकल्प देती है, बल्कि इससे परिवार से दूर रहने की पीड़ा भी समाप्त होगी। शिक्षक संगठनों ने इस निर्णय का स्वागत करते हुए कहा है कि इससे शैक्षिक माहौल में स्थायित्व आएगा और शिक्षकों की कार्यक्षमता भी बढ़ेगी। हालांकि शिक्षक यह भी कह रहे हैं कि केवल नीति बनाना पर्याप्त नहीं, जब तक उस पर अमल न हो। एक लंबे अरसे से अंतर्जनपदीय तबादलों की प्रक्रिया ठप पड़ी है।

## बेटियों की कहानियां बनीं समाधान की राह, चार केजीबीवी को मिलेगा राज्यस्तरीय सम्मान

■ 580 प्रविष्टियों में से 18 चयनित कहानियां, पर्यावरण विषयों पर बेटियों की रचनात्मकता को मिली पहचान

**लखनऊ।** जब बेटियों की कल्पना समाधान की शक्ल लेने लगे, तो वह न केवल समाज का आईना बनती है, बल्कि उसकी दिशा भी तय करती है। उत्तर प्रदेश में जलवायु परिवर्तन जैसे गंभीर विषय पर आयोजित राज्य स्तरीय कहानी प्रतियोगिता में कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों की छात्राओं ने जो संवे. दनशीलता, समझ और रचनात मकता दिखाई, वह अब राज्य स्तर पर सम्मान पाने जा रही है। इस प्रतियोगिता में भेजी गई कुल 580 कहानियों में से 18 को उत्कृष्ट घोषित किया गया है, जिनमें गाजियाबाद, कानपुर देहात, जौनपुर और बाराबंकी के केजीबीवी को शीर्ष चार स्थान प्राप्त हुए हैं। प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार केजीबीवी मुरादनगर, गाजियाबाद को मिला है, जबकि द्वितीय स्थान पर केजीबीवी गौरा, कानपुर देहात रहा। तृतीय स्थान पर केजीबीवी मुफ्तीगंज, जौनपुर और चतुर्थ स्थान पर केजीबीवी देवा, बारा. बंकी को चयनित किया गया है। इन बेटियों की कहानियों ने जल संरक्षण, बढ़ते तापमान, शहरों में प्रदूषण, सिंगल-यूज़ प्लास्टिक जैसी पर्यावरणीय चुनौतियों के साथ-साथ जानवरों की नज़र से पृथ्वी को देखने की नई दृष्टि भी प्रस्तुत की।

## संपूर्ण थाना समाधान दिवस में डीएम और एसपी ने सुनी शिकायतें, किया निस्तारण

■ कमलापुर थाने में मौजूद रहे डीएम और एसपी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सीतापुर।** आम जनमानस की शिकायतों का स्थानीय स्तर पर के निस्तारण के लिए शनिवार को जिले के सभी थानों में संपूर्ण थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी अक्षय आनंद और पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल कमलापुर थाना प्रसार में आयोजित संपूर्ण थाना समाधान दिवस में मौजूद रहे। दोनों अधिकारियों ने शिकायतकर्ताओं की समस्याएं गंभीरता से सुनीं और संबंधित अधिकारियों को स्पष्ट एवं कड़े निर्देश देते हुए कहा कि शिकायतों का निस्तारण सिर्फ औपचारिकता न रहे, बल्कि यह समयबद्ध, पूर्णतः न्यायोचित और स्थायी समाधान पर आधारित हो। ताकि आमजन को बार-बार कार्यालयों के चक्कर न काटने पड़ें।

जिलाधिकारी ने अधिकारियों से सख्त लहजे में कहा कि जो अधिक. ारी लापरवाही बरतते हैं या समस्याओं के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण में रुचि नहीं लेते, उनके विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। उन्होंने निर्देश दिया कि हर शिकायत की स्थल पर जांच कर तथ्यों के आधार पर समाधान किया जाए, और शिकायतकर्ता को स्पष्ट रूप से अवगत कराया जाए कि उनके मामले में क्या कार्यवाही की गई है। साथ ही अधिकारियों को जनहित के प्रति संवेदनशील, पारदर्शी और जवाबदेह बनने की चेतावनी दी। पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल ने कानून व्यवस्था को लेकर क्षेत्रीय पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिए कि क्षेत्र में शांति, सुरक्षा और अनुशासन बनाए रखने में कोई लापरवाही न हो, नियमित गश्त सक्रिय रखी जाए, हाईवे, बाजार एवं संवेदनशील क्षेत्रों में संदिग्ध गतिविधियों पर पैनी नजर रखी जाए, पेशेवर और फर्जी शिकायतकर्ताओं की पहचान कर उन पर विधिक कार्यवाही की जाए और यदि किसी क्षेत्र में संगठित आपरा. धिक गिरोह या असामाजिक तत्व सक्रिय हैं तो उन्हें चिन्हित कर सख्त कार्रवाई की जाए ताकि आमजन में सुरक्षा और विश्वास की भावना बनी रहे। इस अवसर पर उपजिलाधिकारी सिधौली राखी वर्मा, तहसील प्रशासन, राजस्व विभाग, पुलिस व अन्य विभागों के अधिकारीगण उपस्थित रहे और मौके पर ही कई शिकायतों का समाधान कराया गया।

## बिजली विभाग की हड़ताल को लेकर डीएम ने दिए कड़े निर्देश

### कहा: अराजकता की कोई गुंजाइश नहीं, हर हाल में जनसुविधा बनी रहे



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सीतापुर।** जिले में बिजली विभाग के संविदा कर्मचारियों की चल रही हड़ताल को गंभीरता से लेते हुए जिलाधिकारी अभिषेक आनंद एवं पुलिस अधीक्षक श्री अंकुर अग्रवाल ने आपातकालीन समीक्षा बैठक की। जिसमें जिले की विद्युत आपूर्ति व्यवस्था को निर्बाध बनाए रखने हेतु सख्त प्रशासनिक दिशा-निर्देश जारी किए गए।

जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि विद्युत सेवा एक आवश्यक जनसेवा है और इसमें किसी भी स्तर पर लाप. रवाही, अव्यवस्था या अराजकता को कदापि बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने कलेक्ट्रेट परिसर में 24ग्7 नियंत्रण कक्ष स्थापित कर मजिस्ट्रेट व प्रशिक्षित कर्मचारियों की डड्यूटी तत्काल प्रभाव से सुनिश्चित की है, जो जिलेभर से आने वाली शिकायतों और तकनीकी समस्याओं का समयबद्ध समाधान सुनिश्चित करेगा। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि नगर व ग्रामीण क्षेत्रों के सभी पावर हाउसों में मौजूद फीडरों, ट्रांसफार्मरों, केबल नेटवर्क व ग्रिड सप्लाई पॉइंट्स की सतत निगरानी की जाए और सभी स्थानों पर तकनीकी स्टाफ, गार्ड तथा वैकल्पिक दक्ष मानव संसाधन पूर्ण सक्रियता के साथ तैनात रहें। सभी अवर अभियंता, सहायक अभियंता, अधिशासी अभियंता व पावर हाउस प्रभारी अपने-अपने कार्यस्थल पर अनिवार्य रूप से उपस्थित रहेंगे तथा उनका मोबाइल स्विच ऑन रहना अनिवार्य होगा। किसी भी प्रकार की अनुपस्थिति या असहयोग की स्थिति में उनके विरुद्ध तत्काल विभागीय कार्रवाई की जाएगी।

जिलाधिकारी ने समस्त उपजिलाधिकारी एवं क्षेत्राधि कारियों को सख्त निर्देश दिए कि वे अपने क्षेत्रों में निरंतर पेट्रोलिंग कराएं तथा अराजक गतिविधियों पर सतर्क निगाह बनाए रखें। यदि किसी भी स्थान पर विद्युत संरचनाख्रजैसे पोल, ट्रांसफार्मर, तार, केबल आदि से छेड़छाड़, तोड़फोड़ या बाधा उत्पन्न करने का प्रयास किया जाता है, तो संबंधित व्यक्तियों के विरुद्ध गंभीर आपराधिक धाराओं में मुकदमा दर्ज कर कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाए। कोई भी विद्युत संरचना 'सार्वजनिक संपत्ति' के अंतर्गत आती है, जिसकी सुरक्षा प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। जिलाधिकारी ने तकनीकी संचालन, रखरखाव और आपातकालीन व्यवस्थाओं हेतु ऐसे दक्ष और अनुभवी कर्मियों की रिज़र्व सूची तैयार करने के निर्देश दिए।

### ससुराल आए युवक की अवैध संबंधों के चलते गोली मारकर हत्या

**शाहजहांपुर।** उत्तर प्रदेश में शाहजहांपुर जिले के थाना निगोही क्षेत्र में शनिवार को शादी समारोह में शामिल होने ससुराल आए युवक की अवैध संबंधों के चलते सिर में गोली मार कर हत्या कर दी। पुलिस और फॉरेंसिक टीम जांच में जुटी है। क्षेत्राधिकारी सदर प्रियांक जैन ने आज बताया कि जनपद लखीमपुर खीरी के थाना मोहम्मदी क्षेत्र के गांव पिसोरा नकम्पुर के रहने वाले अमित त्रिवेदी (32)अपनी ससुराल थाना निगोही क्षेत्र के गांव जेवा मुकुंदपुर मे शुक्रवार को शादी समारोह में शामिल होने आए थे। वहां किसी ने अमित के सिर में गोली मार कर हत्या कर दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने गांव के बाहर पड़े शव को बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। उन्होंने बताया कि पुलिस जांच में पता चला कि मृतक अमित के एक महिला से अवैध संबंध थे ,जिसको लेकर रात में कुछ विवाद भी हुआ था। उसके बाद अमित की गोली मार कर हत्या कर दी गई।

## दलित किशोरी ने लगाई फांसी, मचा हड़कंप

**महोबा।** उत्तर प्रदेश में महोबा जिले के चरखारी क्षेत्र में शनिवार को एक दलित किशोरी और उसके कथित प्रेमी द्वारा फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिए जाने की घटना से हडकंप मच गया। अपर पुलिस अधीक्षक वंदना सिंह ने बताया कि चरखारी नगर के लचतेपुरा मोहाल की इस घटना में 18 वर्षीय धीरेन्द्र और 16 वर्षीय सोनिया के शव सुरेन्द्र अहिरवार के मकान में अलग-अलग कमरों में फांसी के फंदो पर लटके हुए बरामद किये गए। प्रेमी युगल पिछले करीब ढाई महीने से लिव इन रिलेसन शिप में रह रहे थे। आत्महत्या करने का कारण दोनों के मध्य किसी बात को लेकर कहासुनी हुयी थी। घटना के समय धीरेन्द्र के माता पिता घर में नहीं थे। उसकी बूढी दादी की सूचना पर पुलिस ने मोके पर पहुंच दोनों शवों को कब्जे में लिया और पंचनामा भर कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। अपर पुलिस अधीक्षक ने बताया कि महोबा सदर कोतवाली क्षेत्र के चंद्रपुरा गांव निवासी अजय कुमार की पुत्री सोनिया और धीरेन्द्र की मुलाघत उनकी रिश्तेदारी में आयोजित एक शादी समारोह में हुयी थी। दोनों के मध्य प्रेम सम्बन्ध प्रगाघ होने पर सोनिया ने धीरेन्द्र के साथ उसके घर में ही रहने की जिद की।

परिजनों ने पहले इसका विरोध किया लेकिन किशोरी की जिद के आगे वह थक हार कर शांत होकर बैठ गए। सोनिया धीरेन्द्र के साथ उसके घर में ही रह रही थी। अपर एस पी के मुताबिक धीरेन्द्र और सोनिया के खुदकुशी करने को लेकर मध्य रात्रि में शुरू हुए घटना क्रम में भोजन आदि के उपरान्त सोनिया ने कोल्ड ड्रिंक पीने की जिद की थी- तब धीरेन्द्र किसी परिचित की दुकान को खुलवा कर पेय पदार्थ लाया था। कोल्ड ड्रिंक पीते समय उनमे किसी बात पर विवाद हुआ जिसमें अपशब्दों का प्रयोग धीरेन्द्र बर्दाश्त नहीं कर सका और उसने कमरे में जाकर फांसी लगा ली। थोघे देर बाद सोनिया ने कमरे में पहुंच तब धीरेन्द्र का लटका हुआ शव देखा तो वह इसे बर्दाश्त नहीं कर सकी और उसने भी दूसरे कमरे में जाकर फांसी लगा ली।

## कुपोषण के खिलाफ सीएम योगी सरकार की निर्णायक पहल

### 2026 तक 347 नई टीएचआर इकाइयों की होगी स्थापना

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में कुपोषण के खिलाफ लड़ाई को और धार देते हुए योगी सरकार ने टेक होम राशन (टीएचआर) योजना के विस्तार की दिशा में ठोस कदम उठाए हैं। राज्य सरकार ने 2026-27 तक 347 नई टीएचआर इकाइयों की स्थापना का लक्ष्य तय किया है, जिससे राज्य भर में बच्चों, गर्भवती और धात्री माताओं को समयबद्ध और पोषक आहार उपलब्ध कराया जा सके। वर्तमान में 43 जनपदों में 204 इकाइयों के माध्यम से 288 परियोजनाओं को टीएचआर की आपूर्ति की जा रही है। इस व्यवस्था ने स्थानीय स्तर पर पोषण वितरण को मजबूत किया है और कुपोषण की चुनौती से निपटने में उल्लेखनीय मदद दी है। 273 करोड़ रुपये से अधिक का बजटीय समर्थन सरकार ने विकेंद्रीख्रत व्यवस्था के अंतर्गत टीएचआर इकाइयों को वित्तीय आधार देने के लिए 273.50 करोड़ रुपये की धनरा. शि आवंटित की है। इनमें से 11 ज न प द ख्र स ं त क बी र न ग र , अंबेडकरनगर, बस्ती, सिद्धार्थनगर, अलीगढ़, बांदा, इटावा, प्रतापगढ़, ललितपुर, औरैया और महोबाख्रने शत-प्रतिशत भुगतान कर कार्य को तेज़ गति प्रदान की है। इस योजना के तहत न केवल पौष्टिक आहार की पहुंच सुनिश्चित की जा रही है, बल्कि ग्राम स्तर पर रोजगार के नए अवसर भी उत्पन्न हो रहे हैं। स्थानीय स्तर पर उत्पादन और वितरण की व्यवस्था ने गुणवत्ता पर भी नियंत्रण बढ़ाया है।

स्वस्थ उत्तर प्रदेश की दिशा में मजबूत कदम मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अगुवाई में सरकार का लक्ष्य है कि 3 से 6 वर्ष के बच्चों, गर्भवती महिलाओं और धात्री माताओं को पोषण की उचित मात्रा समय पर मिले। स्थानीय फसलों और स्वादों को शामिल कर टीएचआर को अधिक उपयोगी और स्वादिष्ट बनाया जा रहे।

## अपंजीकृत अस्पतालों के विरुद्ध होगी कार्रवाई

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**जौनपुर।** उत्तर प्रदेश में जौनपुर जिला प्रशासन ने अपंजीकृत अस्पतालों को पंजीकरण कराने की नसीहत देते हुए कहा कि यदि अर्हता नहीं है तो अस्पताल सीज कर उनके विरुद्ध कार्यवाही की जाएगी। जिलाधिकारी डॉ दिनेश चंद्र ने कहा कि जिले में 25 मई के बाद अपंजीकृत और फर्जी अस्पतालों के विरुद्ध अभियान चलाकर कठोर कार्रवाई की जाएगी। जिलाधिकारी डॉ दिनेश चंद्र की अध्यक्षता में हुई स्वास्थ्य शासी निकाय की बैठक हुई।

बैठक में जिलाधिकारी ने संच. ारी रोगों के नियंत्रण, संचारी रोग अभियान में सैम बच्चों के चिन्हांकन के साथ ही दस्तक अभियान के दौरान संवेदीकरण कार्यक्रम, रोगियों की जांच आदि की समीक्षा की। उन्होने निर्देशित किया कि अस्पतालों में मूलभूत सुविधाएं, समुचित व्यवस्था, फायर एनओसी होनी चाहिए। स्वास्थ्य इकाइयों का नेशनल क्वालिटी एश्योरेंस स्टैंडर्ड सर्टिफिकेशन की भी समीक्षा की तथा इसके सभी पैरामीटर को पूर्ण करने के निर्देश दिए। मुख्य विकास अधिकारी को स्वास्थ्य संबंधी निर्माण कार्य की समीक्षा के निर्देश दिए। इसके साथ ही उन्होंने मोबाइल मेडिकल यूनिट, एंबुलेंस उपलब्धता आदि की भी समीक्षा की। जिलाधिकारी ने हीट वेव के दृष्टिगत अस्पतालों में की गई तैयारी के संदर्भ में जानकारी ली तथा निर्देशित किया कि सभी एमओआईसी तथा सीएचसी, पीएचसी के बाहर भी काउंटर पर ओआरएस पैकेट आने वाले मरीजों में वितरण कराया जाए। सभी एमओआईसी अपने क्षेत्र में संचालित बिना पंजीकृत अस्पताल/चिकित्सक पर एफआईआर दर्ज कराए। उन्होने कहा कि नागरिकों को बेहतर चिकित्सा तथा सुविधा दिलाने हेतु तथा पंजीकरण में आ रही कठिनाई को दूर करते हुए सुगमता प्रदान करने हेतु यूपी हेल्थ डाट इन पर 3 दिन के भीतर पंजीकरण हेतु ऑनलाइन आवे. दन करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि आयुष्मान कार्ड से इलाज हेतु इनपैनल्ड ऐसे हॉस्पिटल जहां आयुष्मान कार्ड से इलाज किया जा रहा है आयुष्मान कार्ड होने पर उसे सभी चिकित्सकिय सुविधा प्रदान की जाए, यदि ऐसी विसंगति पाई जाती है कि आयुष्मान कार्ड होने के बाद भी इलाज नहीं किया जा रहा है।

शाह टाइम्स

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 21, स्टेशन रोड, शाह टावर लखनऊ-226001 (उप्र) से प्रकाशित।

**सम्पादकः**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎ 0522-4041004
**मुख्यालयः**
मोबाइल-9720007290
RNI No. UPHIN/2009/31463
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# शिकायतों का निस्तारण कर फरियादियों को दें सूचना

## डीआईजी ने समाधान दिवस में सुनी शिकायतें




**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** डीआईजी मुनिराज जी, शनिवार को अमरोहा पहुंचे और थाना समाधान में लोगों की शिकायतें सुनीं। इस दौरान शिकायतों का तय समय में निस्तारण का निर्देश दिया। शनिवार को जिले के सभी थानों में समाधान दिवस का आयोजन किया गया। पुलिस-प्रशासनिक अधिकारियों ने जनशिकायतें सुनते हुए निस्तारण किया। डीआईजी मुनिराज जी, ने रजबपुर थाने पहुंचकर जनशिकायतें सुनी। अधीनस्थों को गुणवत्तापूर्ण निस्तारण का निर्देश देते हुए लाप. रवाही न बरतने की सख्त हिदायत दी। उन्होंने कहा कि शासन की शीर्ष प्राथमिकताओं में एक है जनशिकायतों का निस्तारण। इसलिए समयबद्ध तरीके से उनका निस्तारण किया जाये और फरियादियों को उसकी सूचना भी दी जाये। यदि सरकारी भूमि, रास्तों व चकमार्गों एवं पट्टेदारों के भूमि पर अवैध कब्जे की शिकायत मिलती है तो राजस्व व पुलिस की टीम मौके पर जाकर अवैध कब्जा खाली कराया जाये। इस दौरान सीओ लाइन अभिषेक कुमार यादव, थाना प्रभारी मौजूद रहे। उधर, डीएम निधि गुप्ता वत्स व एसपी अमित कुमार आनंद ने सैदनगली थाने में जनशिकायतें सुनी। इसके अमरोहा नगर कोतवाली, थाना अमरोहा देहात, डिडौली, नौगांवा सादात, हसनपुर, रहरा, गजरौला, मंडी धनौरा, बछरायूं में भी पुलिस-प्रशासनिक अधिकारियों ने शिकायतों को सुना तथा अधीनस्थों को गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश दिए।

# गायों की देखभाल में न बरतें लापरवाही

## नोडल अधिकारी ने किया गौशाला का निरीक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अमरोहा।** लोक निर्माण विभाग विशेष सचिव व नोडल अधिकारी शेषनाथ ने अधिकारियों को निर्देश दिये कि गोवंश की देखभाल में किसी तरह की लापरवाही न बरती जाये। बीमार पशुओं का समय पर इलाज हो।

विशेष सचिव ने विकासखंड के गांव याहियापुर व जोया के जलालपुर उमर व इकौंदा में जाकर जल जीवन मिशन योजना का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने टैंक निर्माण, आटोमेशन नल कनेक्शन पर नजर डाली तथा ग्रामीणों से संवाद किया। इसके बाद पशुपालन विभाग की गांव फरीदपुर स्थित गौशाला का निरीक्षण किया जबकि याहियापुर कताई मिल भी पहुंचे। नोडल अधिकारी ने अधिकारियों को निर्देश दिये कि गोवंश की देखभाल में किसी प्रकार की लापरवाही न बरतें। जो पशु बीमार हैं उनका समय पर इलाज करायें। हरे चारे की पर्याप्त व्यवस्था हो, गर्मी में पशुओं को भरपूर मात्रा में पानी दिया जाये। इस दौरान उनके साथ जल निगम समेत अन्य विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

# किसानों को मिले सरकारी योजनाओं का लाभ

## सैकड़ों ने ली भाकियू बीआरएसएस की सदस्यता



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** भाकियू बीआरएसएस की बैठक में सैकड़ो की संख्या में किसानों ने सदस्यता ग्रहण कर ली है। किसानों ने संगठन को मजबूत करने का प्रण लिया। शनिवार को तहसील क्षेत्र के ग्राम ब्रह्मबाद स्थित हैप्पी त्यागी के आवास पर भारतीय किसान यूनियन बीआरएसएस की एक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ अशोक कुमार अधाना ने की तथा संचालन प्रदेश प्रवक्ता निजाम प्रधान द्वारा किया गया। बैठक को संबोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष सतपाल सिंह ने कहा कि बैंकों में केसीसी करने पर शासन द्वारा जो तीन प्रतिशत छूट दी जा रही है उसका लाभ किसानों को नहीं मिल रहा। इसे तुरंत चालू कराया जाये। उन्होंने कहा कि विद्युत विभाग द्वारा गांव में विद्युत आपूर्ति सही तरीके से नहीं दी जा रही है।जिसके कारण किसानों को खेती करने में काफी दिक्कतें हो रही हैं। बैठक में क्षेत्र के किसानों ने अन्य संगठनों की सदस्यता से त्यागपत्र देकर भाकियू बीआरएसएस की सदस्यता ग्रहण की। जिनका राष्ट्रीय अध्यक्ष द्वारा फूलमाला बनाकर स्वागत किया गया। बैठक में देवेंद्र सैनी, उदयवीर सिंह, सतपाल सिंह, दीपक गुर्जर, निजाम प्रधान, जितेंद्र सैनी,सुमित त्यागी, शुभम त्यागी, वीरेंद्र सैनी, धीरज कुमार, सुशील कपासिया, मंगल सिंह आदि मौजूद रहे।

# अहिल्याबाई के जीवन से प्रेरणा लें: ललित



## सच्चाई के रास्ते पर चलकर करें समाज का उद्धार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रजबपुर।** जिला पंचायत अध्यक्ष ललित तंवर ने कहा कि मां अहिल्याबाई का जीवन हम सभी के लिये प्रेरणा का प्रतीक है। उन्होंने सनातन धर्म के उत्थान के लिये अनेकों कार्य किये।

रानी अहिल्याबाई होल्कर त्रिशताब्दी स्मृति में गांव झनकपुरी में प्रदेश कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत हवन-पूजन के साथ हुई। मंदिर परिसर में स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस मौके पर बोलते जिला पंचायत अध्यक्ष ललित तंवर ने कहा कि हम सभी को इस बात का प्रण लेना चाहिये कि धर्म, न्याय व सेवा के रास्ते पर चलकर समाज के उत्थान का काम करना है। इस दौरान भगवान शिव की आरती की गई। श्री तंवर ने कहा कि अहिल्याबाई ने सत्ता में आते ही धर्मनिष्ठा न्याय के रास्ते को चुना। उनके द्वारा सनातन धर्म की पुन: स्थापना हेतु विभिन्न कार्य किये गये। कार्यक्रम में मनोज शर्मा, विरेन्द्र लोहिया, महेश खडगवंशी, मोहित तंवर, अरूण प्रधान, हरवीर सिद्दू, मोनू यादव, अमित चौधरी, चमन कसाना, अमित खडगवंशी, आयुष चौधरी मौजूद रहे।

## जमीन पर कब्जे का लगाया आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता हसनपुर।** किसान ने गांव के ही कुछ दबंगों पर अपने खेत पर कुड़ी डालकर कब्जा करने का आरोप लगाते हुए सीओ से जांच कर कार्रवाई करने की गुहार लगाई है। कोतवाली क्षेत्र के गांव सकरौली मिल्क निवासी राजपाल सिंह पुत्र नाथू सिंह का कहना है कि वह गाटा संख्या 200 एवं 201 कल रकवा 0.122 हेक्टेयर है जो कि उसकी मूल जोत है और उस पर काविज चला आ रहा है। उसका आरोप है कि गांव के ही कुछ दबंग लोगों द्वारा उसके खेत पर जबरन कुड़ी,उपले व बिटोरे डालकर अवैध रूप से कब्जा कर रहे हैं। पीड़ित राजपाल द्वारा सीओ से जमीन पर से अवैध कब्जा हटवाये जाने की मांग की है। पुलिस क्षेत्राधिकारी दीप कुमार पंत द्वारा बताया गया की पीड़ित द्वारा तहरीर दी गई है जांच कर कार्रवाई की जायेगी।

## युवक की पत्नी को भगा ले जाने में फंसे, नाराज पति ने बीच सड़क पर पिया था जहर

# सपा नेता, भाजपा सभासद व शिक्षक पर मुकदमा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** पत्नी को बरगलाकर घर से ले जाने से आहत युवक के बीच सड़क कीटनाशक पीने से जुड़ी घटना में नया मोड़ आ गया है। मामले में युवक के भाई की तहरीर पर पुलिस ने भाजपा के सभासद दानिश, सपा नेता सलीम अहमद व शिक्षक जहांगीर समेत चार लोगों के खिलाफ गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। वहीं, मेरठ के अस्पताल में उपचाराधीन युवक की हालत फिलहाल अभी नाजुक बनी है।



शहर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला कुरैशी (गली नंबर 3) में यासीन अहमद का परिवार रहता है। उनके बेटे इकबाल की शादी तीन महीने पहले मोहल्ला सराय कोहना के रहने वाले फारूक की बेटी सबीना के साथ हुई थी। इससे पहले सबीना की शादी सिकंदर नाम के एक युवक से हुई थी लेकिन दंपति के बीच अनबन के चलते वह अपने पति से अलग हो गई थी। आरोप है कि मोहल्ला सराय को. हना में रहने वाला भाजपा का सभासद दानिश व शिक्षक जहांगीर, मोहल्ला कुरैशी में रहने वाला सपा नेता सलीम अहमद व सबीना का पूर्व पति सिकंदर उसकी इस शादी से खुश नहीं थे लिहाजा चारों ने मिलकर इकबाल को अलग-अलग तरीकों से प्रताड़ित करना शुरू कर दिया। फोन कर पत्नी को घर से उठाकर ले जाने की धमकी दी जाने लगी। घटना बीती 13 मई की है। इकबाल किसी काम से घर से बाहर गया हुआ था। गैर मौजूदगी का फायदा उठाकर सभासद दानिश और शिक्षक जहांगीर घर में घुस आया और दोनों को सबीना को उठाकर अपने साथ ले गए। इतना ही नहीं बाद में इकबाल पर पत्नी सबीना को तलाक देने के अलावा एक लाख रुपये देने का दबाव बनाया। इसके चलते परेशान इकबाल ने बीती 20 मई को बीच सड़क पर कीटनाशक का सेवन कर जान देने की कोशिश की थी लेकिन समय पर पहुंची पीआरवी पर तैनात पुलिस कर्मियों ने उसे जिला अस्पताल में भर्ती करा दिया था। फिलहाल, इकबाल का उपचार मेरठ के एक अस्पताल में चल रहा है। मामले में इकबाल के भाई फुरकान ने शहर कोतवाली में तहरीर दी थी। प्रभारी निरीक्षक पंकज तोमर ने शिकायत के आधार पर दानिश, जहांगीर, सलीम व सिकंदर के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू करने की बात कही।

## एक नजर

### समाधान दिवस में मात्र दो शिकायते निस्तारित

**हसनपुर।** थाना समाधान दिवस में पुलिस क्षेत्राधिकारी द्वारा जनता की शिकायते सुनी गई। शासन के निर्देश पर शनिवार को कोतवाली प्रांगण में थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया थाना समाधान दिवस में क्षेत्र से आये फरियादियों की फरियाद पुलिस क्षेत्राधिकारी दीप कुमार पंत द्वारा सुनी गई। थाना समाधान दिवस में राजस्व विभाग की मात्रा दो शिकायत दर्ज की गई। शिकायतों को निस्तारित करने के लिए राजस्व एवं पुलिस विभाग की संयुक्त टीम का गठन कर मौके पर भेजा गया है। थाना समाधान दिवस में प्रभारी निरीक्षक वरुण कुमार, कानूनगो अरविंद शर्मा सहित पुलिस एवं राज्य विभाग के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

### माता अनमोहन रत्न हमेशा करें सम्मान



**अमरोहा।** घनश्याम दास टंडन सरस्वती विद्या मंदिर में मातृ दिवस धूमधाम से मनाया गया। बच्चों ने मनमोहक कार्यक्रम पेश कर सभी का दिल जीत लिया। कैलसा स्थित घनश्याम दास टंडन सरस्वती विद्या मंदिर में कक्षा नर्सरी से यूकेजी के बच्चों ने माताओं से संबंधित कई कार्यक्रम पेश कर जमकर वाहवाही लूटी। चाईनी विशपर एक्शन गेम के माध्यम से यह बताया गया कि कभी-कभी देखी और सुनी बातें भी गलत होती है। इन पर विश्वास सोच समझकर करना चाहिये। कार्यक्रम की शुरूआत प्रबंधिका अंजलि टंडन ने भगवान गणेश के चित्र पर पुष्प अर्पित कर की। इस दौरान उन्होंने कहा कि माता एक अमूल्य रत्न है। इनका सम्मान हमेशा करना चाहिये। इनके प्यार दुलार तथा ममता का कोई मोल नहीं है। मां बच्चों पर आने वाली हर परेशानी का सामना करती है। प्रधान अध्यापिका जूही राज ने कहा कि माता-पिता को ईश्वर के समान समझकर उनकी सेवा करें। क्योकि इस संसार में इनका बड़ा कोई नहीं है। जो लोग इनका अपमान करते है वह कभी सफल नही होते।

### शतरंज में दर्श व कैरम में सारा ने मारी बाजी

**शाह टाइम्स संवाददाता जोया।** शतरंज में कक्षा सात के छात्र दर्श चौधरी जबकि कैरम में कक्षा आठ की छात्रा सारा खान विजेता बनीं। एएसएम मार्डन अकादमी खाता में एक दिवसीय शतरंज व कैरम प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें सब जूनियर वर्ग के छात्र-छात्राओं ने पूरे उत्साह के साथ प्रतिभाग किया। शतरंज प्रतियोगिता में कक्षा सात के छात्र दर्श चौधरी प्रथम, कक्षा आठ के हिमांशु दूसरे स्थान पर रहे। कैरम प्रतियोगिता में कक्षा आठ की छात्रा सारा खान पहले स्थान पर रहीं। वंश गोला ने दूसरा स्थान प्राप्त किया। इस प्रतियोगिता में करीब 40 बच्चों ने प्रतिभाग किया। शिक्षक देवेन्द्र सिंह व कार्तिक चौधरी निर्णायक की भूमिका में रहे। प्रधानाचार्य आभा रस्तौगी ने बच्चों के उज्जवल भविष्य के कामना करते कहा कि वह इस तरह की प्रतियोगिताओं में बढ़चढ़ कर हिस्सा ले। इससे शरीर व दिमाग दोनों तंदुस्त होते है।

### ऑपरेशन शस्त्र अभियान के तहत युवक गिरफ्तार, तमंचा व कारतूस बरामद

**हापुड़।** पुलिस उपमहानिरीक्षक मेरठ परिक्षेत्र मेरठ कलानिधि नेथानी के निर्देशानुसार जनपद में चलाए जा रहे ऑपरेशन शस्त्र अभियान के अन्तर्गत थाना बाबूगढ़ पुलिस ने चैकिंग के दौरान एक युवक को गिरफ्तार किया है, जिसके कब्जे से अवैध तमंचा व कारतूस बरामद हुआ है। बाबूगढ़ थाना प्रभारी विजय गुप्ता ने बताया कि हापुड पुलिस द्वारा जनपद में अपराध की रोकथाम एवं आपराधिक घटनाओं पर अंकुश लगाये जाने हेतु चलाये जा रहे ऑपरेशन शस्त्र अभियान के अन्तर्गत थाना बाबूगढ़ पुलिस द्वारा चैकिंग के दौरान एक युवक को कनिया कल्याणपुर से मतनौरा की तरफ जाने वाले रास्ते से गिरफ्तार किया गया है।

### जोगेन्द्र भाकियू जनशक्ति के जिलाध्यक्ष मनोनीत



**शाह टाइम्स संवाददाता, गजरौला।** भारतीय किसान यूनियन जनशक्ति के राष्ट्रीय अध्यक्ष धर्मेन्द्र कुमार सिंह ने जोगीपुरा ब्लॉक गजरौला निवासी जोगेन्द्र सिंह को अमरोहा जनपद का जिलाध्यक्ष मनोनीत किया है। राष्ट्रीय अध्यक्ष ने उन्हें निर्देश दिया है कि वे जल्द ही जिला, तहसील, ब्लॉक और ग्राम पंचायत स्तर पर संगठन को मजबूती प्रदान करेंगे।

# पति को पागल बता नशा मुक्ति केन्द्र में कराया भर्ती

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** सम्पत्ति हड़पने के लिये पत्नी व ससुराल पक्ष के लोगों ने पति को पागल घोषित करने की मंशा में पिछले सोलह महीने से अलग अलग नशा मुक्ति केन्द्र में भर्ती रखा, जब चचेरे भाई व बहन उसकी तलाश करने नशा मुक्ति केन्द्र पहुंचे तो उनके साथ मारपीट की गई। पति की तहरीर पर पुलिस ने पत्नी व ससुराल पक्ष के लोगों के विरूद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया है। थाना मण्डी धनौरा क्षेत्र के ग्राम चुचैला खुर्द निवासी अनुज कुमार का आरोप है कि उसकी पत्नी नीतू सिंह, साले अगम, ससुर इकाशपाल, चचेरे साले राहुल निवासीगण सब्दलपुर थाना हसनपुर जनपद अमरोहा व साढू सौरभ निवासी ग्राम पट्टी थाना रजबपुर व

**■ पति ने लगाया सम्पत्ति हड़पने का आरोप**

जशपाल फौजी निवासी ग्राम जमापुर थाना रजबपुर ने उसकी सम्पत्ति हड़पने के लिये उसे पिछले सोलह माह से गजरौला के अलग अलग नशा मुक्ति केन्द्र में भर्ती रखा है, आरोप है कि पत्नी व ससुराल पक्ष के लोग अनुज को पागल घोषित करके मारना चाहते हैं और सम्पत्ति हड़पना चाहते हैं। 16 मई को अनुज का चचेरा भाई दीपक व बहनोई समेत अन्य रिश्तेदार उसे तलाश करते हुए नगर के एक नशा मुक्ति केन्द्र में पहुंचे तो उनके साथ मारपीट की गई। पुलिस ने आरोपियों के विरूद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# प्रेरणाप्रद है अहिल्याबाई का न्यायप्रिय शासन

## विधायक ने गंगा तट पर चलाया स्वच्छता अभियान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गजरौला।** परम शिवभक्त, लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर की जन्म त्रिशताब्दी स्मृति अभियान के अंतर्गत भाजपा द्वारा आयोजित हो रहे कार्यक्रमों की श्रृंखला में शनिवार को विधायक राजीव तरारा ने गंगा धाम तिगरी में स्वच्छता अभियान चलाया, साथ ही अहिल्याबाई होल्कर के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया और गंगा मैया की आरती की। विधायक ने कहा कि, अहिल्याबाई होल्कर ने नारी शक्ति, धर्म, सेवा और न्यायप्रिय शासन का जो आदर्श प्रस्तुत किया, वह आज भी समकालीन समाज के लिए प्रेरणा का स्रोत है। हमें उनके दिखाए मार्ग पर चलना चाहिए और स्वयं भी उनके जीवन से जुड़े साहित्य को पढ़कर अपने परिवार के बच्चों को भी उनके बारे में बताना चाहिए, ताकि वे भी अहिल्याबाई होल्कर के व्यक्तित्व एवं कृतित्व को समझकर अनुसरण कर सकें। इस अवसर पर सत्यपाल पाल,



सूरजपाल, राजपाल, सतवीर सिंह, सुशील सिद्धू, हरेंद्र सिंह, निहार त्यागी, सुरेश पाल, देवेन्द्र पाल, गौरव पाल, सचिन, बबलू, सुशील, सौरभ, मनोज, गौरव आदि मौजूद रहे।

# भगवान शिव की अनन्य भक्त थीं अहिल्याबाई: मीनाक्षी

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** देवी अहिल्याबाई होल्कर की 300वीं जन्म जयंती के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी नेतृत्व के निर्देशानुसार चलाए जा रहे विशेष अभियान के क्रम में शनिवार को ब्लॉक प्रमुख मीनाक्षी चौधरी एवं भाजपा जिला उपाध्यक्ष चौ.विरेन्द्र सिंह ने प्रसिद्ध चाकेश्वर धाम शिव मंदिर में साफ सफाई अभियान चलाने के बाद पूजा अर्चना की। ब्लॉक प्रमुख ने कहा कि अहिल्याबाई होल्कर भगवान शिव की परम भक्त थीं। उन्होंने हमारे देश में स्थित ज्योर्तिलिंगो के जीर्णोद्धार का कार्य किया, साथ ही सनातन संस्कृति की रक्षा के लिये आध्यात्मिक कार्यों पर भी विशेष ध्यान दिया। उन्होंने अपने शासनकाल में सुशासन, सामाजिक सुधारों और महिला सशक्तिकरण जैसे योगदानों के प्रति बहुत कार्य किए, जिन्हें आज भी पूरा देश याद करता है। जिला उपाध्यक्ष चौ.विरेन्द्र सिंह ने बताया कि भाजपा द्वारा

**■ ब्लॉक प्रमुख ने चाकेश्वर मंदिर पर किया पूजन**

देवी अहिल्याबाई होल्कर की नीतियों को जन जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से आगामी 31 मई तक कार्यक्रम किए जाएंगे। कहा कि अहिल्याबाई होल्कर ने देवी अहिल्या ने देशभर में नदी घाटों का निर्माण कराया, गरीबों की दिल खोलकर मदद की, व्यापार



को प्रोत्साहन दिया, किसानों की मदद की और न्याय एवं सुशासन के अनेकों कीर्तिमान स्थापित किए हैं। उनका देश के प्रति किया गया योगदान अतुलनीय है। भाजपा कार्यकर्ता उनकी नीतियों को जन जन तक पहुंचाने के लिये जुटे हुए हैं। इस मौके पर उनके साथ पूर्व जिला पंचायत सदस्य महेश प्रधान, हैप्पी प्रधान, पिंटू धारीवाल, पंकज चौधरी आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## खेत पर लगा पेड़ काटा विरोध पर की अभद्रता

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** एक महिला ने गांव के ही कुछ लोगों पर अपने खेत में खड़े लिप्टिस के पेड़ को काटने और विरोध करने पर जातिसूचक शब्दों से अपमानित करने का आरोप लगाया है। जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के ग्राम कुमराला निवासी महिला बलवीरी पत्नी सुखपाल का आरोप है कि उसके ही खेत में लिप्टिस का एक पेड़ खड़ा था, जिसे गांव के ही मनवीर, लाले व नीतू आदि ने काट लिया। जब बलवीरी ने इसका विरोध किया तो उन्होंने जातिसूचक शब्दों से भी अपमानित किया। सूचना पर 112 डॉयल पुलिस भी पहुंच गई। पुलिस को घटना का मुकदमा दर्ज करने के लिये तहरीर दी गई है।

**सम्बन्ध- विच्छेद**

मेरा पुत्र पंकज गलत संगत में पड़ गया हैं। ये हमारी कोई बात नही सुनता, परिवार के साथ अभद्रता करता है। पंकज के कृत्यों से परिवार परेशान है। में और मेरा परिवार पंकज से सभी तरह के संबंध विच्छेद कर इसको अपनी चल व अचल संपत्ति से बेदखल करता हैं। किसी भी प्रकार के कृत्य के लिए ये स्वयं जिम्मेदार होगा।

हुकम सिंह पुत्र भूकन सिंह, निवासी ग्राम मिठनपुरा, थाना धनौरा, तह0 धनौरा, जिला अमरोहा

**नाम परिवर्तन सूचना**

पोसपोर्ट में मेरा नाम याकूब अख्तर (Yakoob Akhtar) अंकित है जोकि गलत है। मैंने अपना नाम बदलकर याकूब अख्तर (Yaqoob Akhtar) रख लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना पहचाना जाये।

याकूब अख्तर पुत्र श्री मौहम्मद हसन निवासी मौहल्ला बगला, नौगांवा सादात तहसील नौगांवा सादात जनपद अमरोहा

**कार्यालय सहायक निबंधक फर्म्स, सोसायटीज एवं चिट्स**
**मुरादाबाद मण्डल मुरादाबाद**

**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्री शाने आलम द्वारा संस्था मदीना मस्जिद कमेटी मौहल्ला नौरंगाबाद कालाडाबरा उझारी तहसील हसनपुर जिला अमरोहा का अध्यक्ष दर्शाते हुए संस्था के पंजीकरण हेतु निर्धारित शुल्क व प्रपत्र प्रस्तुत किये गये हैं। प्राप्त अभिलेखों के अनुसार सर्वश्री 1. शाने आलम-अध्यक्ष, 2. जैनुल आबेदीन- उपाध्यक्ष, 3. मौहम्मद नदीम- प्रबंधक, 4. साजिद- उप प्रबंधक, 5. मौहम्मद ताजिम- कोषाध्यक्ष, 6. मौहम्मद तालिब- उप कोषध्यक्ष, 7. ग्यास उद्दीन, 8. नईम शाह, 9. शमशाद, 10. शाहिद हुसैन, 11. मुनीर अहमद, 12. गुलाब शाह, 13. जमीर अहमद- सदस्य दर्शाये गये हैं।

अत: यदि किसी व्यक्ति को उक्त संस्था के पंजीकरण पर आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति सूचना प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर प्रस्तुत कर सकता है। निर्धारित तिथि के पश्चात् आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा और गुण-दोष के आधार पर संस्था के पंजीकृत संबंधी कार्यवाही सुनिश्चित् कर ली जायेगी। विदित हो कि उक्त नोटिस सो.रजि. एक्ट 1860 की धारा 3(1) के अन्तर्गत जारी किया जा रहा है।

आज्ञा से- (आनन्द विक्रम सिंह)
सहायक निबंधक

# पाक नर पिशाच देश, लड़ने के लिए रहना होगा एकजुटः शर्मा



■ नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री ने 359.5 लाख रुपए की लागत से धानेपुर और तरबगंज के नवनिर्मित कार्यालय भवन का किया लोकार्पण किया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गोंडा।** प्रदेश के नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री ए. के. शर्मा अपने एक दिवसीय दौरे के तहत शनिवार को जनपद पहुंचे। वहां पर उन्होंने 179.75 लाख 179.75 लाख रुपए की लागत से नगर पंचायत बेलसर और तरबगंज के नवनिर्मित कार्यालय भवनों का फीता काटकर लोकार्पण किया

और तरबगंज स्थित जनसह योग केंद्र पर जिले की नगरीय निकायों के विकास कार्यों हेतु 50 करोड रुपए की लागत के 180 कार्यों का बटन दबाकर लोकार्पण एवं शिलान्यास किय तथा प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी के लाभार्थियों को आवास की प्रतीकात्मक चाबी सौंपी। इसमें नगर पालिका परिषद नवाबगंज में 02 करोड़ के 18 कार्य, नगर पालिका परिषद कर्नलगंज में 07 करोड़ के 16 कार्य, नगर पालिका परिषद गोंडा में 50 लाख रुपए के 10 कार्य, नगर पंचायत धानेपुर में 13 करोड़ के 52 कार्य, नगर पंचायत तरबगंज में 09 करोड़ के 28 कार्य, नगर पंचायत बेलसर में 11 करोड़ के 32 कार्य, नगर पंचायत परसपुर में 03 करोड़ के 07 कार्य, नगर पंचायत मनकापुर में 02 करोड़ के 06 कार्य, नगर पंचायत कटरा में 01 करोड़ के 04 कार्य, नगर पंचायत खरगपुर में 02 करोड़ के 07 कार्यों का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मार्गदर्शन में आजादी के 75 वर्षों में जो कार्य नहीं हुए थे वह सब कार्य कराए जा रहे है। प्रदेश की सभी 762 नगरीय निकायों में नागरिकों की सुविधाओं के ख्रष्टिगत करोड़ों रुपए के विकास कार्य कराए जा रहे है। उन्होंने कहा कि माननीय प्रधानमंत्री जी का संकल्प है कि 2047 तक भारत को विकसित देश बनाना है। भारत विकसित देश बने हम सभी इस कार्य में लगे हुए हैं और समाज के अंतिम पायदान पर रह रहे व्यक्ति को भी सभी आवश्यक सुविधाए सुलभ कराई जा रही है। पिछली सरकारों द्वारा जो खाई खोदी गई थी उसे पाटने का कार्य किया जा रहा, भव्य इमारत बनना अभी बाकी है, आने वाले समय में नए भारत के साथ नया उत्तर प्रदेश दिखेगा। उन्होंने कहा कि देश विरोधी ताकते पाकिस्तान का मनोबल बढ़ा रही है।पूरे विश्व में कटोरा लेकर घूमने वाला पाकिस्तान भारत जैसे विशाल देश को आंख दिखा रहा, जो पाकिस्तान की आबादी का तीन गुना 81 करोड लोगों को मुफ्त राशन खिला रहा। पाकिस्तान अपने आतंकवादियों को भेजकर बेगुनाहों की हत्या करवा रहा है। इन पापों के लिए उसे अब पाकिस्तान के बजाय पापीस्तान कहना उचित होगा। पाकिस्तान जैसे नर पिशाच देश से लड़ने के लिए हम सबको एक जुट रहना होगा। उन्होंने बताया कि गोंडा जिले के नगरीय निकायों में विगत 03 वर्षों में 100 करोड़ रुपए से अधिक के विकास कार्य कराए गए। इसी के साथ विद्युत आदि के भी कार्य कराये गए। कार्यक्रम में विधायक प्रेम नारायण पांडेय, अजय सिंह, प्रभात वर्मा, रमापति शास्त्री, बावन सिंह, विनय द्विवेदी, अमर किशोर कश्यप जिलाध्यक्ष भाजपा गोंडा, श्रीमती जागृति सिंह जिलाध्यक्ष भाजपा महिला मोर्चा, जिला पंचायत अध्यक्ष व सदस्यगण, नगरीय निकायों के अध्यक्ष व सभासदगण, पार्टी पदाधिकारी, वरिष्ठ कार्यकर्ता, स्थानीय प्रशासन के अधिकारी व कर्मचारी तथा सैकड़ों की संख्या में मातृशक्ति व हजारो की संख्या में नगरजन उपस्थित रहे।

## शादी समारोह के दौरान अधिवक्ता की हत्या, 4 गिरफ्तार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**जौनपुर।** उत्तरप्रदेश के जौनपुर जिले में तेजीबजार थाना क्षेत्र के पिपरी गांव में शुक्रवार की रात आयी बारात में पुरानी रंजिश को लेकर हुई मारपीट में अपने मौसा के यहां रिश्तेदारी में आए युवा अधिवक्ता की मौत हो गई। पुलिस ने नामजद चारों अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के अनुसार जिले में तेजीबाजार थाना क्षेत्र के हैदरपुर गांव निवासी 30 वर्षीय युवा अधिवक्ता रणजीत विश्वकर्मा शुक्रवार को अपने मौसा की लड़की की शादी में अपने साथियों के साथ आया था, रात में जब बाराती डांस कर रहे थे, तभी एक बाराती का मोबाइल चोरी हो गया । यह बात जब घरातियों को पता चली तो एक दूसरे के ऊपर आरोप प्रत्यारोप करने लगे। इसी बात को लेकर घरातियों में ही आपस में मारपीट हो गई । इसी बीच किसी ने एक डण्डा अधिवक्ता रणजीत के सिर पर मार दिया, जिससे वह मौके पर ही बेहोश होकर गिर पड़ा, आनन फानन में परिजन सदर अस्पताल ले गए जहा डाक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। सूचना पाकर कुछ देर में मौके पर पहुंची तेजीबजार पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। अधिवक्ता रणजीत विश्वकर्मा की इसी महीने की 11 में को शादी हुई थी।

# सीएम योगी सरकार की विधि विज्ञान प्रयोगशालाएं अपराधियों को दिला रही हैं सख्त सजा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की योगी सरकार ने अपराध पर 'जीरो टॉलरेंस' की नीति को केवल नारे तक सीमित नहीं रखा, बल्कि उसे विज्ञान और तकनीक के सहारे जमीनी रूप दिया है। प्रदेश की विधि विज्ञान प्रयोगशालाएं अब ऐसे निर्णायक हथियार के रूप में उभरी हैं, जिनके चलते अपराधियों को अदालतों से सख्त सज़ा दिलवाना संभव हो सका है। वर्ष 2017 से पहले, जब प्रदेश में केवल चार प्रयोगशालाएं थीं,

तब साक्ष्य के अभाव में अनेक दुर्दांत अपराधी और माफिया बरी हो जाते थे। लेकिन बीते आठ वर्षों में इन प्रयोगशालाओं के विस्तार और सशक्तिकरण के बाद अभियोजन पक्ष को निर्णायक बढ़त मिली है और 75,000 से अधिक अपराधियों को वैज्ञानिक साक्ष्यों के आधार पर जेल की सलाखों के पीछे भेजे हैं। योगी सरकार के शासनकाल में लखनऊ, वाराणसी, आगरा और गाजियाबाद के साथ-साथ झांसी, कन्नौज, प्रयागराज, गोरखपुर, बरेली, गोंडा, अलीगढ़ और मुरादाबाद में नई प्रयोगशालाएं स्थापित की गईं। अब इनकी संख्या 12 हो चुकी है और अयोध्या, बरेली, बांदा, आजमगढ़, मीरजापुर और सहारनपुर में छह और प्रयोगशालाएं स्थापित की जा रही हैं। इससे वैज्ञानिक परीक्षण अब अधिक तेज़ी से, अधिक व्यापक दायरे में और सटीक परिणामों के साथ हो रहे हैं। इसका सीधा असर अभियोजन कार्य में दिखायी दे रहा है। राष्ट्रीय स्तर पर भी प्रदेश ने एक नया कीर्तिमान रचा है। नेशनल आटोमैटिक फिंगरप्रिंट आइडैंटिफिकेशन सिस्टम (एन ए एफ आग एस) में अंगुली छापों की एनरोलमेंट की ख्रष्टि से उत्तर प्रदेश देश में पहले स्थान पर है। अब तक 4.14 लाख से अधिक अंगुली छापों का पंजीकरण किया जा चुका है। इस प्रणाली के जरिए न केवल अपरा. धियों की पहचान सटीक हो रही है, बल्कि उनका डिजिटल रिकॉर्ड भी मजबूत बन रहा है, जिससे अपरा. धियों का पिछला आपराधिक इतिहास सामने लाने में आसानी हो रही है। यह प्रणाली पूरे राज्य को हाईस्पीड सर्वर से जोड़कर रीयल-टाइम विश्लेषण में समर्थ बना रही है। वैज्ञानिक ख्रष्टिकोण से अपराधों पर लगाम योगी सरकार द्वारा संचालित इन प्रयोगशालाओं में हत्या, बलात्कार, साइबर क्राइम और डकैती जैसे मामलों में आधुनिकतम तकनीकों से सबूतों की पुष्टि की जा रही है। बॉयोलॉजिकल नमूनों की जांच ठछै, ठछै व ठ।-2023 के नए विधिक मानकों के अनुरूप की जा रही है, जिससे न्यायालय में प्रस्तुत साक्ष्य की वैधता और स्वीकार्यता में वृ) हुई है। प्रशिक्षित वैज्ञानिक स्टाफ, नवीनतम उपकरणों और विधिक दक्षता से युक्त इन प्रयोगशालाओं ने अपराधियों को सजा दिलाने की प्रक्रिया को और मजबूत किया है। न्याय प्रक्रिया हुई और अधिक प्रभावशाली मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का स्पष्ट मानना है कि हअपराधियों पर सख्ती केवल पुलिसिया कार्रवाई से नहीं, बल्कि वैज्ञानिक साक्ष्य के दम पर संभव है।ह्न यही वजह है कि अब प्रदेश में विधि विज्ञान को कानून व्यवस्था की रीढ़ बनाया गया है। इसका प्रभाव साफ दिखता हैख्रन्यायिक प्रक्रिया अब अधिक पारदर्शी, प्रभावी और जनता के भरोसे के अनुरूप हो गई है। जहां अपराधियों को तेजी से सजा मिल रही है।

# इसरों के मंच पर चमके श्रमिकों के बच्चे, अटल विद्यालयों में खिल रही टेक्नोलॉजी की प्रतिभा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के जिन बच्चों के माता-पिता कभी ईंट-भठों या निर्माण स्थलों पर काम करते थे, आज वही बच्चे इस्रो के वैज्ञानिकों के सामने अपने नवाचार प्रस्तुत कर रहे हैं।

यह असंभव सी लगने वाली उपलब्धि मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ की दूरदर्शी पहल पर स्थापित अटल आवासीय विद्यालयों के माध्यम से संभव हो सकी है। इन विद्यालयों की शुरुआत प्रदेश के पंजीख्रत श्रमिकों और कोविडकाल में अनाथ हुए बच्चों के लिए की गई थी, लेकिन आज ये स्कूल नहीं बल्कि प्रतिभा की प्रयोगशाला बन चुके हैं, जहां बच्चे न केवल शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं, बल्कि टेक्नोलॉजी की दुनिया में भी नए कीर्तिमान रच रहे हैं। प्रदेश के 17 मंडलों में संचा. लित अटल आवासीय विद्यालयों में फिलहाल 10,947 छात्र-छात्राएं अध्ययनरत हैं। इनका चयन प्रवेश परीक्षा के माध्यम से किया जाता है और सभी को सीबीएसई पाठ्ङक्रम के अनुसार गुणवत्तापूर्ण शिक्षा दी जाती है। यहां बच्चों को रहने, भोजन, खेल, लाइब्रेरी और कौशल विकास की पूरी सुविधा एकीख्रत परिसर में ही उपलब्ध कराई जाती है। लड़कों और लड़कियों का अनुपात 50रू50 रखा गया है, जो महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक उदाहरण है। यह मॉडल शिक्षा, समानता और आत्मनिर्भरता का समन्वित रूप प्रस्तुत करता है। इन विद्यालयों में शिक्षा केवल किताबी ज्ञान तक सीमित नहीं है। बच्चों को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई), ड्रोन तकनीक और स्पेस साइंस जैसे विषयों की भी पढ़ाई कराई जा रही है। इसका जीवंत प्रमाण जनवरी 2025 में आयोजित अटल विद्यालय परिसर में प्रदेश भर के बच्चों ने भाग लिया और अपने वैज्ञानिक प्रोजेक्ट्स के माध्यम से सबको चौंका दिया। प्ैत्व के स्पेस एप्लिकेशन सेंटर (ै।ब्) के निदेशक ने स्वयं उपस्थित होकर बच्चों के नवाचार को सराहा और कई मेधावी छात्रों को इस्रो भ्रमण का अवसर भी प्रदान किया गया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अटल विद्यालयों को राष्ट्र निर्माण की प्रयोगशाला करार देते हुए कहा कि पहले श्रम सेस का दुरुपयोग होता था, लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में अब यही सेस श्रमिकों के बच्चों के भविष्य निर्माण में लगाया जा रहा है। बीते मार्च में बरेली में अटल विद्यालय के उद्घाटन अवसर पर सीएम योगी ने स्पष्ट किया था कि इन विद्यालयों का उद्देश्य केवल पढ़ाना नहीं, बल्कि उन्हें आत्मनिर्भर, आत्मविश्वासी और राष्ट्र के प्रति उत्तरदायी नागरिक बनाना है। यह सत्य है कि जिन बच्चों को कभी मुख्यधारा से बाहर माना जाता था, वे अब तकनीकी भविष्य की रचना कर रहे हैं। अटल विद्यालयों में विकसित हो रहा आत्मबल, तकनीकी समझ और नवाचार की सोच यही दर्शाती है कि यदि सही दिशा, संसाधन और अवसर मिले तो हर बच्चा देश का भविष्य बदल सकता है।

# जुआ खेल रहे 7 लोगों को किया गिरफ्तार




**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सीतापुर।** मछरेहटा थाना पुलिस ने जुआ खेल रहे 7 लोगों को गिरफ्तार किया है। मौके से 32600 रुपये की नगदी बरामद की है। केस दर्ज करते हुए सभी आरोपियों को न्यायालय में पेश किया है।

मछरेहटा थाना पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर थाना क्षेत्र के ग्राम सनपुर के निकट यूकेलिप्टस की बाग में छापेमारी की। यहां पर पुलिस ने मछरेहटा थाना क्षेत्र के ग्राम रौंनामऊ निवासी कमलेश पुत्र बाबूराम, लल्तू पुत्र बाबूराम निवासी बरगदिया थाना मछरेटा, पंकज कुमार पुत्र दीपू निवासी ग्राम मलुही सरैया थाना कोतवाली देहात, रोशन पुत्र लालचन्द्र निवासी ग्राम गढी टप्पाखजुरिया थाना खैराबाद, बराती पुत्र चुन्नू निवासी ग्राम बरईखेडा थाना मछरेहटा, रिंकू पुत्र शेरबहादुर निवासी ग्राम मलुही सरैया थाना कोतवाली देहात, राम सिंह पुत्र झब्बूलाल निवासी ग्राम जाजपुर थाना कमलापुर को गिरफ्तार किया। पुलिस ने मौके से एक अदद ताश की गड्डी, कुल 32,600/- रूपये बरामद किये। पुलिस ने सभी के खिलाफ मछरेहटा थाने में जुआ अधिनियम के तहत केस दर्ज किया है। पुलिस ने सभी आरोपियों को न्यायालय में पेश किया है।

# महज आम तोड़ने पर कर दी थी रवि की हत्या

## घटना को आत्महत्या दर्शाने के लिए शव फंदे पर लटकाया

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सीतापुर।** थानगांव थाना क्षेत्र में हुई किशोर की हत्या की वारदात का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। पुलिस ने इस मामले में दो आरो. पियों को गिरफ्तार किया है। दोनों को न्यायालय में पेश किया है। यहां बता दें कि गत 19 मई को पुलिस को थानगांव थाना क्षेत्र के ग्राम जबलपुर पूर्व गांव के निकट खेत में लगे एक नीम के पेड़ पर रवि नाम के एक बालक का शव फांसी के फंदे पर लटका मिला था। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में खुलासा हुआ कि बालक की हत्या की गई है। इसके बाद पुलिस हत्यारों की तलाश में जुट गई।

जांच पड़ताल में दो संदिग्धों के नाम आने के बाद थानगांव थाना पुलिस ने ग्राम जगदीशपुर से हजारिया जाने वाले मार्ग पर छापेमारी की। यहां पर पुलिस ने थानगांवगांव थाना क्षेत्र के ग्राम जबरपुरवा गवरी निवासी मोहम्मद अरशद पुत्र मोहम्मद साबिर तथा



मोहम्मद साबिर पुत्र अमजद को गिरफ्तार किया। पुलिस ने दोनों के कब्जे से आला कत्ल डंडा, चप्पल, रस्सी बरामद की है। घटना को लेकर सीओ वेद प्रकाश श्रीवास्तव ने बताया कि दोनों आरोपी अपने आम के बाग की रखवाली कर रहे थे। रवि गौतम ने चुपके से आम तोड़ लिया था। बस इसी वजह से दोनों ने मिलकर रवि को मार डाला। उसकी हत्या करने के बाद घटना को आत्महत्या दर्शाने के लिए शव को फांसी के फंदे पर नीम के पेड़ पर लटका दिया। पुलिस ने दोनों आरोपियों को न्यायालय में पेश किया है।

# प्रदर्शनकारियो ने भैंस को पहनाया बिजली विभाग का पट्टा, बजाई बीन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**झांसी।** उत्तर प्रदेश के झांसी में 46 के पार पहुंच रहे तापमान के बीच बिजली की लंबी कटौती से हलकान जनपदवासियों के साथ एकजुटता दिखाते हुए शुरू हुए सर्वदलीय क्रमिक आंदोलन के दूसरे दिन शनिवार को प्रदर्शनकारियों ने भैंस के गले में बिजली विभाग का पट्टा पहनाकर उसके आगे बीन बजाकर प्रदर्शन किया।

इतना ही नहीं कुछ प्रदर्शनकारी तो हाथ -पैरों में बेडियां पहनकर नारेबाजी करते हुए नजर आए। उनका कहना था कि प्रशासन प्रदर्शन के लिए सड़क पर उतरने वालों के खिलाफ मुकदमे लिखने की धमकी दे रहा है। बिजली नहीं दे सकते, पानी नहीं दे सकते तो फिर हमें जेल में डाल दो लेकिन जब तक हमारी मांग पूरी नहीं होती, झांसी को पर्याप्त बिजली और पानी मिलना शुरू नहीं होता तब तक प्रदर्शन जारी रहेगा। यहां इलाइट चौराहे पर भीषग गर्मी के बीच क्रमिक जन आंदोलन में हिस्सा लेने वाले विभिन्न राजनीतिक दलों के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं के साथ आम लोगों भी उपस्थित हुए। आंदोलन के दूसरे दिन भी हालात में बहुत सुधार न होता देख प्रदर्शनकारियों ने अपना विरोध जताने का एक अलग तरीके निकाला। प्रदर्शनकारियों ने बिजली विभाग के अधिकारियों की लचर कार्यशैली पर गंभीर सवाल उठाते हुए एक भैंस के गले में बिजली विभाग का पट्टा डालकर उसके आगे बीन बजायी और' भैंस के आगे बीन बजाए, भैंस खड़ी पगुराए की कहावत को चरितार्थ किया।

# नकली नोट छापने वाले दो गिरफ्तार

## घर में ही छापते थे नकली करंसी, बड़े पैमाने पर तैयार नोट और उपकरण बरामद



**शाह टाइम्स संवाददताा**

**गोंडा।** जिले की नवाबगंज पुलिस ने एक बड़ी सफलता के क्रम में नकली करेंसी बनाने वाले गिरोह का भण्डाफोड़ करते हुए, दो लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने दोनो के पास से बड़े पैमाने पर नकली नोट और उसे छापने के उपकरण भी बरामद किये हैं। थाना अध्यक्ष अभय सिंह ने बताया कि, इलाके में नकली नोटों के चलाने वाले गिरोह की खबरें उन्हें मिल रही थीं। जिससे उन्होंने अपने उच्चाधिकारियों को अवगत कराया। इसके बाद उनके निर्देश पर मुखबिरों का जाल बिछा दिया।

जिसके क्रम में एक मुखबिर से मिली से मिली सूचना के आधार पर वह उपनिरीक्षक उत्कर्ष पांडे, विभव सिंह, मुख्य आरक्षी सुनील यादव, रोशन सिंह, आरक्षी राम अवतार, अरविंद, सुरेंद्र, अभिषेक, विनय राय और महिला आरक्षी अर्चना एंव नीलू सिंह के साथ कस्बे के बढई पुरवा स्थित एक मकान पर छापेमारी की कार्रवाई की।जिसके दौरान मकान के एक कमरे से नकली करेंसी और उपकरण सहित करनैलगंज कोतवा. लि क्षेत्र के कम्हौरा गांव निवासी अर्जुन गोस्वामी पुत्र मनोहर और थानाक्षेत्र के ही तुलसीपुर माझा निवासी विश्वनाथ सिंह पुत्र भगवती सिंह को गिरफ्तार कर लिया गया है। उन्होंने बताया कि, मकान अभियुक्त विश्वनाथ का है।

**विभिन्न जनपदों में लगा रखी थी नकली नोट छापने की युनिट**

**दोनों** व्यक्ति बढई पुरवा के अलावा अयोध्या जनपद के रामघाट में भी नकली करेंसी बनाने की एक यूनिट लगा रखी थी। आरोपियों ने बताया कि नवाबगंज में बिजली की समस्या को देखते हुए अयोध्या में दूसरी यूनिट लगाई गई थी। अभियुक्त नकली करेंसी बनाकर सप्लाई भी करते थे। दोनों शातिर चार साल पहले भी नकली नोट बनाने के मामले में जेल जा चुके हैं जेल। बताया जाता है कि अर्जुन को नकली नोट बनाने में महारत हासिल है वहीं विश्वनाथ नकली करेंसी को सप्लाई करने का काम करता है।

**क्या कहते हैं एसपी ?**

पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल ने बताया कि,जिले की नवाबगंज पुलिस ने दो शातिर लोगों को पकड़ा है।

पुलिस ने उनके पास से नकली नोट बनाने में इस्तेमाल आने वाले लैपटॉप,प्रिंटर,सांचे, व आदि उपकरों के साथ 100 रूपये के 32 नकली नोट बरामद किये हैं। जिनके विरूद्ध नवाबगंज पुलिस ने सुसंगत धाराओं में केस दर्ज कर अन्य विधिक कार्यवाही कर रही है।

# उन्नाव में यूपीआईएमएलसी परियोजना पर कार्य शुरू

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार लखनऊ-कानपुर राज्यमार्ग के समीप उन्नाव में उत्तर प्रदेश इंटीग्रेटेड मैन्युफैक्चरिंग व लॉजिस्टिक्स क्लस्टर (यूपीआईएम एलसी) की स्थापना के कार्यों में तेजी लाने जा रही है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर उत्तर प्रदेश एक्सप्रेसवेज औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यूपीडा) ने इस विषय में कार्ययोजना तैयार कर ली है और जल्द ही परियोजना के अंतर्गत आंत. रिक अवसंरचनाओं के निर्माण व विकास की प्रक्रिया शुरू हो जाएगी। अधिकृत सूत्रों ने बताया कि यूपीडा द्वारा तैयार की गई कार्ययोजना के अनुसार, उन्नाव में यूआईएमएलसी परियोजना के अंतर्गत आंतरिक अवसंरचनाओं के विकास का कार्य जल्द ही शुरू होने जा रहा है। इस यूपीआईएमएलसी का कुल प्रसार क्षेत्र 135-26 हेक्टेयर होगा तथा लगभग 30 करोड़ रुपए से अधिक की धनराशि खर्च कर आंतरिक अवसंरचनाओं का विकास किया जाएगा। इस कार्य को पूरा करने के लिए 12 महीने का लक्ष्य रखा गया है और सभी निर्माण व विकास कार्य ईपीसी मोड पर होंगे। उल्लेखनीय है कि पिछले वर्ष योगी सरकार ने प्रदेश के 30 जिलों में 33 इंटीग्रेटेड मैन्युफैक्चरिंग व लॉजिस्टिक्स क्लस्टर्स की स्थापना की घोषणा की थी। इसी कड़ी में उन्नाव में विकसित किया जा रहा यूपीआईएमएलसी भी शामिल है। इस नोड की गंगा एक्सप्रेसवे के साथ ही लखनऊ-कानपुर राज्य मार्ग, सोनिक रेलवे स्टेशन, उन्नाव रेलवे स्टेशन तथा लखनऊ इंटरनेशनल एयरपोर्ट से अच्छी कनेक्टिविटी है। परियोजना के अंतर्गत, यूपीआईएमएलसी के उन्नाव नोड में विभिन्न प्रकार के स्ट्रक्चर्स का विकास किया जाएगा।

# धनुष-बाण से सीबीआई दरोगा पर हमला एक हारी हुई ज़िंदगी की प्रतिशोध भरी पुकार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** शनिवार को राजधानी के हजरतगंज स्थित सीबीआई दफ्तर में अचानक हुए एक अकल्पनीय घटनाक्रम ने सुरक्षा तंत्र और हमारी जांच एजेंसियों की कार्यप्रणाली पर गहरे सवाल खड़े कर दिए। एक व्यक्ति, जिसने हाथ में धनुष-बाण थाम रखा था, सीबीआई कार्यालय में घुसा और दरोगा पर सीधा तीर चला दिया। तीर उसके सीने में जा धंसा।

यह हमला उतना ही प्रतीकात्मक था जितना दर्दनाकख्रजैसे कोई रामायण की पीड़ा को आज की व्यवस्था के विरुद्ध तीर बनाकर चलाने आया हो। पकड़े गए आरोपी की पहचान एक पूर्व रेलवे कर्मचारी दिनेश मुर्मु के रूप में हुई है, यह बिहार के मुंगेर जिले का रहने वाला है। दिनेश वर्षों पहले 1993 के एक बहुचर्चित रेलवे भ्रष्टाचार प्रकरण में नामजद हुआ था। कहते हैं कि वह बहुत ही गरीब तबके से था, जिसकी ज़िंदगी एक झूठे या अधूरे मुकदमे में उलझकर बर्बाद हो गई। नौकरी चली गई, परिवार टूट गया, और उसके बाद शुरू हुआ एक लंबा, घुटन भरा जीवनख्रजिसमें कोई आवाज़ नहीं थी, कोई सुनवाई नहीं थी। तीर के वार से घायल हुआ दरोगा वीरेंद्र भ्रष्टाचार के उस मामले का जांच अधिकारी था! जिसे ढूंढते हुए मुर्मु अपने घर से सैकडों कि मी दूर लखनऊ तक आ पहुंचा। बताया जाता है कि आरोपी वर्षों से इस घाव को ढोता रहा और अंततः लखनऊ आकर उस तंत्र से प्रतिशोध लेने की कोशिश की, जिसे वह अपने जीवन के विनाश का ज़िम्मेदार मानता था। उसकी यह हरकत निश्चित ही कानून के खिलाफ है, और उसका बचाव नहीं किया जा सकता। लेकिन सवाल यह है कि कोई व्यक्ति इस हद तक कैसे पहुंचता है? क्या उसकी पुकार को कभी सुना गया? यह घटना सिर्फ एक दरोगा पर हमला नहीं, बल्कि हमारी जांच एजेंसियों की प्रक्रिया, तफ्तीश के तरीके, और दोषी-निर्दोष की पहचान के वैज्ञानिक मानकों की अनुपस्थिति पर एक करारा तमाचा है। अगर समय रहते जांच में पारदर्शिता और न्यायिक संवेदनशीलता दिखाई गई होती, तो शायद यह दिन कभी नहीं आता। यह तीर किसी व्यक्ति के सीने में नहीं, बल्कि सिस्टम के दिल में धंसा है। एक ऐसा सिस्टम जो अक्सर गरीबों को सबसे आसान निशाना मानता है। आरोपी की यह 'फस्ट्रेशन' हमारे समाज के उस तबके की चुपचाप मरती हुई उम्मीदों की गूंज है, जिनकी आवाज़ कभी न्यायालयों, न आयोगों, न ही एजेंसियों तक पहुंच पाती है। हमें यह सोचना होगाख्रकहीं हम अपनी व्यवस्था से उन ज़ख्मों को तो नहीं दे रहे,

# अपशिष्ट प्रबंधन से बदली 90 हजार से अधिक ग्रामों की तस्वीर स्वच्छता के साथ बढ़ी आमदनी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की योगी सरकार ने ग्रामीण स्वच्छता की दिशा में अभूतपूर्व कार्य करते हुए ठोस अपशिष्ट प्रबंधन को ग्रामीण विकास से जोड़ने का सफल प्रयास किया है। बीते दो वर्षों में घर-घर से कूड़ा संग्रहण, खाद निर्माण और सार्वज निक स्थलों पर डस्टबिन की व्यवस्था जैसे कदमों ने न केवल गांवों को स्वच्छ और सशक्त बनाया, बल्कि ग्राम पंचायतों को आमदनी का नया स्रोत भी उपलब्ध कराया है।

प्रदेश के 90,000 से अधिक ग्रामों में ई-रिक्शा और ठेला गाड़ियों के माध्यम से घर-घर से कूड़ा इकठा किया जा रहा है। अब तक 90,793 गांवों में यह व्यवस्था सुलभ हो चुकी है, वहीं 90,604 ग्रामों में खाद ग्ग्ग् और वर्मी पिट बनाए गए हैं, जिनमें जैविक कचरे से उर्वरक तैयार किया जा रहा है। सरकार के इस अभियान से 22 हजार से अधिक ग्राम पंचायतों में अपशिष्ट संग्रहण का नियमित तंत्र स्थापित हुआ है। इससे गांवों में स्वच्छता के नए मानक विकसित हुए हैं और लोगों में सफाई के प्रति जागरूकता भी बढ़ी है। डस्टबिन की स्थापना से खुले में कचरा फेंकने की प्रवृत्ति में कमी आई है। स्वच्छता अभियान से आर्थिक लाभ भी सामने आया है। दो वर्षों के भीतर ग्राम पंचायतों को अपशिष्ट से करीब पौने चार करोड़ रुपये की आय हुई है। इसमें तीन करोड़ रुपये उपभोक्ता शुल्क के रूप में, 48 लाख रुपये जैविक खाद की बिक्री से और 29 लाख रुपये अजैविक कचरे के निस्तारण से प्राप्त हुए हैं। गांवों में स्वच्छता को जीवनशैली में बदलने की यह पहल, न केवल पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा दे रही है।

# शायरियों में सिमटी राजनीति, मुद्दों से दूर होते नेता

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की राजनीति इन दिनों एक विचित्र मोड़ पर पहुंच गई है, जहां नेताओं के संवाद अब जनहित से अधिक व्यक्तिगत कटाक्ष, व्यंग्य और शायरियों में सिमटने लगे हैं। भाजपा के डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने समाजवादी पार्टी पर 'लठैतवाद की पार्टी' कहकर निशाना साधा, तो जवाब में सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने शायराना अंदाज़ में सत्ता पक्ष को ही निशाने पर ले लिया।

अखिलेश ने ट्वीट किया, जिसमें उन्होंने लिखा कि एक तो प्रधान बनाम मुख्य की प्रतिस्पर्धा है, दूसरी मुख्य बनाम उप की और तीसरी उप बनाम उप की... ये सब एक-दूसरे से आगे निकलने की होड़ में भड़काऊ बयान दे रहे हैं। उन्होंने सत्ताधारी दल के भीतर की खींचतान को रेखांकित करते हुए व्यंग्य किया कि जिन्हें 'प्रखर' कहा जा रहा है, उन्हीं की वजह से 'बिखर' की स्थिति बन गई है, और अब चाहे जितनी भी कोशिशें कर लें, 'शिखर' नहीं मिलने वाला। यह बयानबाज़ी केवल शब्दों की जंग नहीं है, बल्कि यह दर्शाती है कि सत्ता और विपक्ष दोनों ही अब जनहित के बुनियादी सवालों से भटकते जा रहे हैं। किसान अपनी फसलें चौपट होते देख रहा है, आम पर कीट हमला और गेहूं में कीटों की भरमार से लेकर बरसात की मार और बिजली संकट तक। बेरा. ेजगारी के आंकड़े लगातार बढ़ते जा रहे हैं, महंगाई आमजन को रोज़ नए ज़ख्म दे रही है, लेकिन इन पर कोई ठोस संवाद नहीं हो रहा। नेताओं का ध्यान अब अपने-अपने स्तर और असर की प्रतिस्पर्धा में ज्यादा है, और इस होड़ में जनता के मुद्दे कहीं पीछे छूटते जा रहे हैं। जिस समय विपक्ष को जनहित के मुद्दों को लेकर सड़क से सदन तक आवाज़ बुलंद करनी चाहिए थी, वह सत्ता पक्ष की बयानबाज़ी का जवाब सोशल मीडिया पर व्यंग्य से देने में व्यस्त है। वहीं सत्ताधारी दल विपक्ष पर आरोप लगाने में संलग्न है, कभी 'जंगलराज' का डर दिखाकर, तो कभी 'लठैतवाद' का हवाला देकर। लेकिन दोनों ही पक्ष इस बात से बेपरवाह हैं कि आम जनता उनसे जवाब चाहती हैख्रफसल की सुरक्षा पर, बिजली की उपलब्धता पर, युवाओं को रोजगार देने की नीति पर। राजनीति अब बहस का मंच नहीं रह गई, बल्कि एक शब्दों की लड़ाई बन गई है, जहां जनसंवाद की जगह जुमलों और शेरो-शायरी का बोलबाला है। यह प्रवृत्ति केवल सियासी मनोरंजन भर रह जाती है और जनता एक बार फिर अपने असली मुद्दों के लिए अकेली खड़ी दिखती है। देश और प्रदेश की राजनीति में यह जो छात्रसंघीय नाटक उभर रहा है, वह लोकतंत्र के गंभीर विमर्श को एक हास्यास्पद स्थिति में ढकेल रहा है।

# ट्रैक्टर के नीचे दबकर मासूम की मौत

## दो भाई घायल, परिजनों में मचा कोहराम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** मासूम बच्चे की ट्रैक्टर के नीचे दबकर दर्दनाक तरीके से मौत हो गई। मृतक के दो मासूम चचेरे भाई भी घायल हो गये। मासूम बच्चे की मौत से परिवार में कोहराम मच गया।



मामला सैदनगली थाना क्षेत्र के गांव कनैटा की मढ़ेया का है। यहां तोताराम खड्गवंशी का परिवार रहता है। शनिवार की सुबह वह गांव के नजदीक अपनी मैंथा फैक्ट्री की परिवार के साथ साफ सफाई का कार्य कर रहे थे। फैक्ट्री के नजदीक ही उनका ट्रैक्टर खड़ा था। ट्रैक्टर पर उनका आठ वर्षीय बेटा विनीत तथा उसके दो चचेरे भाई अंकुश एवं लवकुश खेल रहे थे। अचानक खेलते खेलते बच्चों ने गियर में खड़ा ट्रैक्टर स्टार्ट कर दिया। जिससे ट्रैक्टर मेंथा फैक्ट्री में बने गहरे गड्ढे में जा गिरा। जिसके नीचे दबकर आठ वर्षीय मासूम विनीत की दर्दनाक मौत हो गई। जबकि ट्रैक्टर पर बैठे उसके दो चचेरे भाई अंकुश एवं लव कुश गंभीर रूप से घायल हो गये। घायलों को तत्काल नगर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। मासूम की मौत से परिवार के लोगों में को. हराम मच गया। घटनास्थल पर ग्रामीणों की भारी भीड़ जमा हो गई। परिजनों द्वारा बताया गया कि मृतक मासूम विनीत गांव के नजदीक स्थित एक विद्यालय में कक्षा एक का छात्र था। वह तीन बहन भाइयों में सबसे छोटा था। मासूम की मौत से मां नीरज समेत परिजनों का रो होकर बुरा हाल है। बिना कानूनी कार्यवाही परिजनों ने शव का अंतिम संस्कार कर दिया।



हसनपुर। बालक की मौत पर विलाप करते परिजन।

# परिजनों से विवाद पर छात्रा ने लगायी फांसी

## बिना पुलिस को सूचना दिये अन्तिम संस्कार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रहरा।** परिजनों से विवाद होने पर कक्षा आठ की छात्रा ने फांसी लगाकर जान दे दी। परिजनों ने बिना पुलिस को सूचना दिये शव का अन्तिम संस्कार कर दिया।

घटना थाना क्षेत्र के एक गांव की है। यहां रहने वाली 15 वर्षीय किशोरी जोकि कक्षा आठ की छात्रा थी, का परिजनों से किसी बात को लेकर विवाद हो गया। जिसे लेकर छात्रा इस कद्र क्रोधित हो गयी कि उसने स्वयं को कमरे में बंद कर लिया तथा फांसी पर झूल गयी। काफी देर तक जब वह कमरे से बाहर नहीं आयी तो परिजनों ने दरवाजा खटखटाया। परन्तु अंदर से कोई आवाज नहीं आने पर झांककर देखा तो किशोरी फंदे पर लटके हुई थी। परिजन अंदर पहुंचे तथा शव को फंदे से नीचे उतारा। बिना पुलिस को सूचना दिये छात्रा के शव का अन्तिम संस्कार कर दिया गया। घटना से घर में कोहराम मचा है। मृतका पांच भाई बहनों में तीसरे नम्बर की थी तथा गांव के एक विद्यालय में कक्षा आठ में पढ़ती थी।

## अहिल्याबाई होल्कर को दी श्रद्धांजलि



**मंडी धनौरा।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा अहिल्याबाई होलकर की 300वीं जयंती को त्रिशताब्दी के रूप में मना रही है। शनिवार को राजमाता अहिल्याबाई होल्कर की 300 वीं जन्म शताब्दी वर्ष के अवसर पर नगरपालिका प्रवीण अग्रवाल के द्वारा नगर के आनंद धाम आश्रम में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। आरती कर प्रसाद का वितरण भी किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित भाजपाइयों ने अहिल्याबाई होलकर के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पालिकाध्यक्ष प्रवीण अग्रवाल ने कहा कि अहिल्या बाई का जीवन समाज उत्थान से जुड़ा रहा। इस मौके शरद गर्ग, राजीव उपाधयाय, विवेक सिंह, राजू बादशाह, सचिन अग्रवाल, प्रत्यक्ष शर्मा, अनूप अग्रवाल, विजय अग्रवाल, गौरव अग्रवाल, सतीश कुमार, गौरव धारीवाल, राजेन्द्र सिंह आदि मौजूद रहे।

## सब्जी लेने गयी किशोरी लापता

**मंडी धनौरा।** बाजार से सब्जी लेने गई 15 वर्षीय नाबालिक किशोरी लापता हो गई परिजनों ने काफी तलाश किया लेकिन कोई सुराग नहीं लगा, 15 वर्षीय किशोरी के लापता होने से परिजन काफी डरे सहमें हुए हैं। नगर के एक मोहल्ला निवासी महिला ने पुलिस को दी तहरीर में कहा है कि बीते गुरुवार को उनकी 15 वर्षीय नाबालिक बेटी बाजार से सब्जी खरीदने के लिए गई थी। शाम चार बजे उनकी नाबालिक किशोरी बाजार सब्जी खरीदने गई थी। काफी देर तक जब वह घर वापस नहीं लौटी तो परिजनों ने तलाश किया लेकिन कोई पता नहीं चला। पर जिन्होंने पुलिस को तहरीर देकर नाबालिक किशोरी की सकुशल बरामदगी की मांग की है।

# डीएम ने गंगा एक्सप्रेस वे का निरीक्षण किया

## कार्य में तेजी लाने के दिये निर्देश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** जिलाधिकारी ने गंगा एक्सप्रेसवे के निर्माण कार्य का निरीक्षण करते हुए कार्य में तेजी लाये जाने के निर्देश दिये है। जिलाधिकारी ने गंगा एक्सप्रेसवे निर्माण में प्रयोग की जा रही नवीन टेक्नोलॉजी की सड़क पट्टी को देखा का भी निरीक्षण किया।

शनिवार को जिलाधिकारी श्रीमती निधि गुप्ता वत्स द्वारा तहसील हसनपुर के क्षेत्र में चल रहे गंगा एक्सप्रेसवे के निर्माण कार्य का मौके पर जाकर निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने प्रारम्भ से जनपद अमरोहा की सीमा हापुड़ तक एक्सप्रेसवे के निर्माण कार्य का मौके पर जाकर अवलोकन किया। और गंगा एक्सप्रेसवे के निर्माण कार्य में तेजी लाने के निर्देश कार्यदायी संस्था के पदाधिकारियों को दिये। संस्था के अधिकारियों द्वारा दो महीने में सभी कार्य पूर्ण होने का आश्वासन दिया गया। जिलाधिकारी ने गंगा एक्सप्रेस वे में चालकों के नींद में वाहन चलाने पर होनी दुर्घटनाओं को रो. कने के लिए प्रयोग की जा रही नवीन टेक्नोलॉजी की सड़क पट्टी को देखा और जानकारी ली। जिसके तहत सड़क पट्टी में वाहन का पहिया टच होने पर सायरन की आवाज देगा जिससे चालक वाहन चलाने के प्रति सावधान हो सकेगा। जिलाधिकारी ने कहा कि गंगा एक्सप्रेसवे बन जाने से लोगों को अनेक प्रकार से लाभ होगा। आवागमन में सुविधा मिलेगी। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनंद उप जिलाधिकार श्री मती विभा श्रीवास्तव अन्य संबंधित अधिकारी और गंगा एक्सप्रेसवे से जुड़े अधिकारी मौजूद रहे।



# पूल पार्टी में बच्चों ने की मस्ती, डांस से किया मंत्रमुग्ध

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** नन्हें मुन्ने बच्चों ने रोमांचक पूल पार्टी का जमकर आनंद लिया। पानी के खेल तथा डांस में उन्होंने मनमोहक प्रस्तुति पेश की।

गांव मालीखेड़ा उर्फ शहवाजपुर स्थित देहली आइडियल पब्लिक स्कूल में पूल पार्टी का आयोजन किया गया। जिसमें कई प्रकार के गेम कराये गये। कक्षा नर्सरी से 2 तक बच्चों के बीच खेलों में प्रतिस्पर्धा हुई। जिसमें सभी ने अपनी काबलियत पेश की। इस मौके पर पानी के खेल तथा डांस का भी आयोजन किया गया। जिसमें बच्चों ने एक से बढ़कर एक प्रस्तुति से सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम में बच्चों के साथ उनके परिजनों ने हिस्सा लेकर बच्चों की गतिविधियों पर नजर रखी। पूल पार्टी के दौरान बच्चों ने जमकर मस्ती की। प्रबंधक मौहम्मद अली ने बताया कि उनके स्कूल में पढ़ाई के साथ खेलकूद व मनोरंजन पर भी खास ध्यान दिया जाता है।



अमरोहा। नगर में तिरंगा शौर्य यात्रा निकालते जिला पंचायत अध्यक्ष ललित तंवर।

# भाजपा नेता पिंटू भाटी समेत दो पर गुंडा एक्ट

## बीच सड़क पर सीएमओ से उलझा था

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** पुलिस अधीक्षक ने कानून व्यवस्था को लेकर ठोस कदम उठाते हुए भाजपा नेता समेत दो के खिलाफ गुंडा एक्ट में कार्रवाई की है।

शनिवार को जनपद के पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनंद ने भाजपा नेता पिंटू भाटी पुत्र महेंद्र सिंह ग्राम फिरोजपुर बदलू व धर्मेंद्र सिंह पुत्र रामचंद्र निवासी कोट पूर्वी कुम्हारान के खिलाफ गुंडा एक्ट की कार्यवाही कर दी। भाजपा नेता पिंटू भाटी ने पिछले दिनों स्वास्थ्य विभाग द्वारा अल्ट्रासाउंड सेंटरो पर की जा रही छापेमारी को लेकर सीएमओ से नोक झोंक कर दी थी। छापेमारी के दौरान घंटों तक हंगामा हुआ था। जिसका वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया गया था। इसको लेकर समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने भी ट्वीट किया था। जिससे मामला राजनीतिक होने के बाद गरमा गया था। बाद में पिंटू भाटी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर अपनी ही सरकार में स्वास्थ्य विभाग द्वारा की जा रही छापेमारी को अवैध ठहराते हुए पैसा उगाही करने का आरोप लगाया था। इससे भाजपा की बहुत फजीहत हुई थी। पुलिस अधीक्षक द्वारा भाजपा नेता पिंटू भाटी के खिलाफ गुंडा एक्ट की कार्रवाई की गई है।



## एक नजर

### मनरेगा में धांधली की शिकायत

**शाह टाइम्स संवाददाता रहरा।** ग्रामीण ने डीएम से शिकायत कर मनरेगा में की जा रही फर्जीवाड़े की जांच की मांग की है। गगेश्वरी ब्लाक के गांव चंदनपुर खादर निवासी शमशेर ने डीएम से शिकायत की है कि गांव में मनरेगा योजना सही ढंग से लागू नहीं की जा रही। साइट पर अपलोड फोटो व काम करने वाले अलग अलग हैं। जो सूची में नाम दिये गये हैं वह फोटो से मैच नहीं करते। प्रधान एवं ब्लाक में जो भी मनरेगा अधिकारी हैं वह दबाव बनाकर शिकायतों का फर्जी निस्तारण करने में लगे हैं।

### जय गोविंद के आठ छात्रों का सैनिक स्कूल में चयन



**शाह टाइम्स संवाददाता जोया।** जय गोविंद पब्लिक स्कूल के आठ छात्रों का चयन सैनिक स्कूल के लिये हुआ है। आज उक्त सभी को सम्मानित कर इनके उज्जवल भविष्य की कामना की गई। स्कूल के दीपेश कुमार, आकाश दीप, अरहान, दक्ष, नक्सबर्धन, श्रेष्ठ प्रताप सिंह का चयन सैनिक स्कूल में कक्षा छह के लिये हुआ है। जबकि मौहम्मद खुबैब, मौहम्मद शान का चयन कक्षा नौ के लिये हुआ। उक्त सभी छात्र जयगोवंद पब्लिक स्कूल में ही तैयारी कर रहे थे। बीते दिन जब सैनिक स्कूल का रिजल्ट घोषित हुआ तो परिजनों की खुशी का ठिकाना नही था। जबकि स्कूल स्टाफ में भी खुशी की लहर दौड़ गई। आज प्रबंधक सरल कुमार एवं प्रधानाचार्य ने चयनित बच्चों को सम्मानित किया तथा इनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

### गीदड़ के हमले में घायल युवक की मौत



**शाह टाइम्स संवाददाता रहरा।** गीदड़ के हमले में घायल युवक की उपचार के दौरान मौत हो गयी। आदमपुर थाना क्षेत्र के गांव भैंसली के मझरा गरजग की मढैये निवासी ओमकार सिंह पुत्र स्व. हीरा सिंह को सात माह पूर्व घर में सोते समय गीदड़ ने काटकर घायल कर दिया था। जिसका उपचार सीएचसी में कराया गया। परन्तु कुछ समय से उसकी तबीयत लगातार बिगड़ती चली गयी। जिस पर परिजन दिल्ली के सफदरगंज अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां आज गांव लौटते समय उसकी मौत हो गयी।

### फार्म हाउस में तोड़फोड़ का लगाया आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** ग्रामीण ने फार्म हाउस में घुसकर तोड़फोड़ कर गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी दिये जाने का आरोप लगाते हुए पुलिस अधीक्षक से कार्रवाई करने की मांग की है।शनिवार को रहरा थाना क्षेत्र के गांव जयतौली शंकरगढ़ी निवासी उमर अशरफी पुत्र शेर मोहम्मद ने पुलिस अधीक्षक को पत्र देकर कहा है कि थाना सैद नगली क्षेत्र के गांव मकनपुर शर्की में फार्म हाउस पर कर्मचारी मौजूद थे। इस दौरान 10 12 लोग 7 गाड़ियों में मौके पर पहुंच गये। उसके बाद उन्होंने फार्म हाउस में तोड़फोड़ कर गाली गलौज शुरू कर दी। मोबाइल भी तोड़ दिया। उनको जान से मारने की नीयत से कोठी में तलाश किया। जब ग्रामीणों की भीड़ मौके पर पहुंची तो वह मौके से फरार हो गये। पीड़ित ने पुलिस अधीक्षक है पूरे मामले की जांच कर कार्यवाही करने की मांग की है।

### खनन से भरी ट्रैक्टर-ट्राली पकड़ी

**शाह टाइम्स संवाददाता रहरा।** पुलिस ने गांव बुरावली में अवैध खनन से भरी ट्रैक्टर ट्राली पकड़ ली। शाह टाइम्स समाचार पत्र ने दो दिन पूर्व क्षेत्र में अवैध खनन की खबरे प्रमुखता से प्रकाशित की थीं। जिस पर कार्रवाई करते पुलिस मौके पर पहुंची तथा मौके से एक ट्रैक्टर ट्राली जब्त कर ली जिसे थाने लाकर सीज कर दिया गया।

# क्वालिटी कंट्रोलर पर फायर झोंकने में छह पर रिपोर्ट

## बीते दिन हुआ था जानलेवा हमला

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** दूध फैक्ट्री के क्वालिटी कंट्रोलर पर फायर झोंकने के मामले में नौगावां सादात थाना पुलिस ने पांच-छह अज्ञात हमलावरों के खिलाफ जानलेवा हमले का मुक. दमा दर्ज किया है। मुरादाबाद के निजी अस्पताल में भर्ती घायल की हालत में अब पहले के मुकाबले सुधार बताया जा रहा है।

गौरतलब है कि फायरिंग की यह घटना गुरुवार देर रात थाना क्षेत्र में हादीपुर चौराहे पर हुई थी । मूलरूप से बरेली जिले के भमौरा थाना क्षेत्र के गांव रामपुर कांकट निवासी शोभित आनंदा फूड्स लिमिटेड के क्षेत्र के गांव पीलाकुंड स्थित प्लांट पर क्वालिटी कंट्रोलर के पद पर तैनात है। वारदात के समय वह फैक्ट्री के सुपरवाइजर कपिल के साथ क्षेत्र में संचालित शेखुपूरा सेंटर से दूध का सैंपल चेक करके प्लांट पर वापस लौट रहा था। दोनों एक बाइक पर सवार थे। हादीपुर चौराहे पर चाय पीने के लिए रुकने पर अज्ञात हमलवारों ने शोभित पर अचानक फायर झोंक दिया था। शरीर पर जगह-जगह छर्रे लगने से घायल शोभित फायर की आवाज से सहमकर जमीन पर गिर गया था। वहीं, फायरिंग करने वाले पांच-छह बाइक सवार हमलावर वारदात अंजाम देने के बाद मौके से फरार हो गए थे। कपिल ने घायल शोभित को पहले जिला अस्पताल में भर्ती कराया था, जहां से बाद में उसे मुरादाबाद हायर सेंटर रेफर कर दिया गया था। मामले में शोभित के भाई सुमित उपाध्याय ने थाने में तहरीर दी थी। प्रभारी निरीक्षक सुनील कुमार ने बताया कि फायरिंग के मामले में पांच-छह अज्ञात हमलवारों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली गई है। चौराहे पर लगे सीसीटीवी की फुटेज खंगालने के साथ घटना की गहनता से जांच की जा रही है। आरो. पियों को जल्दी गिरफ्तार कर चालान किया जाएगा।

### कक्षा नौ में प्रियंका व 11 में आदित्य प्रथम

**शाह टाइम्स संवाददाता रहरा।** शिक्षा भारती इंटर कालेज में होनह. ार छात्र छात्राओं को सम्मानित किया गया। कक्षा नौ में प्रियंका चौहान प्रथम, अर्जुन सिंह द्वितीय व लकी तीसरे स्थान पर रहे। जबकि कक्षा 11 में आदित्य ने पहला, काजल ने दूसरा, शुभम त्यागी, सैक्टर बी में हर्ष प्रथम, लकी वर्मा द्वितीय व लवकुश तीसरे स्थान पर रहे। चीनी के निद. ेशक सतेन्द्र त्याबी ने बच्चों ट्राफी देकर सम्मानित किया। इस मौके पर एकेडमी के डायरेक्टर सक्षम त्यागी, विनीत शर्मा, आमोद त्यागी, पिताम्बर शर्मा, मोहित गुप्ता, जितेन्द्र त्यागी आदि मौजूद रहे।

# ससुरालियों के उत्पीड़न में फंसी महिला सिपाही

## पति पर जायदाद बेचने का बना रही दबाव, बरेली में है तैनात

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** पति व ससुरालियों का उत्पीड़न करने वाली महिला कांस्टेबिल के खिलाफ कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

थाना क्षेत्र के गांव रज्जाकपुर निवासी किसान विक्रम सिंह के बेटे कपिल कुमार की शादी 21 अप्रैल 2015 को महिला कांस्टेबल अंशु चौधरी के साथ हुई थी। वर्तमान में कांस्टेबल अंशु की तैनाती बरेली जिले में चल रही है। आरोप है कि शादी के बाद से ही अंशु कपिल से मुरादाबाद में रहने की जिद करने लगी। लिहाजा, कपिल ने मुरादाबाद में मकान में बनाने के लिए एक प्लॉट खरीद लिया, जिसकी रजिस्ट्री कांस्टेबल पत्नी अंशु के नाम कराई थी। दंपति के दो बेटियां भी हैं। आरोप है कि मुरादाबाद में मकान तैयार होने के बाद कांस्टेबल अंशु का व्यवहार बदलता चला गया। आरोप है कि उसने पति कपिल को घर से निकाल दिया। तभी से कपिल गांव में माता-पिता के साथ रहता है। अब कांस्टेबल अंशु गांव की संपत्ति को बेचने का दबाव बनाती है। कपिल ने संपत्ति बेचने से इनकार कर किया तो कांस्टेबल अंशु ने देवर के खिलाफ दुष्कर्म और सास व ससुर के खिलाफ दहेज उत्पीड़न का मुकदमा दर्ज कराने की धमकी दे डाली। वह खुद के पुलिस विभाग में होने का रौब भी दिखाती है। मामले में कपिल ने कोर्ट की शरण ली थी। प्रभारी निरीक्षक सुनील कुमार ने महिला कांस्टेबल अंशु चौधरी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू करने की बात कही।

# श्री शिव शक्ति महायज्ञ एवं रामकथा की तैयारियां जोरों पर

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** महामण्डेलश्वर स्वामी श्री जलेश्वरानन्द गिरि जी महाराज के सानिध्य में आगामी 29 मई से चतुर्थ श्री शिव शक्ति महायज्ञ चतुर्वेद पारायण एवं श्रीराम कथा का भव्य आयोजन नगर के नागपाल इण्टरनेशनल स्कूल परिसर में आयोजित हो रहा है। जिसकी तैयारियां जोर शोर से चल रहीं हैं। आयोजन के संयोजक जिला सहकारी बैंक के निदेशक व भाजपा नेता चौ. वेदपाल सिंह हैं। उन्होंने बताया कि यह कार्यक्रम साप्ताहिक रहेगा। 28 मई को सुबह आठ बजे नगर के इंदिरा चौक श्री गंगा प्याऊ शिव मंदिर से 2100 महिलाओं की कलश यात्रा प्रारंभ होगी तो वहीं 29 मई से 08 बजे से दोपहर 01 बजे तक महायज्ञ होगा जबकि 30 मई से 07 जून तक सांय 03 बजे से 07 बजे तक श्री राम कथा का आयोजन होगा। उन्होंने बताया कि 07 जून को सौभाग्यशाली कन्याओं का सामूहिक विवाह भी किया जाएगा। कथाव्यास के रूप में काशी पीठाधीश्वर श्रीमद् जगद्गुरू रामानन्दाचार्य स्वामी डॉ.रामकमलाचार्य वेदांती जी महाराज शामिल होंगे तो वहीं यज्ञाचार्य आचार्य श्री सतीश भारद्वाज, यज्ञब्रह्मा आचार्य श्री राकेश शुक्ला सम्मिलित रहेंगे। उन्होंने लोगों से अधिकाधिक संख्या में पहुंचने की अपील की। कहा कि इस तरह का भव्य आयोजन जिले में पहली बार हो रहा है। कार्यक्रम में प्रमुख यजमान पूर्व सांसद देवेन्द्र नागपाल रहेंगे जबकि प्रमुख संयोजक पूर्व चेयरपर्सन अंशु नागपाल रहेंगी। वहीं कार्यक्रम स्थल पर पंडाल आदि बनाने की तैयारी जोरों पर चल रही है।

**■ महामंडलेश्वर स्वामी श्री जलेश्वरानन्द गिरि जी महाराज का रहेगा सानिध्य**



# डीएम व एसएसपी ने सुनीं शिकायतें

■ प्राप्त शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण करने के दिए निर्देश



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** शासन के निर्देशों के अनुरूप जन समस्याओं के त्वरित निस्तारण के उद्देश्य से आज माह के चतुर्थ शनिवार को जनपद के सभी थानों में थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया।

डीएम अविनाश सिंह व एसएसपी अनुराग आर्या ने थाना भमौरा में आयोजित थाना समाधान दिवस में पहुंचकर जन समस्याओं को सुना, एवं उनके गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु मौके पर ही संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया।

डीएम ने समाधान दिवस के रजिस्टर को भी देखा, और निर्देश दिए कि जिन शिकायतकर्ताओं की शिकायतों का निस्तारण किया जाए, उसमें कृत कार्यवाही को रजिस्टर में अवश्य अंकित किया जाए। डीएम ने निर्देश दिए कि जिस दिन समाधान दिवस हो, उसका एक बैनर बनवाकर थाने के बाहर लगाया जाए, जिससे आम जनमानस को जानकारी हो सके। उन्होंने निर्देश दिए कि जहां सरकारी एवं निजी भूमि पर अवैध कब्जे हैं, वहां अभियान चलाकर अतिशीघ्र अवैध कब्जे हटवाए जाएं। थाना दिवस के दौरान भूमि विवाद, राजस्व संबंधी समस्याओं, तथा अन्य जनहित की शिकायतें प्राप्त हुईं। डीएम द्वारा सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि समस्याओं का समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण समाधान सुनिश्चित किया जाए। पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिये गए कि थाना क्षेत्र में शांति एवं सौहार्द बनाए रखने के लिए सक्रियता से कार्य करें। इस दौरान एसडीएम आंवला नहने राम, थानाध्यक्ष भमौरा सहित अन्य संबंधित मौजूद रहे।

## सचिव पर कमीशन मांगे जाने का आरोप, डीएम से की शिकायत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** विकास क्षेत्र नवाबगंज में कमीशन मांगे जाने का खेल काफी पुराना है, ब्लॉक के गांव कुंआ डांडा के ग्राम प्रधान ने ग्राम सचिव पर 15 से 20 प्रतिशत कमीशन मांगे जाने का आरोप लगाते हुए जिलाधिकारी को शिकायती पत्र भेजा है। ग्राम प्रधान जोगेंद्र सिंह द्वारा डीएम को भेजी गई शिकायत में सचिव पुष्पेन्द्र शाक्य पर मनरेगा के कार्य में 20 और ग्राम निधि के कार्य में 15 प्रतिशत कमीशन मांगे जाने का आरोप लगाया है। ग्राम प्रधान ने अपनी शिकायत में कहा है कि कमीशन न दिए जाने पर सचिव कार्यों में अड़ंगा लगा देते हैं। उन्होंने जिलाधिकारी से सचिव के कार्यों की जांच कर उनके खिलाफ कार्यवाही कर शीघ्र ही उनका तबादला किए जाने की मांग की है।

# शाहजी शिफा हॉस्पिटल किया सील

■ अवैध रूप से चल रहा था इलाज, कुछ दिन पहले दुल्हन की हुई थी मौत




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहेड़ी।** सीएचसी अधीक्षक डा. अमित ने शनिवार को शाहजी शिफा हॉस्पिटल को सील कर दिया। यह कार्रवाई अस्पताल में इलाज के दौरान एक युवती की मौत के बाद की गई है। युवती के परिजनों ने अस्पताल संचालक तसलीम उर्फ भूरा के खिलाफ झोलाछाप होने का आरोप लगाते हुए रिपोर्ट दर्ज कराई थी।

देवीपुरा के किशन लाल की पुत्री शांति इलाज के लिए शाहजी शिफा हॉस्पिटल आई थी, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। इसके बाद परिजनों ने अस्पताल संचालक के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने तसलीम अहमद उर्फ भूरा को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

हॉस्पिटल में काम कर रहे लोगों ने घटना के बाद ताला डाल दिया था, लेकिन बाद में अस्पताल फिर से खोल दिया गया। इसकी जानकारी सीएचसी अधीक्षक डॉ. अमित को मिली, जिसके बाद उन्होंने मजिस्ट्रेट के साथ अस्पताल को सील कर दिया।

सीएचसी अधीक्षक डा. अमित ने बताया कि अस्पताल को सील करने की कार्रवाई की गई है, क्योंकि यह अवैध रूप से चल रहा था। आगे भी ऐसे अवैध अस्पतालों के खिलाफ कार्रवाई जारी रहेगी। बरेली में अवैध रूप से चल रहे नर्सिंग होम के खिलाफ पहले भी कार्रवाई की गई है, जिसमें तुलसी नर्सिंग होम को सील किया गया था।

## एक नजर

### डॉक्टर सत्यदेव ओझा को सपा जिला सचिव बनाए जाने पर किया जाएगा सम्मानित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** कस्बे के प्रमुख दंत चिकित्सक डॉक्टर सत्यदेव ओझा को समा. जवादी पार्टी के जिला अध्यक्ष शिवचरन कश्यप ने जिला सचिव मनोनीत किया है।

डॉक्टर सत्यदेव ओझा को सपा जिला सचिव बनाए जाने पर आज मैथिल ब्राह्मण सभा द्वारा एक समारोह में सम्मानित किया जाएगा। बरेली-पीलीभीत हाईवे पर रविवार को जगदम्बे मैरिज हाल में सुबह 11 बजे होने वाले इस सम्मान समारोह के मुख्य अतिथि संगठन के प्रांतीय सचिव मैथिल राकेश उपाध्याय मैनपुरी होंगे, जबकि विशिष्ठ अतिथि पार्टी के जिला अध्यक्ष शिवचरन कश्यप और पूर्व मंत्री भगवत सरन गंगवार होंगे। सभा के तहसील अध्यक्ष मेवाराम शर्मा ने लोगों से इसमें शामिल होने की अपील की है।

### दो बाइकों की भिड़ंत में घायल युवक की इलाज के दौरान मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**बरेली।** थाना शाही क्षेत्र में सड़क हादसे में गंभीर रूप से घायल हुए ग्रामीण की इलाज के दौरान मौत हो गई। हादसे के बाद से परिवार में कोहराम मचा हुआ है। मृतक पांच बच्चों का पिता था।

गांव तुरसा पट्टी निवासी सोमपाल (38) पुत्र जय सिंह बुधवार को कार से किसी काम से आटामांडा गए थे। रास्ते में गांव चकदा के पास उनकी कार खराब हो गई। इसके बाद उन्होंने अपने साढू के बेटे मुंशीलाल को बुलाया और दोनों बाइक से कार मिस्त्री को बुलाने निकल पड़े।

तभी तेज रफ्तार से आ रही दूसरी बाइक ने उन्हें टक्कर मार दी। भिड़ंत इतनी जबरदस्त थी कि सोमपाल और मुंशीलाल दोनों सड़क पर गिरकर बुरी तरह घायल हो गए। आसपास के लोगों ने उन्हें निजी अस्पताल में भर्ती कराया, जहां इलाज के दौरान सोमपाल ने दम तोड़ दिया।

मुंशीलाल का इलाज अभी जारी है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। सोमपाल की मौत की खबर मिलते ही घर में कोहराम मच गया। पत्नी माया देवी बेसुध हैं और पांचों बच्चों का रो-रोकर बुरा हाल है।

### स्मैक के सौदागर दबोचे 36 ग्राम स्मैक बरामद

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**बरेली।** नशे के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना सीबीगंज पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए दो युवकों को 36 ग्राम स्मैक के साथ गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपी भारत गैस एजेंसी, परसाखेड़ा के पास स्मैक बेचने जा रहे थे।

सीबीगंज पुलिस की कार्रवाई, पूछताछ में सप्लायर का नाम भी उगला


पुलिस टीम ने डीपीएस स्कूल के पीछे कच्चे रास्ते से ग्राम चंदपुर काजियान निवासी शादाब (22) पुत्र शकील अहमद और तारिक (26) पुत्र इदरीश को धर दबोचा। तलाशी लेने पर दोनों के पास से 18-18 ग्राम स्मैक बरामद हुई।

पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि यह स्मैक उन्होंने गुलडिया, थाना मीरगंज निवासी अकरम से खरीदी थी। अकरम का पूरा नाम अकरम पुत्र अहमद हुसैन अंसारी है, जो इससे पहले भी स्मैक तस्करी में जेल जा चुका है। गिरफ्तारी के समय आरोपी घबरा गए थे, जिस कारण अकरम के पिता का नाम नहीं बता पाए थे। पुलिस ने तीनों आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धारा 8/21 के तहत केस दर्ज कर लिया है। अकरम की गिरफ्तारी के प्रयास जारी हैं।

### इज्जतनगर में रामजी फूड स्टॉल की आड़ में अवैध टी स्टॉल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बरेली।** इज्जतनगर थाना क्षेत्र के मिनी बाईपास पर स्थित प्रताप अस्पताल के बराबर मे एक साधारण से दिखने वाला रामजी फूड स्टॉल अब इलाके में अवैध कब्जे, गुंडई और वसूली का अड्डा बन चुका है। फूड स्टॉल की आड़ में चल रही अवैध टी स्टॉल ने न सिर्फ सड़क को घेर रखा है, बल्कि अस्पताल के बाहर पूरा इलाका मानों दबंगों के कब्जे में है। स्थानीय लोगों के मुताबिक स्टॉल संचालक और उससे जुड़े लोगों ने अस्पताल के सामने की सड़क पर अतिक्रमण कर अवैध वाहन स्टैंड बना रखा है। राहगीरों और मरीजों को इससे भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हो रही है। स्टॉल पर रोजाना स्थानीय दबंगों का जमावड़ा रहता है, जो खुद को सड़क का मालिक बताकर लोगों से जबरन वसूली कर रहे हैं।



गुंडई और उगाही का अड्डा बना स्टॉल

कई बार राहगीरों, ई-रिक्शा चालकों और स्टॉल से जुड़े लोगों में मारपीट और झगड़े की घटनाएं सामने आ चुकी हैं। इसके बावजूद प्रशासन की चुप्पी कई सवाल खड़े करती है।

**समाचार एवं विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें।**
**मो. इरफान मुनीम जिला प्रभारी ( बरेली )**
**मो0-9456212547 8077380691**
**Email: irfanggnewslive@gmail.com**

# खुलेआम तमंचा लहराता रहा युवक, इलाके में खौफ का माहौल

■ फेसबुक पर हथियारों की नुमाइश, कई बार जा चुका है जेल, पुलिस बेखबर!

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**बरेली।** किला थाना क्षेत्र में एक युवक खुलेआम तमंचा लहराकर न केवल कानून को ठेंगा दिखा रहा है, बल्कि पूरे इलाके में दहशत का माहौल बना रहा है। आरोपी विक्की कश्यप की हथियार के साथ तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल हो चुकी हैं, लेकिन पुलिस अब तक खामा. श बैठी है।

विक्की कश्यप आए दिन फेसबुक पर तमंचा दिखाते हुए तस्वीरें डालता है। हैरानी की बात यह है कि ये कोई पहली बार नहीं है, यह युवक पहले भी कई बार जेल जा चुका है। इसके बावजूद वह बेखौफ होकर हथियारों की नुमाइश कर रहा है। क्या उसे किसी का संरक्षण प्राप्त है। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक सोशल मीडिया पर युवक की तस्वीरें कई बार वाइरल हुई हैं। लेकिन युवक के खिलाफ कभी कोई कार्रवाई नहीं हुई, लोगों में सवाल है अगर अब भी कार्रवाई नहीं हुई तो क्या पुलिस किसी बड़ी वारदात का इंतजार कर रही है।

इलाके में विक्की की दहशत का आलम यह है कि लोग उसके खिलाफ बोलने से भी डरते हैं। मोहल्ले में खामोशी पसरी है, और डर खुलकर सामने आने लगा है। क्षेत्रीय जनता ने जिला प्रशासन से मांग की है कि विक्की जैसे अपराधी के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई की जाए, ताकि कानून का भय कायम रह सके।

# प्रसव के बदले अवैध धन उगाही की आरोपी एएनएम पर मेहरबानी

■ रिछा ब्लॉक की आरा. पी एएनएम को नहीं हटाया गया ब्लॉक से, आरोपी एएनएम का एक और वीडियो हुआ वायरल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहेड़ी/देवरनियां।** प्रसव के बदले अवैध धन उगाही के मामले में आरोपी एएनएम पर अभी तक कोई कार्रवाई नहीं की गई है। अब आरोपी एएनएम का अवैध धन उगाही का दूसरा वीडियो भी सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। अब स्वास्थ्य विभाग की कार्य शैली पर सवाल उठना लाजिमी हो गए हैं।

दस दिन पूर्व ब्लॉक दमखोदा (रिछा) की सीएचसी रिछा के प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र (पीएचसी) मुंडिया नबीबख्श पर तैनात एएनएम पूनम द्वारा प्रसव के बाद प्रसूता को छुट्टी देने के नाम पर अवैध धन उगाही करने का वायरल हुए वीडियो के बाद आरोपी एएनएम का पूर्व का एक और वीडियो वायरल हुआ है। अफसरों की मेहरबानी के चलते उसपर पर कार्रवाई होना तो दूर, ब्लॉक से हटाया तक नहीं गया है। प्रसव के बदले अवैध धन उगाही के एक के बाद एक वीडियो वायरल होने से जहां महकमा-ए-सेहत की सेहत पर खासा असर पड़ा है, वहीं सरकार की निशुल्क और सुरक्षित जननी प्रसव को पलीता लग रहा है। सीएचसी रिछा के अंतर्गत आने वाली पीएचसी मुंडिया नबी बख्श में तैनात एएनएम पूनम का पन्द्रह मई को एक वीडियो वायरल हुआ था, जिसमें पीएचसी पर चल रहे डिल पाइंट पर नियम-विरुध तरह से तैनात एएनएम पूनम एक प्रसूता को छुट्टी देने के एवज में अवैध धन उगाही की डिमांड कर रही है। हालांकि वायरल वीडियो और मीडिया में मामला उजागर होने के बाद आरोपी एएनएम को डिलीवरी पाइंट से हटाकर फिल्ड में टीकाकरण पर भेज दिया गया है। सीएचसी रिछा के इंचार्ज डा. शशांक यादव के अनुसार आरोपी एएनएम से स्पष्टीकरण तलब कर जबाव मांगा गया है। अब फिर उक्त आरोपी एएनघ्एम का प्रसव के बदले अवैध धन उगाही का एक और वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। यह वीडियो उक्त एएनएम का रिछा सीएचसी डिलीवरी पाइंट का दो वर्ष पूर्व का बताया जा रहा है। तब भी मामले को दबा दिया गया था। महकमे के अफसरों की आरोपी एएनएम पर मेहरबानी इसी से उजागर होती है, कि आरोपी एएनएम पर कार्रवाई होना तो दूर, उसे इस ब्लॉक से हटाया तक नहीं गया है। इस संबंध में सीएमओ डा. विश्राम सिंह से बात करना चाही, मगर उनका फोन नहीं उठा, उनके नम्बर पर संदेश भी भेजा गया, मगर उसका भी कोई जबाव नहीं आया। अलबत्ता सीएचसी इंचार्ज का जरुर जवाब मिला, जिसमें उन्होंने बताया कि आरोपी एएनएम से स्पष्टीकरण मांगा गया है, उच्च अधिकारियों को आगे की कार्रवाई के लिए सूचित कर दिया गया है।



> दूसरा वायरल वीडियो पूर्व का होगा, जिसके संबंध में जानकारी नहीं है, दस दिन पूर्व वायरल हुए वीडियो के मामले में आरोपी एएनएम से स्पष्टीकरण मांगा गया है, और डिलीवरी पाइंट से हटाकर उच्च अधिकारियों को सूचित कर दिया गया है। आगे की कार्रवाई उच्च अधिकारी ही करेंगे।
>
> **डा. शशांक यादव, रिछा सीएचसी इंचार्ज**

# उद्योग मंत्री ने अधिकारियों के साथ की समीक्षा

■ एक जनपद एक उत्पाद वित्त पोषण योजनांतर्गत जनपदों के विशेष उद्योगों का प्रस्ताव प्रस्तुत करने के दिए निर्देश



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** मंत्री सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम, खादी एवं ग्रामोद्योग, रेशम उद्योग, हथकरघा तथा वस्त्रोद्योग विभाग राकेश सचान की अध्यक्षता में शनिवार को उद्योग विभाग के विभागीय अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक सर्किट हाउस बरेली में सम्पन्न हुई।

बैठक में मंत्री राकेश सचान ने कहा कि मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2025-26 के अंतर्गत बरेली मंडल को 7800 का लक्ष्य आवंटित किया गया है, उक्त लक्ष्य का कम से कम 35 प्रतिशत स्वीकृति माह जून 2025 तक प्राप्त करना सुनिश्चित किया जाये।

मंत्री राकेश सचान ने निर्देश दिए कि एक जनपद एक उत्पाद वित्त पोषण योजना के अंतर्गत एक जनपद एक उत्पाद की श्रेणी में सम्मिलित करने हेतु उपायुक्त उद्योग अपने-अपने जनपदों के विशेष उद्योगों का प्रस्ताव प्रस्तुत करें। उन्होंने कहा कि अब एक जनपद एक उत्पाद की जगह एक जनपद तीन उत्पाद को प्रोत्साहन देने की योजना प्रस्तावित है।

मंत्री राकेश सचान ने निर्देश दिए कि औद्योगिक आस्थानों, मिनी औद्योगिक आस्थान में जो इकाई काफी समय से बंद चल रही है, तथा चलने की स्थिति में नहीं हैं तो उनको नोटिस जारी करते हुये निरस्तीकरण की कार्यवाही की जाये, ताकि तदोपरान्त उनको ऐसे नये उद्यमियों को आवंटित किया जा सके जो वहां पर इकाई स्थापित कर सकें।

बैठक में मंत्री राकेश सचान ने निर्देश दिए कि माह सितम्बर 2025 में इंडस्ट्रियल मीट का आयोजन किया जाना है, अतः जनपद में जो नये निवेशक हैं, उनसे एमओयू हस्ताक्षरित कराये जाये तथा जो निवेशक पाइप लाइन में है उनकी समस्याएं चिन्हित करते हुए सम्बन्धित विभाग से सम्पर्क कर समस्याओं का तत्काल निस्तारण कराया जाये।

# नशे के सौदागरों पर फरीदपुर पुलिस ने कसा शिकंजा

■ दो तस्कर दबोचे, एक क्विंटल 70 किलो डोडा चूरा बरामद, कीमत तीस लाख




**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** नशे के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत फरीदपुर पुलिस ने एक बड़ी कामयाबी हासिल की है। मुखबिर की सूचना पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने दो तस्करों को दबोचकर उनके कब्जे से एक क्विंटल 70 किलो डोडा चूरा बरामद किया है। बरामद माल की बाजार में अनुमानित कीमत करीब 30 लाख रुपये बताई जा रही है।

गिरफ्तार किए गए आरोपियों की पहचान मुनाजिर (24) व जाकिर (27) पुत्रगण नन्हेबख्स, निवासी मोहल्ला भूरे खां की गौटिया, थाना फरीदपुर के रूप में हुई है। पुलिस के मुताबिक, आरोपी डोडा चूरा की बड़ी खेप को खपाने की फिराक में थे, लेकिन इससे पहले ही पुलिस ने उन्हें पकड़ लिया।

तलाशी के दौरान आरोपियों के पास 11 प्लास्टिक के कट्टों में भरा हुआ डोडा चूरा बरामद हुआ। इलेक्ट्रॉनिक कांटे से वजन करने पर इनका कुल भार 170 किलोग्राम निकला। पुलिस ने मौके पर ही माल को कब्जे में लेते हुए दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया।

थाना प्रभारी राधेश्याम ने बताया कि पकड़े गए तस्कर काफी समय से नशे की तस्करी में संलिप्त हैं। इनके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट में मुक. दमा दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

पुलिस अब इनके नेटवर्क और अन्य साथियों की तलाश में जुटी है।

# सितबत अब्बास ने उपाध्यक्ष पद से नाम लिया वापस, सुरेन्द्र का निर्विरोध चुना जाना तय

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** एडवोकेट प्रेक्टिशनर्स एसोसिएशन कार्यकारिणी के 30 मई को होने वाले चुनाव के चलते शनिवार को एक मात्र नामांकन पत्र वापस लिया गया। उपाध्यक्ष पद से सितवत अब्बास द्वारा नाम वापस लेने के बाद सुरेंद्र पाल का चुना जाना तय हो गया है।

चुनाव अधिकारी राजेश पाल गंग. वार, अशोक राठौर द्वारा दी गई जानकारी के मुताबिक अब चुनाव में संरक्षक पद पर पूर्व अध्यक्ष सुधाकर लाल रस्तोगी और पूर्व अध्यक्ष रवीन्द्र पाल सिंह के बीच सीधा मुकाबला है। अध्यक्ष पद पर पूर्व अध्यक्ष शिशुपाल सिंह गंगवार, रमेश आर्य और प्रदीप कुमार सूरी, सचिव पद पर पुष्पाल सिंह, चंद्र शेखर, फूल कुमार शर्मा, चौतन्य प्रकाश श्रीवास्तव, कोषाध्यक्ष पद पर हरेंद्र कुमार, वीरेन्द्र पटेल, ओमेंद्र देव आर्य, गोपाल बहादुर गंग. वार, कृष्ण पाल, सह सचिव पद पर महेन्द्र कुमार और हारून अहमद, आडिटर पद पर अरविन्द कुमार और चमन प्रकाश के बीच सीधा मुकाबला होगा।

इसके साथ ही कार्यकारिणी सदस्य पद पर नौ प्रत्याशियों चुनाव मैदान में हैं। पुस्तकालय अध्यक्ष पद पर अजय कुमार पहले ही निर्विरोध चुने जा चुके हैं।

**सम्बन्ध विच्छेद**

मैंने अपने पहली पत्नी के अभी पुत्रों पुत्रियों मो. रिजवान, मो. रेहान, मो. सलमान, मो. अरबाज, व पुत्री रिजवाना फरजाना, अफसाना, शबाना, व सीमा को गलत चाल चलन व अभद्र व्यवहार करने के कारण अपनी समस्त चल व अचल सम्पत्ति व अपने परिवार से बेदखल कर सम्बन्ध विच्छेद कर लिए हैं। भविष्य में उनके द्वारा किए गए किसी भी प्रकार के कृत्यों, लेनदेन व मुकदमेबाजी आदि के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होंगे। हमारे परिवार के किसी सदस्य उपरोक्त के किसी कृत्य के लिए किसी प्रकार से जिम्मेदार नहीं होंगे।

**उस्मान खां पुत्र मेहरबान खां निवासी मोहल्ला कानूनगोयन वार्ड 13, हाल निवासी-निशा मिल के पीछे कस्बा रिछा थाना देवरनियां, तहसील बहेड़ी, जिला बरेली**

# चार साल बीतने के बाद भी नहीं खुला तीन बच्चों की मौत का राज

■ कहीं बड़ी साजिश का शिकार तो नहीं हुए हैं औसाफ, जैनुल व जामिन

■ पूरे केस में हुई है लीपापोती, सुबूतों पर नहीं लिया गया एक्शन




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहेड़ी।** चार साल पहले आज ही के दिन सिमरा स्थित किच्छा नदी किनारे नगर के तीन नाबालिग लड़कों की संदिग्ध परिस्थिति में लाशें मिलना उनकी हत्या होने का इशारा कर रही है। तीनों लड़कों की लाशों पर जगह-जगह चोटों के निशान थे, और उनके मुंह से खून भी निकल रहा था, जिससे साफ जाहिर हो रहा था कि किसी ने योजनाबद्ध तरीके से तीनों मासूमों की हत्या की है। बच्चों के शरीर पर चोटों के निशान सभी ने ही देखे, लेकिन पोस्टमार्टम रिपोर्ट में इसका जिक्र तक नहीं किया गया, जिससे एक बड़ी साजिश साफ नजर आ रही है। सुबूत पर कोई एक्शन नहीं लिया गया।

चार साल पहले नगर के मोहल्ला इस्लामनगर निवासी 17 वर्षीय सैयद औसाफ पुत्र सैयद मोहम्मद शुऐब, 16 वर्षीय जामिन अली पुत्र मोहम्मद जाकिर व 15 वर्षीय जैनुल पुत्र जलीस अहमद ठेकेदार की सिमरा गांव स्थित किच्छा नदी किनारे संदिग्ध परिस्थतियों में लाशें मिली थीं। तीनों लड़कों के शरीर पर जगह-जगह चोटों के निशान बने हुए थे, और शरीर पर आग से जलने के निशान भी थे। घटना स्थल से कुछ फासले पर शराब, बियर और कोल्ड ड्रिंक की बोतलें भी पड़ी मिली थीं। परिजनों और दोस्तों का कहना है कि तीनों मृतक शराब और बियर नहीं पीते थे, और घटना स्थल के पास से जो बोतलें मिली थीं, घटना स्थल के पास से शराब और बीयर की बोतलें मिलना साफ इशारा कर रहा है कि कातिलों ने शराब के नशे में धुत होकर तीनों मासूमों के साथ मारपीट कर उनकी बेरहमी से हत्या कर शवों को नदी के अंदर फेंक दिया।

परिजनों के मुताबिक उनके बच्चों की योजनाबद्ध तरीके से हत्या की गई है, और शरीर पर चोटों के निशान होने के बावजूद पोस्टमार्टम रिपोर्ट में इसका जिक्र तक नहीं किया गया है। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा है कि जिस जगह उनके बच्चों की लाशें मिली थीं उस जगह घुटनों तक भी पानी नहीं था, तो फिर कैसे उनके बच्चे डूबकर मर सकते हैं। उन्होंने आरोप लगाया है कि एक बड़ी साजिश के तहत तीनों बच्चों की हत्या की गई है। परिजनों ने मामले की उच्च स्तरीय जांच कराकर हत्यारों को सख्त सजा दिलवाए जाने की मांग की। तीनों के कत्ल को चार साल हो गए हैं।

पुलिस ने इसमें न तो कत्ल साबित किया है, और न ही कातिल को पकड़ सकी है। जो मौके पर सुबूत मिले पुलिस ने उसको भी नजर अंदाज किया है। शहर के लोग आज भी तीन बच्चों के इस सामूहिक कत्ल के खुलासे का इंतजार कर रहे हैं।

# ट्रक ने बाइक सवारों को रौंदा, एक की मौत, दूसरा घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बरेली।** थाना भमौरा क्षेत्र में शुक्रवार देर शाम तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक सवार दो ग्रामीणों को टक्कर मार दी। हादसे में एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। मृतक पांच बच्चों का पिता था। हादसे के बाद परिवार में कोहराम मच गया है।

गांव चकरपुर निवासी सत्यपाल (40) पुत्र सुम्मेरी अपने रिश्तेदार राजकुमार पुत्र राम प्रसाद के साथ मोटर साइकिल से जिला बदायूं के गांव रफतपुर स्थित बहन के घर गए थे। शाम को लौटते समय आंवला-बदायूं रोड पर मनोना धाम के पास तेज रफ्तार ट्रक ने उनकी बाइक को सीधी टक्कर मार दी।

टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि सत्यपाल की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि राजकुमार गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे की सूचना मिलते ही आंवला पुलिस मौके पर पहुंची, और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। घायल राजकुमार को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

सत्यपाल अपने पीछे पत्नी जावित्री देवी और पांच बच्चों को छोड़ गया है। घटना की खबर सुनते ही परिवार में कोहराम मच गया। परिजन बेसुध हैं और गांव में मातमी सन्नाटा पसरा है।



# तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने बाइक सवार को मारी टक्कर

■ बाइक सवार हुआ गंभीर रूप से घायल, रेफर



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिसौली।** शनिवार को मुरादाबाद फर्रुखाबाद हाईवे पर ग्राम सेंडोला के समीप अज्ञात वाहन ने वाईक को मारी टक्कर वाईक सवार युवक हुआ गंभीर रूप से घायल। हम आपको को बता दे । कि मुरादाबाद फर्रुखाबाद हाईवे पर थाना फैजगंज बेहटा थाना क्षेत्र के सेंडोला गांव के पास बाइक सवार नन्हे पुत्र साधू सिंह निवासी बंदार शाहबाद को किसी अज्ञात वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी जिसमें बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया सूचना पर पहुंची एम्बुलेंस 108 ने घायल बाइक सवार नन्हे पुत्र साधू सिंह को बिसौली सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लाकर भर्ती कराया जहां प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने गंभीर अवस्था को देखते हुए घायल नन्हे को जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया बताया जाता है घायल नन्हे पुत्र साधू सिंह बिसौली तहसील क्षेत्र के ग्राम जलालपुर में किसी रिश्तेदारी में आए थे तभी बिसौली नगर में किसी काम से आ रहे थे सैंडोला गांव के पास पहुंचते ही बाइक को अज्ञात डीसीएम ने जोरदार टक्कर मार दी जिसमें बाइक सवार नन्हे गंभीर रूप से घायल हो गए मयंक घायल के परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है।

# ब्लूमिंगडेल स्कूल में संस्कृत भाषा का अध्यापन कार्य हुआ, कैंप आयोजित



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बदायूं।** ब्लूमिंगडेल स्कूल में सीबीएसई पाठ्यक्रम द्वारा भारतीय भाषाओं के ज्ञान हेतु समर कैंप में संस्कृत भाषा का अध्यापन कार्य किया गया। सीबीएसई बोर्ड द्वारा निर्देशित विषय 'भारतीय भाषा का अस्तित्व और विकास' पर सात दिवसीय समर कैंप की श्रृंखला में ब्लूमिंगडेल स्कूल में दूसरे दिन वर्चुअल सिटी टूर, दैनिक जीवन में उचित भाषाशैली का अभ्यास विषय पर कक्षा-6 से कक्षा-12 के छात्र-छात्राओं को अनेक प्रकार से जीवन की सत्यता, आस-पास के वातावरण व अनुभव आदि से अवगत कराया, जो कि सफल जीवन शैली के लिए अति आवश्यक है। इतना ही नहीं देववाणी संस्कृत भाषा के लुप्त होते अस्तित्व के विषय के लिए भी जागरूक किया गया एवं अनेक क्षेत्रों में इस भाषा की उपयोगिता से अवगत कराया गया। आज की अति व्यस्त दिनचर्या के कारण, जिससे हम अनभिज्ञ रह जाते हैं उन सभी से विद्यार्थियों को रूबरू होना अति आवश्यक है, यहां तक कि परस्पर वार्तालाप, विचारों व अनुभवों का आदान-प्रदान, भाषा शैली का अविकसियत रूप इन सभी के लिए मनुष्य स्वयं काफी हद तक स्वयं जिम्मेदार है। क्योंकि इस सभी के लिए उनके पास समय का अभाव है, सामाजिकता से दूरी है। बोर्ड द्वारा एनसीआरटी के तहत इस कार्यक्रम को 'समर कैंप' के माध्यम से प्रत्येक विद्यार्थी को कुछ सीखने-सिखाने का वीणा उठाया है और काफी हद तक सफलता हासिल करते हुए भी नजर आया। इस प्रकार के कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य आज की पीढ़ी को हमारी संस्कृति, भाषा एवं व्यवहारिक ज्ञान की ओर अग्रसर करना है। इस महत्वपूर्ण अवसर पर प्रधानाचार्य संजीव सिंह राठौर ने सभी विषयों के महत्वपूर्ण पहलुओं पर प्रकाश डाला। इस मौके पर समस्त स्कूल प्रबंधन, उपप्रधानाचार्य परशुराम मिश्रा, एकेडमिक हेड सौरभ गांगुली, कॉर्डिनेटर अंजला सोनी एवं समस्त विद्यालय परिवार उपस्थित रहा।

# समर कैंप में बच्चों को डांस स्टेप्स सिखाए



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिसौली।** जायंट्स ग्रुप ऑफ बिसौली रॉयल्स ने केडी मोंटेसरी स्कूल में चल रहे समर कैंप के द्वितीय दिवस पर जायंट्स ग्रुप के यूनिट डायरेक्टर अनुपम वार्ष्णेय व ग्रुप के प्रेसिडेंट राहुल वार्ष्णेय ने गणपति जी के समक्ष दीप जलाकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। साथ ही जायंट्स ग्रुप आफ महिला समृद्धि की अध्यक्ष अंजलि अग्रवाल ने डीओए आंचल वार्ष्णेय के साथ गणपति वंदना की। तत्पश्चात अनेक बच्चों के रजिस्ट्रेशन किए गए। प्रशिक्षिका तनीषा वार्ष्णेय ने बच्चों को डांस के स्टेप्स दिखाएं। प्रसिद्ध ब्यूटीशियन मुस्कान ने बच्चों को सुंदर तरीके से मेहंदी लगाना सिखाया और अनेक हेयर स्टाइल भी बनाने सिखाए। वही पल्लवी राज ने ढोलक की अद्भुत तान बच्चों को सिखाई। सभी बच्चे बहुत एंजॉय कर रहे हैं और उत्साह और उमंग के साथ अनेकों कलाओं में निपुण भी हो रहे हैं। इस अवसर पर आंचल वार्ष्णेय, शेखर वार्ष्णेय, क्षमा वार्ष्णेय, पिंकी वार्ष्णेय, रेखा वार्ष्णेय, सचिन वार्ष्णेय आदि सदस्य उपस्थित रहे।

# एसडीबी पब्लिक स्कूल में ग्रीष्मकालीन प्रशिक्षण शिविर में बच्चों को इंग्लिश स्पीकिंग व ट्रैकिंग मैथ्स सिखाई



**शाह टाइम्स संवाददाता**

श्री देवराहा बाबा पब्लिक स्कूल में दस दिवसीय ग्रीष्मकालीन प्रशिक्षण शिविर कक्षाओं में कक्षा 5 से कक्षा 8 तक के इच्छुक बच्चो को रीजनिंग, इंग्लिश स्पीकिंग एव ट्रिकिंग मैथ्स सिखाई गई। आज के समय में कैरियर की दिशा में ये तीनो ही कक्षाएं सफलता की मुख्य स्रोत है। कम समय में अधिक प्रश्न हल करने की कला एव आत्म विश्वास को बढाने की कला के लिए इन तीनो विद्याओं का ज्ञान होना अतिआवश्यक है। मैथ्स की कक्षा शिक्षक प्रशांत एव प्रियेश रीजनिंग की कक्षा शिक्षक आयुष एव मोहिनी एव इंग्लिश स्पीकिंग की कक्षा तरूण एव सौम्या द्वारा ली जा रही है। बच्चो ने नयी चीजे नयी नयी विधियो से बहुत ही रूचिकर तरीके से सीखी।प्रधानाचार्या मीनू एल बत्रा एव निदेशक अखिलेश वार्ष्णेय ने इन कक्षाओ में जाकर कार्यों की गुणवत्ता का निरीक्षण किया एंव बच्चो की सीखने की प्रवृत्ति की सराहना की। संजय, रवि, सलोनी, सना, काव्यांश, ताशु, शौर्य, जय, कुश, शुभ, विशाल, सक्षम, शिवम, दक्ष, दर्श, अनुज, शिवांशु, अंश, हरिवंश, समर, पार्थ, गोविंद, माधव, जैद, देवराज, अक्षत, अमन, आशीष यादव एव रूद्र प्रताप आदि छात्र छात्राओ ने अपनी इन कक्षाओ में सीखे हुए ज्ञान का सराहनीय प्रदर्शन किया। समस्त कक्षाएं एक्टिविटी इंचार्ज शारदा बवेजा के मार्ग दर्शन में सफलतापूर्वक संचालित की जा रही है।

# विजय कुमार शुक्ला ने फरियादियों की सुनी समस्याएं

■ दो शिकायतों का मौके पर निस्तारण



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिसौली।** कोतवाली में आयोजित थाना समाधान दिवस में तहसीलदार विजय कुमार शुक्ला ने फरियादियों की समस्याएं सुनने के बाद उनके निस्तारण को लेकर टीमें रवाना की। उन्होंने किसानों की भूमि संबंधित मामलों का गंभीरता से निस्तारण करने के निर्देश दिए। इस दौरान पांच शिकायतें दर्ज हुई, जिनमें से महज दो शिकायतों का निस्तारण हो सका। ग्राम धर्मपुर बिहारीपुर निवासी शिव शंकर पुत्र मोहनलाल का आरोप है कि उसकी खाली पड़ी जमीन पर जबरन सीसी रोड डलवाया जा रहा है। ग्राम आदपुर निवासी छबिलाल पुत्र कल्लू क्षेत्र पंचायत सदस्य सूरजपाल आदि का आरोप है कि कलटटर सिंह पुत्र गिरधारी सिंह गांव के खड़ंजे पर शौचालय तथा अपने पशु बांधकर रास्ता अवरोध कर रहा है। ग्राम प्रवेश नगर निवासी हरि सिंह पुत्र दल सिंह का आरोप है कि बिसौली बद्री प्रसाद कॉलोनी निवासी मधुर चौहान उन्हें मोबाइल पर जाति सूचक शब्दों के साथ गलियां दे रहा है। उक्त के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग की। इस दौरान एसएसआई शिवेंद्र भदौरिया, कानूनगो विनोद शर्मा, शादाब नकवी, लेखपाल संघ के अध्यक्ष अमित कुमार, अरविंद कुमार, आदित्य कुमार, रिंकी गुप्ता, रामौतार यादव, अनमोल मिश्रा आदि उपस्थित रहे।

# सोनबुड़ी में आग से नुकसान, दुर्विजय शाक्य ने पीड़ितों को बांटे सहायता चेक



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बदायूं।** बुधवार की रात आई तेज आंधी-बारिश के दौरान जरीफनगर थाना क्षेत्र के गांव सोनबुड़ी में बड़ा हादसा हो गया। गांव में करीब 50 लोगों के घरों में आग लग गई, जिससे लाखों की क्षति हो गई। क्षेत्रीय अध्यक्ष भाजपा ब्रज क्षेत्र दुर्विजय सिंह शाक्य ने गांव सोनबुड़ी पहुंचकर पीड़ित परिवारों को शासकीय सहायता के चेक वितरण किए और राहत सामग्री वितरण की। उन्होंने पीड़ित परिवारों को ढांढस बंधाया और कहा मोदी व योगी सरकार इस दु:ख की घड़ी में आपके साथ खड़ी है, हर संभव मदद की जाएगी और जो भी नुकसान हुआ है उसका सर्वे स्थानीय प्रशासन कर रहा है, उसका पूरा मुआवजा मिलेगा। इस मौके पर उपजिलाधिकारी सहसवान प्रेमपाल सिंह, डीसीबी चेयरमैन जेके सक्सेना, ब्लॉक प्रमुख शिशुपाल शाक्य, ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि नमित गुप्ता, ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि केसी शाक्य, तीर्थेंद्र पटेल, आशीष शाक्य, अंकित शाक्य, परमवीर शाक्य, अरविन्द पटेल, हेमेंद्र पटेल सहित आदि उपस्थित रहे।

# नव नियुक्त बदायूं कांग्रेस को ऑर्डिनेटर अदनान मियां का कांग्रेस जनों ने किया स्वागत



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बदायूं ।** अपराह्न 1:00 बजे बदायूं के नवनियुक्त कोऑर्डिनेटर अदनान मियां पूर्व अध्यक्ष जिला कांग्रेस कमेटी कासगंज का जिला कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष रामपुर के कोऑर्डिनेटर ओमकार सिंह के नेतृत्व में उझानी बाईपास हवेली पर कासगंज से चलकर बदायूं आ रहे नवनियुक्त कोऑर्डिनेटर माला पहनाकर स्वागत किया और बदायूं के कांग्रेस के हालात पर राजनैतिक चर्चा की। जिला कोऑर्डिनेटर बदायूं अदनान मियां का स्वागत करने वालों में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सदस्य जितेंद्र कश्यप, शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मुन्नालाल सागर सहकारिता प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष वीरेश तोमर ,जिला कांग्रेस कमेटी के पूर्व उपाध्यक्ष गौरव सिंह राठौर ,जिला कांग्रेस कमेटी के पूर्व महासचिव उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सदस्य इगलास हुसैन,उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सदस्य डॉ राम रतन पटेल ने स्वागत करते हुए बदायूं जनपद के कोऑर्डिनेटर के समक्ष कांग्रेस की बदायूं के राजनीतिक हालात पर चर्चा की और उनसे कांग्रेसियों ने कहा कि बदायूं जनपद में संगठन खड़ा हो सके इसमें पुराने कांग्रेसी आपके साथ पूर्ण सहयोग करेंगे लेकिन संगठन बनाते समय आपको कुछ चीजों पर नजर अवश्य रखना होगी। जिला कोऑर्डिनेटर अदनान मियां ने वरिष्ठ कांग्रेस जनों को आश्वस्त करते हुए कहा कि संगठन में सभी वर्गों का ध्यान रखते हुए कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं की सलाह का और युवाओं का भी ध्यान अवश्य रखा जाएगा।

# सपा ने पीडीए जन पंचायत का किया आयोजन पार्टी की नीतियों के बारे में दी गई जानकारी



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बदायूं।** हम आपको बता दें कि समाजवादी पार्टी ने शनिवार को हरर्रायपुर गांव में (पीडीए) जन पंचायत का आयोजन किया। सपा राष्ट्रीय सचिव एवं प्रवक्ता राकेश प्रजापति ने आयोजित कार्यक्रम में ग्रामीणों को पार्टी की नीतियों से अवगत कराया गया। बिसौली विधानसभा से सपा विधानसभा अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह यादव ने कहा कि सरकार नाकामियों को छुपाने के लिए तरह-तरह के दुष्प्रचार कर रही है। और कहा कि पिछड़े, दलित और अल्पसंख्यक समाज को देश के संविधान में मिले अधिकारों को छीनने का काम किया जा रहा है। वहीं संगठन को मजबूत करने के लिए कार्यकर्ताओं को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए ।

बैठक में आगामी चुनावों को लेकर विस्तृत चर्चा की गई और संगठन को मजबूत करने के लिए कार्यकर्ताओं को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। वहीं पीडीए जन पंचायत में प्रदेश सचिव राकेश प्रजापति ,विधानसभा अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह यादव अंकित यादव, राजीव यादव ,विकास यादव,सुरेंद्र सागर जी नेमपाल सिंह यादव, अमरनाथ दिवाकर, विकास दिवाकर ,धर्मपाल सिंह पासी प्रधान जी ,पूर्व प्रधान मेवाराम यादव, ,सोमेश प्रताप , रामनिवास यादव ,आशीष यादव, विनोद यादव, उजेंद्र यादव, सुमित यादव विनीत श्रीवास्तव महावीर श्रीवास्तव अजय पाल उर्फ बड़े यादव राजेंद्र यादव एवं पार्टी के वरिष्ठ कार्य करता गण एवं ग्रामवासी सम्मिलित हुं।

## एक नजर

# 27 मई को आईटीआई बदायूं में होगा कैंपस प्लेसमेंट

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बदायूं।** प्रधानाचार्य आईटीआई एस0के0 वार्ष्णेय ने बताया कि 27 मई को राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान बदायूँ में कैंपस प्लेसमेंट का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें श्रीराम पिस्टन एंड रिंग्स लिमिटेड गाजियाबाद कंपनी के प्लेसमेंट पार्टनर क्यूएस कॉरपोरेशन के प्रतिनिधि साक्षात्कार लेंगे, जिसमें इलेक्ट्रीशियन, फिटर, मशीनिस्ट, टर्नर, वेल्डर, प्लंबर, मैकेनिक डीजल इंजन, मैकेनिक मोटर व्हीकल, शीट मेटल, वायरमैन, आरएसी, पीपीओ आदि व्यवसाय के आईटीआई उत्तीर्ण प्रशिक्षार्थी प्रतिभाग कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि व्यवसाय के अभ्यर्थी जिनकी उम्र 18 से 30 वर्ष हो वह अपने समस्त मूल प्रमाण पत्र ,आधार कार्ड, पैन कार्ड, तीन पासपोर्ट साइज फोटोग्राफ आदि सहित राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान सालारपुर बदायूं में प्रात: 09:00 बजे उपस्थित हों। इस संबंध में कोई मार्ग व्यय आदि देय नहीं होगा।

# नोडल अधिकारी ने किया गौशाला का निरीक्षण

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बदायूं।** उत्तर प्रदेश सरकार में विशेष सचिव नगर विकास व जनपद के नोडल अधिकारी महेन्द्र बहादुर सिंह ने जिलाधिकारी अवनीश राय के साथ विकास खण्ड उझानी के गांव नौशेरा स्थित गोवंश आश्रय स्थल का निरीक्षण किया। नोडल अधिकारी ने गौशाला की फैंसिंग व रास्ते तक खड़ंजा न होने पर अप्रसन्नता व्क्त हुए इसको प्राथमिकता पर कराने के निर्देश दिए। नोडल अधिकारी व डीएम ने गौवंशों को माला पहनाकर गुड़ भी खिलाया। शनिवार को किए निरीक्षण के दौरान नोडल अधिकारी ने पाया कि गोवंश आश्रय स्थल पर 44 गोवंश संरक्षित हैं। भूसा, हरा चारा, दाना चोकर पर्याप्त मात्रा में मौजूद है। साफ-सफाई संतोषजनक पायी गयी। पानी हेतु सबमर्सिबल लगाया गया है। हरा चारा काटने हेतु मशीन लगी हुयी है। गोवंश आश्रय स्थल की व्यवस्था संतोषजनक पायी गयी। नोडल अधिकारी ने कहा कि निराश्रित गोवंशों का संरक्षण मा0 मुख्यमंत्री जी की प्राथमिकताओं में है, इसमें किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सभी निराश्रित गोवंशों को गौशालाओं में आश्रय दिया जाए साथ ही गौशालाओं में समुचित व्यवस्थाएं भी पूर्ण की जाएं। उन्होंने सहभागिता योजना में निराश्रित गोवंशों को पशु प्रेमियों को देने के लिए कहा। उन्होंने बताया कि इसके लिए शासन स्तर से दी जाने वाली धनराशि में भी बढ़ोत्तरी की गई है। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी केशव कुमार सहित अन्य अधिकारीगण मौजूद रहे।

# नोडल अधिकारी ने राजकीय मेडिकल कॉलेज के निर्माणाधीन कार्यों का किया निरीक्षण



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बदायूं।** शासन स्तर से जनपद के नोडल अधिकारी बनाए गए विशेष सचिव नगर विकास महेंद्र बहादुर सिंह ने शनिवार को जिलाधिकारी अवनीश राय के साथ राजकीय मेडिकल कॉलेज में निर्माणाधीन कार्यों का निरीक्षण किया। उन्होंने शेष निर्माण कार्यों को पूर्ण करने के निर्देश कार्यदायी संस्था राजकीय निर्माण निगम के अधिकारियों को दिए। उन्होंने मेडिकल कॉलेज द्वारा बनाए गए पीपीटी प्रस्तुतिकरण को भी देखा। निरीक्षण के दौरान नोडल अधिकारी के संज्ञान लाया गया कि टावर 1 से 3 का निर्माण कार्य पूर्ण हो गया है जबकि टावर नंबर 4 व 5 शेष है। उन्होंने टावर 4 व 5 तथा टाइप 4 के आवासीय भवनों का निर्माण कार्य कराने के लिए कहा। साथ ही एडमिनिस्ट्रेटिव ब्लॉक में एडमिनिस्ट्रेटिव बिल्डिंग के निर्माण कार्यों को भी कराने के लिए कहा। नोडल अधिकारी ने राजकीय मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य से कहा कि उनके द्वारा शासन स्तर से को जो रिपोर्ट भेजी गई है उसकी प्रति उपलब्ध कराए ताकि शासन स्तर से उसका निस्तारण कराया जा सके। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी केशव कुमार सहित अन्य अधिकारीगण मौजूद रहे।

# डीएम की अध्यक्षता में हुआ थाना समाधान दिवस का आयोजन



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बदायूं।** जिलाधिकारी अवनीश राय ने थाना मूसाझाग में आयोजित थाना समाधान दिवस की अध्यक्षता करते हुए पुलिस अधिकारियों को गंभीरतापूर्वक कार्य करते हुए आमजन से बेहतर समन्वय व संवाद स्थापित करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर कुल 06 शिकायती पत्र प्राप्त हुए जिनका गुणवत्तापरक निस्तारण करने के निर्देश पुलिस अधिकारियों को दिए। शनिवार को आयोजित थाना समाधान दिवस के अवसर पर जिलाधिकारी ने पुलिस अधिकारियों से कहा कि वह अपने क्षेत्र का नियमित रूप से भ्रमण करते रहे तथा छोटी से छोटी घटना की जानकारी भी उच्च अधिकारियों को दें ताकि समय रहते उसका निदान किया जा सके। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार की अपराध व अपराधियों के प्रति जीरो टॉलरेंस की नीति है इससे किसी प्रकार का समझौता स्वीकार्य नहीं होगा। जिलाधिकारी ने कहा कि थाने में जो भी फरियादी आता है उसको गंभीरतापूर्वक सुना जाए तथा शिकायतों का गुणवत्तापरक निस्तारण सुनिश्चित करना पुलिस की जिम्मेदारी है।

इस बात का भी विशेष ध्यान रखा जाए कि शिकायतकर्ता की संतुष्टि भी निस्तारण में आवश्यक है। उन्होंने राजस्व व भूमि सम्बंधी मामलों के निस्तारण के लिए पुलिस व राजस्व विभाग के अधिकारियों की संयुक्त टीम बनाकर मौके पर जाकर शिकायतकर्ता के सम्मुख निस्तारण कराने के निर्देश दिए। इस अवसर पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार सिंह सहित अन्य अधिकारीगण मौजूद रहे।

# इस्लामनगर में हुआ कव्वाली का आयोजन

मेले में सुरक्षा के व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किया गया, कई थानों की पुलिस, पीएसी फोर्स लगाई गई है



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**इस्लामनगर।** कस्बा में बिसौली रोड स्थित हजरत शाह सदरूद्दीन मियां रहमातुल्ला अलैह की दरगाह पर 15 मई से 54वां उर्स मेले पूरी तरह शुरू हो चुका है।उर्स मेले में पहले दिन कुरान पाक की तिलाबत की गई ( कुरान ख्वानी) दूसरे दिन मेले मैं मिलाद शरीफ का प्रोग्राम हुआ , तीसरे दिन से कव्वालियों दौर शुरू का शुरू हुआ ।नौवे दिन मेले में हिन्दुस्तान के मशहूर और मारूफ कव्वाल ताहिर चिश्ती शेरगढ़ ने अपनी मशहूर 'कब्बाली तेरा दीदार करू,सिर्फ एक बार करो। शाह विलायत, शाह विलायत,हसरत के मैं चिराग जलाता हूं सुबह शाम' सुनाकर जायरीनोंउ (श्रोताओं) का दिल जीत लिया। कब्बाली सुनने बाले दीवानों ने भरपूर मजा लिया। हजरत शाह सदरूद्दीन मियां रहमातुल्ला अलैह की दरगाह के परिसर में दूर-दूर से दुकानदारों, झूला, सर्कस, चरख, मीना बाजार समेत अन्य चीजों से मेले को सजाया गया है। लोगों का मानना है जो लोग यहां मन्नत मांगते उनकी मन्नत पूरी होती है। उर्स मेला 15 मई से शुरू हुआ। और 30 मई को उर्स मेले का समापन होगा । उर्स इंतजामियां कमेटी के पदाधिकारियों ने उर्स में आने-जाने व वाहन पार्किंग स्थल का विशेष प्रबंध किया है। कमेटी द्वारा सुरक्षा के मद्देनजर मेला परिसर में सीसीटीवी कैमरे भी लगाए गए हैं। मेला परिसर में कई झूला, सर्कस और आइसक्रीम की दुकानें सजाने के साथ हलवा परेठा बनाने वाली कारीगरों से दुकानें सजाई हैं। इस मौके पर समस्त कमेटी व पुलिस फोर्स मौजूद रहा।

# नोडल अधिकारी ने किया महिला पीएसी बटालियन के निर्माण कार्यों का निरीक्षण

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बदायूं।** शासन स्तर से नामित नोडल अधिकारी व विशेष सचिव नगर विकास महेंद्र बहादुर सिंह ने शनिवार को तहसील दातागंज के ग्राम सैजनी में निर्माणाधीन महिला पीएसी बटालियन का जिलाधिकारी अवनीश राय व अन्य अधिकारियों के साथ निरीक्षण किया। नोडल अधिकारी ने निर्माण कार्यों में तेजी लाने तथा गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए। उन्होंने प्रोजेक्ट के मॉडल का भी गहनता से अवलोकन करते हुए अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। नोडल अधिकारी व विशेष सचिव नगर विकास महेंद्र बहादुर सिंह ने निरीक्षण के दौरान पाया कि अनावासीय भवनों का निर्माण कार्य पूर्ण हो गया है तथा आवासीय भवनों के शेष कार्यों के लिए टेंडर प्रक्रिया प्रचलन में है।

उन्होंने निर्देशित किया कि निर्माण कार्यों में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाए। उन्होंने निर्माण कार्य में तेजी लाने के लिए कहा ताकि जल्द से जल्द इसकी हैंडओवर की प्रक्रिया को कराया जा सके। उन्होंने महिला पीएसी बटालियन के भौतिक सत्यापन के दौरान वित्तीय स्थिति की जानकारी भी ली। जिलाधिकारी अवनीश राय ने बताया कि महिला पीएसी बटालियन के अनावासीय भवनों का निर्माण कार्य पूर्ण हो गया है यह करीब 95 करोड रुपए की लागत से बनाया गया है। उन्होंने बताया कि आवासीय भवनों के शेष निर्माण कार्यों के लिए टेंडर प्रक्रिया प्रक्रियाधीन है। यह कार्य 219 करोड रुपए में कराए जाने हैं, कुल 267 करोड रुपए के आवासीय भवनों का निर्माण कराया जाना है। लगभग 35 प्रतिशत कार्य पहले ही पूर्ण हो चुका है। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी केशव कुमार, कंसल्टेंट शेखर सचान सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

विज्ञापन के लिए संपर्क करें

कामिल खान ब्यूरो चीफ
दैनिक शाह टाइम्स समाचार पत्र बदायूं ब्रांच ऑफिस
फैजगंज बेहटा वार्ड नंबर हेड ऑफिस रजी चौक
ब्रह्मपुर बराबर रेक्स दवाखाना बदायूं खबरें व
विज्ञापन के लिए संपर्क करें।
संपर्क सूत्र - 7500110219, 9411827221
Email: mkkhan741@gmail-com

# स्टूडेंटस इस्लामिक आर्गेनाइजेशन का कार्यक्रम

## दीन के रास्ते पर चलने का आह्वान



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शेरकोट।** समाज सुधार के लिए स्टूडेंटस इस्लामिक आर्गेनाइजेशन ऑफ इंडिया का कार्यक्रम में युवाओं से दीन के बताये रास्ते पर चलने का आह्वान किया गया।

मोहल्ला शेखान स्थित मस्जिद में स्टूडेंटस इस्लामिक आर्गेनाइजेशन ऑफ इंडिया एक समाज सुधार के कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें आर्गेनाइजेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष अब्दुल हफीज ने युवाओं से दीन और दुनियावी तालीम हासिल कर समाज में बढ़ती बुराइयों को रोकने के लिए काम करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि नबी करीम सल्लल्लाहु अलैही वसल्लम के जमाने से अच्छा अख्लाक और नेक किरदार मुसलमानों की पहचान रहा है। हमें इसके बारे में गौर और फिक्र कर आगे बढ़ना चाहिए। उन्होंने कहा कि मुसलमानों ने हमेशा सच और हक के रास्ते पर चलकर पूरी दुनिया को मिलजुलकर रहने का पैगाम दिया है। उन्होंने कहा मुसलमानों के अच्छे अख्लाक और किरदार की वजह से दूसरे धर्मों के लोगों ने भी अपने को सुरक्षित महसूस किया है। उन्होंने कहा आज नफरत भरे इस दौर में तरह-तरह के इल्जाम लगाकर मुसलमानों को हर खराबी के लिए जिम्मेदार ठहराया जा रहा। उन्होंने मुसलमानों ने हालत से ना घबराने, हक व सच के रास्ते पर चलकर परेशान लोगों की मदद करने और अपने बच्चों को हर हाल में शिक्षित बनाने पर जोर दिया। शहर इमाम मुफ्ती मु. जकी एजाज खान ने कामयाबी पाने के लिए अल्लाह और रसूल के बताए रास्ते पर चलने की हिदायत की। अंत में उन्होंने पूरी दुनिया में अमन-चैन व खुशहाली की दुआ कराई। कार्यक्रम की अध्यक्षता मुफ्ती जकी ने की तथा संचालन डॉ. जियाउर्रहमान ने किया और पश्चिमी उत्तर प्रदेश प्रभारी युनुस खान ने भी विचार व्यक्त किये।

# वादों के निस्तारण में प्रभावी पैरवी के निर्देश

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** जिलाधिकारी जसजीत कौर की अध्यक्षता में कल शाम कलेक्ट्रेट स्थित महात्मा विदुर सभागार में जिला स्तरीय समिति, अभियोजन एवं कारागार की सुरक्षा तथा पोस्टमार्टम, गुण्डा एक्ट, गैंगस्टर एक्ट से संबंधित बैठक आयोजित हुई।

जिलाधिकारी श्रीमती जसजीत कौर ने जिला स्तरीय समिति की बैठक में वादों के निस्तारण के सम्बन्धित प्रकरणों की समीक्षा करते हुए उपस्थित से एक-एक वाद के संबंध में जानकारी प्राप्त करते हुए प्रभावी पैरवी कर निस्तारण कराए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने बैठक में कारागार की सुरक्षा, पोस्टमार्टम, गुण्डा एक्ट और गैंगस्टर एक्ट से संबंधित मामलों पर चर्चा कर आवश्यक दिशा-निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए।

उन्होंने पोस्टमार्टम की प्रक्रिया और गुणवत्ता पर ध्यान देने एवं कारागार की सुरक्षा में सुरक्षा और सुधारों पर चर्चा की। उन्होंने गुंडा एक्ट विषय की समीक्षा में गंभीर आपराधिक गतिविधियों में लिप्त के खिलाफ आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने गैंगस्टर एक्ट विषय की समीक्षा करते हुए गैंगस्टर एक्ट के तहत कार्रवाई के लिए दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे अपने-अपने विभागों में इन मामलों पर ध्यान दें और आवश्यक कदम उठाएं।

उन्होंने पोक्सो एक्ट प्रकरणों की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि मामलों की त्वरित सुनवाई सुनिश्चित की जाए, गवाहों की समय पर उपस्थिति सुनिश्चित की जाए और दोषियों को सजा दिलाने के लिए प्रभावी अभियोजन हो।

इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी प्रशासन विनय कुमार सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक संजीव बाजपेई, अभियोजन अधिकारी सहित सभी संबंधित अधिकारी मौजूद थे।

# 'भारत माता की जय', 'वंदे मातरम' और 'जय हिंद' के नारों से गूंज उठा नगर

## डॉ. इंद्रदेव के नेतृत्व में निकली तिरंगा यात्रा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया, जिसमें सैकड़ों की संख्या में लोगों ने भाग लिया। इस यात्रा का नेतृत्व पूर्व विधायक डॉ. इंद्रदेव सिंह ने किया। यात्रा के दौरान 'भारत माता की जय', 'वंदे मातरम' और 'जय हिंद' के नारों से नगर की गलियां देशभक्ति से गूंज उठीं।

डॉ. इंद्रदेव सिंह ने कहा, "तिरंगा केवल एक झंडा नहीं, यह हमारी अस्मिता, बलिदान और गौरव का प्रतीक है। देश के प्रति प्रेम और एकता को बनाए रखने के लिए ऐसे आयोजनों की आवश्यकता है।"

यात्रा में सामाजिक कार्यकर्ता, विद्यार्थी, व्यापारी संगठन, महिला समूह और स्थानीय जनप्रतिनिधि भी उपस्थित रहे। कई स्थानों पर पुष्प वर्षा कर यात्रियों का स्वागत किया गया। तिरंगा यात्रा के अंत में राष्ट्रगान गाया गया और शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। नगर में पहली बार इतनी बड़ी संख्या में नागरिकों की भागीदारी ने यह स्पष्ट कर दिया कि देशभक्ति आज भी जनमानस में गहराई से रची-बसी है। इस दौरान डॉ. गौरव प्रताप सिंह, नागेश्वर दयाल गहलोत, श्याम सिंह चौहान, गोपाल सिंह, नरेंद्र सिंह, सतीश कुमार आदि मौजूद रहे।

# आंतरिक साधना शिविर का दूसरा दिन

## प्रार्थना का अर्थ और महत्व बताया



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शेरकोट।** तीन दिवसीय आंतरिक साधना शिविर के दूसरे दिन सन्त गुरु महाराज डॉ. विनीत दीक्षित ने प्रार्थना के अर्थ और महत्व बताते हुए कहा कि प्रार्थना तब तक सफल नहीं होती जब तक वह भय अथवा प्रलोभन से की जाती है।

नंद निकेतन आश्रम में जारी आध्यात्मिक शिविर में गुरु महाराज ने कहा कि जब हम भय से प्रार्थना करते है तो वह प्रार्थना भय के समाप्त हो जाने पर समाप्त हो जाती है। इसी तरह जब हम किसी चीज को पाने के लिए प्रार्थना करते है, तो वह प्रार्थना उस चीज के मिलने के बाद समाप्त हो जाती है। उन्होंने एक प्रसंग सुनाते हुए बताया कि एक बार एक नाव में बहुत सारे यात्री व एक संत यात्रा कर रहे थे। अचानक समुद्र में भारी तूफान आ गया। नाव में तूफान आने के कारण सभी यात्री अपनी जान बचाने के लिए प्रार्थना कर रहे थे, लेकिन संत ने कोई प्रार्थना नहीं की। जब उनसे पूछा गया कि आप प्रार्थना क्यों नहीं कर रहे हैं, तो उन्होंने कहा कि प्रार्थना तब तक सफल नहीं होती जब तक वह भय या प्रलोभन से की जाती है। संत ने कहा कि सच्ची प्रार्थना वह है जिसमें कोई मांग नहीं होती, बल्कि देने की भावना होती है। उन्होंने एक अन्य प्रसंग सुनाते हुए कहा कि एक भिखारी की कहानी भी इस बात को दर्शाती है। जब राजा ने उससे कुछ देने के लिए कहा, तो भिखारी ने बड़ी मुश्किल से एक दाना दिया। जब उसने अपनी झोली उल्टी की, तो उसे पता चला कि उसके द्वारा दिए गए दाने के बदले में उसे सोने के दाने मिले थे। इससे यह सीखने को मिलता है कि जो हम देते हैं, वही हमें वापस मिलता है।

संत महाराज ने कहा कि प्रार्थना का जीवन देने का जीवन है। जब हम प्रार्थना करते हैं, तो हमें देने की भावना से करनी चाहिए, न कि लेने की भावना से। इस मौके पर डॉ. विकास, जगदीश सिंह, अनमोल दीक्षित, रमेश कुमार, अभिषेक कटारिया, अलका दीक्षित, उषा दीक्षित, शिवानी त्यागी, निक्की कटारिया, प्रदीप कुमार सहित सैकड़ों सत्संगी भाई बहन मौजूद रहे।

# बीएएलएलबी तृतीय सेमेस्टर का परीक्षाफल रहा शत-प्रतिशत



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** कृष्णा कॉलेज ऑफ लॉ, बिजनौर के बीएएलएलबी तृतीय सेमेस्टर का परीक्षाफल शत प्रतिशत रहा।

लॉ विभाग के विभागाध्यक्ष प्रदीप कुमार राठौर ने बताया कि बीएएलएलबी तृतीय सेमेस्टर में उमरा असलम ने प्रथम, आयशा अंसारी ने द्वितीय तथा असमत सुल्ताना ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। महाविद्यालय परिवार इन सभी विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना करता हैं।

कृष्णा कॉलेज के प्राचार्य डा. परवेज अहमद खाँ ने सभी उत्तीर्ण छात्र/छात्राओं को बधाई देते हुए कहा कि कृष्णा कॉलेज का परिणाम सदैव ही अति उत्तम रहा है। कॉलेज के संस्थापक निदेशक राजीव कुमार, प्रबंधक मनोज कुमार, निदेशक पवन कुमार, विभागाध्यक्ष प्रदीप राठौर व सहायक प्रवक्ता विशाल विक्रम सिंह, डॉ. एमए खान, शिवकुमार सिंह, श्रीमति पूजा ठाकुर, श्रीमति कंचन चौहान, मौ. आफाक ने विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना की।

# किसान संगठनों का प्रथमा बैंक पर प्रदर्शन

## किसान से अभद्रता व रिश्वत मांगने का आरोप



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बरूकी।** किसान का खाता लॉक करने, किसान से अभद्रता करते हुए 10 हजार रुपए की रिश्वत मांगने को लेकर आज किसान संगठनों द्वारा प्रथमा यूपी ग्रामीण बैंक उमरी का घेराव कर धरना प्रदर्शन शुरू किया गया।

प्रथमा यूपी ग्रामीण बैंक उमरी बैंक प्रबंधक द्वारा किसान पवन कुमार का खाता लॉक कर दिया गया। बच्चों के एडमिशन के लिए पवन कुमार ने बैंक प्रबंधक से निवेदन किया लेकिन बैंक प्रबंधक द्वारा पवन कुमार के साथ अभद्र व्यवहार किया गया। पवन कुमार ने जिसकी सूचना भारतीय किसान यूनियन व किसान मजदूर संघर्ष मोर्चा के पदाधिकारियों को दी। सूचना मिलते ही किसान मजदूर संघर्ष मोर्चा के युवा प्रदेश अध्यक्ष विकास चौधरी अपने साथियों के साथ मौके पर पहुंचे और धरना शुरू कर दिया। धरने को संबोधित करते हुए संगठन के युवा प्रदेश अध्यक्ष विकास चौधरी ने कहा कि किसान भाई मजदूरों का शोषण कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। विकास चौधरी ने कहा कि जब तक समस्याओं का समाधान नहीं किया जाएगा तब तक संगठन का धरना जारी रहेगा। केंद्र सरकार व राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं को लेकर विकास चौधरी ने कहा कि बैंकों द्वारा जरूरतमंद लोगों को योजनाओं का लाभ नहीं मिल रहा है। योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए बैंकों द्वारा दलाल सक्रिय किए गए हैं जो कि लोगों से लोन दिलाने के नाम पर मोटी रकम वसूलते हैं। जिसके कारण जरूरतमंद लोग मोटी रकम के एवज में बैंक से लोन लेते हैं। विकास चौधरी ने कहा कि योजनाओं का लाभ जरूरतमंद लोगों को सीधे बैंक से मिलना चाहिए।

इस मौके पर जिलाध्यक्ष विकास उर्फ नूरी, भारतीय किसान यूनियन टिकैत के क्षेत्रीय अध्यक्ष अमरदीप सिंह, बृजेश कुमार, तिलक राम सिंह खोवै, बेगराज सिंह, नरपाल सिंह, कर्मेंद्र सिंह, राजवीर सिंह, राकेश कुमार, इमरान चौधरी, मुनेंद्र सिंह, देवेंद्र सिंह आदि मौजूद थे।

# गन्ना खोदते समय किसान पर गुलदार का हमला

**नगीना।** जंगल में गन्ना खुदाई करने गये एक किसान पर गुलदार ने जानलेवा हमला कर दिया। जिससे किसान गंभीर रूप से घायल हो गया। क्षेत्र में गुलदार की दहशत से लोग भयभीत है।

ग्राम बेनीपुर कोपा निवासी के सतीश कई लोगों के साथ अपने खेत पर गन्ने की खुदाई करने के लिए गया था। सतीश व अन्य किसान आसपास के खेतों में काम कर रहे थे। सतीश गन्ने को काट रहा था तभी गुलदार ने सतीश पर जानलेवा हमला कर दिया। जब सतीश ने शोर मचाया तो खेतों में काम कर रहे किसान तुरंत गन्ने लेकर गुलदार के पीछे शोर मचाते हुए भागे तो गुलदार वहा से भाग गया।

अगर आसपास के खेतों मैं काम करने वाले किसान न होते तो गुलदार सतीश को निवाला बना लेता। इतने लोगों के होने के बावजूद भी गुलदार ने सतीश के मुंह व गर्दन पर पंजा मारकर घायल कर दिया। घायल अवस्था में सतीश को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नगीना ले जाया गया, जहां चिकित्सकों द्वारा सतीश का उपचार किया गया। घटना को लेकर ग्रामीणों में दहशत का माहौल है। ग्रामीणों वन विभाग से गुलदार को पकड़वाने की मांग की है साथ ही इस प्रकार की घटनाओं पर विराम न लगने की स्थिति में किसान यूनियन ने आंदोलन की चेतावनी दी है।

# नगीना में ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर तिरंगा यात्रा

## बड़ी संख्या में ई-रिक्शाएं भी रहीं शामिल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नगीना।** ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के बाद सेना के शौर्य को नमन व वंदन करने के लिए नगर में शौर्य तिरंगा यात्रा भव्य तरीके से निकाली गई।

प्राप्त जानकारी के अनुसार भव्य तरीके से निकाली गई शौर्य तिरंगा यात्रा में उपस्थित जन समूह ने तिरंगे झंडे हाथ में लेकर देशभक्ति के नारे लगाए। ऑपरेशन सिंदूर के समर्थन में निकाली गई भव्य शौर्य तिरंगा यात्रा में महिलाओं सहित हर उम्र व हर वर्ग के लोगो ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। इस तिरंगा यात्रा के दौरान पूरा शहर तिरंगे झंडो से पटा दिखाई दिया। तिरंगा यात्रा के दौरान युवा डीजे पर देशभक्ति के गानों पर जमकर थिरके। तिरंगा यात्रा का नगरवासियों ने जगह जगह पुष्पवर्षा कर, जल वितरण व शरबत वितरण कर स्वागत किया। यात्रा के दौरान पूरे शहर में देशभक्ति का माहौल नजर आया। यह यात्रा गांधी चौक से शुरू होकर मुख्य बाजार मंडी मोलगंज, लोहारी सराय, बाजार बारादरी होते हुए पहाड़ी दरवाजे जाकर संपन्न हुई।




इस यात्रा में पीछे की ओर दर्जनों ई-रिक्शाएं भी चल रहीं थीं। ई रिक्शा यूनियन के कोषाध्यक्ष बदर मुनीम के नेतृत्व में मुनीम चौक से ई रिक्शा चालकों द्वारा भी एक शौर्य तिरंगा यात्रा निकाली गई जो कि स्टेशन रोड होते हुए गांधी मूर्ति तिराहे पहुंची और नागरिकों द्वारा निकली जा रही यात्रा के पीछे पीछे अंतिम गंतव्य तक चलते रहे।

इस दौरान कार्यकर्ताओं और महिलाओं ने भी हाथों में तिरंगे झंडे लेकर देशभक्ति के नारे लगाए और सुरक्षा बलों के शौर्य को सलाम किया। शौर्य तिरंगा यात्रा में वरिष्ठ नागरिकों, युवाओं, व्यापारी वर्ग और समाजसेवियों विशेष कर महिलाओं ने बढ़-चढ़कर प्रतिभाग करते हुए हाथों में तिरंगे झंडे लिए देश के वीर सैनिकों के प्रति अपनी एकजुटता और सम्मान प्रकट किया। तिरंगा यात्रा में डेढ़ सौ से ज्यादा ई-रिक्शा और हजारों की संख्या में महिला पुरुष सम्मिलित हुए। कार्यक्रम की समाप्ति पर पूर्व सांसद डॉ. यशवंत सिंह ने कहा कि तिरंगा केवल झंडा नहीं, हमारी एकता और स्वतंत्रता का प्रतीक है। इस यात्रा का उद्देश्य लोगों में राष्ट्र भक्ति और संवैधानिक मूल्यों के प्रति जागरूकता फैलाना है। क्षेत्रीय मंत्री अनूप बाल्मीकि कहा कि सेना ने पाकिस्तानी हरकत का मुँहतोड़ जबाब दिया और चार दिन में ही पाकिस्तान को घुटने टेकने को मजबूर कर दिया।

अंत में जिला उपाध्यक्ष व कार्यक्रम संयोजक प्रमोद चौहान ने तिरंगा यात्रा में शामिल जनमानस का व नगर की सम्मानित जनता का धन्यवाद किया व कार्यक्रम समाप्ति की घोषणा की।

तिरंगा यात्रा में प्रमोद चौहान जिला उपाध्यक्ष (कार्यक्रम संयोजक), अनूप वाल्मीकि क्षेत्रीय मंत्री, डॉ. यशवंत सिंह पूर्व सांसद, मुंशी रामपाल पूर्व सांसद, महेंद्र धनौरिया पूर्व जिलाध्यक्ष, राजीव सिसोदिया पूर्व जिला अध्यक्ष भाजपा, रचना पाल पूर्व सदस्य लोक सेवा आयोग, तिलकराज सैनी जिला अध्यक्ष पिछड़ा मोर्चा भाजपा, सतीश गौतम पूर्व विधायक, अजीत अग्रवाल पूर्व जिला उपाध्यक्ष भाजपा, अंजली मित्तल मंडल अध्यक्ष भाजपा, माया पाल जिला मंत्री भाजपा, सुभाष शर्मा मंडल अध्यक्ष माहेश्वरी मंडल, प्रभात चंद गुप्ता पूर्व चेयरमैन, राजेंद्र अग्रवाल पूर्व प्रधानाचार्य, सुषमा अग्रवाल पूर्व प्रधानाचार्य, शलभ गोयल, सौरभ मित्तल, पंडित सचिन शर्मा, नीरज विश्नोई निवर्तमान मंडल अध्यक्ष भाजपा, मनोज टंडन, लवी मित्तल, भूरे सिंह, शिवा कर्णवाल, शिवा मिगलानी, प्रदीप गर्ग, आशा माहेश्वरी, स्वाति अग्रवाल, अनीता चौहान, रितु गर्ग, शाकुम्भरी मित्तल, स्वाति जैन, इंदु ठकुराल, सुनील सैनी, पंडित सचिन शर्मा, सिद्धार्थ चौधरी, जितेंद्र चौधरी, सरफराज अंसारी, रोहित विश्नोई, संजीव दत्त विश्नोई, शीतल जोशी, शिवशंकर सक्सेना, केशव दीक्षित, कुलदीप त्यागी, शीतल जोशी, सिद्दीक मुल्तानी, जहीर पहलवान, जुनैद कुरैशी, मकसूद उस्मानी, शैख जमशेद, शहराज खलील, मोहम्मद शारिक, इसरार अल्वी, नफीस अहमद, रविश इकबाल आदि लोग शामिल रहे।

## एक नजर

### हल्दौर में निकाली तिरंगा यात्रा



**हल्दौर।** हल्दौर में विशाल तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया ऑपरेशन सिंदूर में भारतीय सेना ने अपने साहस और शौर्य का प्रदर्शन कर पाकिस्तान की फौज को कड़ा सबक सिखाकर भारत को गौरवान्वित किया। आतंकियों के कायराना हमले में मारे गए करीब 26 पर्यटकों की विधवाओं के मांग के सिंदूर का बदला उनके घर मे घुस कर लिया। खंड विकास कार्यालय परिसर में शुक्रवार को भाजपा कार्यकर्ताओं ने ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर सैनिकों के सम्मान में तिरंगा यात्रा निकाली गई। शुभारंभ ब्लॉक प्रमुख चौधरी विजेंद्र सिंह, बीडीओ विक्रम सिंह, एडीओ ग्राम पंचायत सुशील कुमार ने संयुक्त रूप से किया। तिरंगा यात्रा ब्लॉक कार्यालय से शुरु होकर बालकिशनपुर चौराहे से राम दर्शन कालोनी से होती हुई ब्लॉक कार्यालय पहुंचकर समाप्त हुई। तिरंगा यात्रा का लोगों ने पुष्प वर्षा कर भव्य स्वागत किया। इस अवसर पर तिरंगा यात्रा के संयोजक विपुल चौधरी, विधान सभा संयोजक अनिल सिंह, मंडल अध्यक्ष पीयूष चौहान, हेमेंद्र प्रधान, महेश कुमार, शिवम चौधरी, अतुल मारवाड़ी, वरुण प्रताप सिंह, विपिन कुमार, राहुल चौधरी, अतुल कुमार, पूर्व पालिका अध्यक्ष अमर सिंह पम्मी, दीपक चौहान चानू, अमित सैनी आदि रहे।

### समर कैम्प में बच्चे सीख रहे योग



**हल्दौर।** जीएसएन इंटरनेशनल एकेडमी में चल रहे चार दिवसीय समर कैंप के तीसरे दिन योग, नॉन फायर कुकिंग, डांसिंग, सिंगिंग, स्विमिंग आदि खेलों का आयोजन किया गया। इस अवसर पर शिक्षक अर्जुन सिंह, विशाल चाहल, अपूर्व कुमार ने विद्यार्थियों के लिए जीवन में अनुशासन का महत्व बताया। विद्यालय प्रबंधक रघुराज सिंह नागर ने बताया कि गर्मी की छुट्टियों में समय प्रबंधन कैसे किया जाए एवं गर्मी व लू से बचाव के उपाय बतायें। कार्यक्रम आयोजक विकास पंकज ने विद्यार्थियों को योग कराया एवं जीवन में योग का महत्व समझाया। योग सत्र में अनुलोम विलोम, भस्त्रिका, भ्रामरी प्राणायाम, प्रणामासन, हस्त उत्तानासन, हस्तपादासन, अश्व संचालनासन, अधोमुख श्वानासन, पर्वतासन, अष्टांग नमस्कार , भुजंगासन, पर्वतासन, ताड़ासन और हस्तपादासन आदि योग कराये। निशा राजपूत, पलक राजपूत, स्वाति पाराशर, अनुराधा, ललित कुमार, अरुण डबास, नीरज सिंह, सागर चौधरी आदि रहे।

### तिरंगा शौर्य यात्रा निकाली



**बढ़ापुर।** पहलगाम हमले के बाद आपरेशन सिंदूर द्वारा आतंकियों पर की गई कार्यवाई की सफलता को लेकर भाजपाइयों ने कस्बे में तिरंगा शौर्य सम्मान यात्रा निकाली। इस दौरान भारत माता की जय के नारों के साथ भारतीय सेना के शौर्य की सरहाना की गई। बढ़ापुर बस स्टैंड पर भाजपा किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष खेल सिंह राजपूत व मंडल अध्यक्ष भीम सिंह सैनी के नेतृत्व में काफी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता इकट्ठा हुए। वहां से तिरंगा शौर्य सम्मान यात्रा निकाली गई। यात्रा मुख्य बाजार से होते हुए पुलिस चौकी, मुहल्ला नौमी, सब्जी मंडी, कुंजेटा तिराहे से होते हुए बस स्टैंड पर पहुंचकर संपन्न हुई। इस दौरान यात्रा में मौजूद भाजपाइयों ने भारत माता की जय के नारों के साथ भारतीय सेना के शौर्य की सरहाना की। इस दौरान पूर्व मंडल अध्यक्ष विजय सिंह, जयवीर पंचवाल, शेखर चौहान, सोहित गुप्ता, मुकेश आर्य, अजयराज सिंह, नरेंद्र चौहान, कौशल चौहान, डॉ. राजपाल सिंह, संजीव कश्यप बंटी, नितिन प्रजापति, राहुल कश्यप, सतेंद्र सैनी आदि मौजूद रहे।

### भाकियू का धरना जारी



**बिजनौर।** आज डीएफओ (वन विभाग) कार्यालय बिजनौर पर भारतीय किसान यूनियन का तीसरे दिन भी धरना जारी रहा। किसानों में अपना लंगर वन बिभाग में ही चलाया। धरने पर जिला उपाध्यक्ष वीरेंद्र सिंह, जिला मुख्य महासचिव विजय सिंह, जिला महासचिव सुनील प्रधान, ब्लाक अध्यक्ष हल्दौर धर्मेन्द्र सिंह, ब्लॉक महासचिव हल्दौर जगत सिंह, क्षेत्रीय अध्यक्ष हल्दौर जगदेव सिंह मिस्त्री, चौ. राजेन्द्र सिंग जाफरपुर, ब्लॉक अध्यक्ष मो. पुर देवमल डॉ. विजय सिंह, ब्लॉक अध्यक्ष नहटौर मुनेश सिंह, जिला सचिव आशु चौधरी, ब्लॉक महासचिव नहटौर अतेंद्र सिंह, शुभम अहलावत, सोमेंद्र सिंह, धूम सिंह, सत्यवीर सिंह, मनप्रीत संधु, रजनीश अहलावत, हर्ष देशवाल, विपिन सिंह, मोनू प्रधान, पंकज सहरावत आदि किसान मौजूद रहे। जब तक वन विभाग किसानों पर लिखे झूठे मुकदमे वापस नहीं लेगा और किसानों को गुलदार की समस्या से निजात दिलाने के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठाता। तब तक भाकियू का धरना जारी रहेगा ।

### बाइक सवार बदमाशों ने की लूटपाट

**स्योहारा।** प्रेमनाथ पुत्र चतर सिंह गांव रजपुरा थाना छजलैट जिला मुरादाबाद ने थाने में तहरीर देकर बताया कि वह बीती शाम लगभग 5 बजे मोटरसाइकिल से अपनी पत्नी गीता देवी के साथ अपने घर से अपनी सुसराल स्योहारा मुण्डा खेडी आ रहा था। गांव विशनपुरा कोट नहर की पटरी जंगल के पास बाइक सवार तीन लड़कों ने मेरी बाइक रूवका कर मुझे व मेरी पत्नी गीता देवी को डराया धमकाया ओर मेरी पत्नी के कानो के सोने के कुण्डल, सोने की कन्ठी व गले का सोने का पेडिल व कानों की धुरीये तथा मेरा पर्स जिसमे करीब 3000 रूपये व एक मोबाइल छीन कर गांव गल्ला खेडी की तरफ भाग गये। मेरी पत्नी के कुण्डल खींचने से कान फट गये है। पुलिस को 112 पर कॉल कर लूट की घटना की जानकारी दी। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर अज्ञात में मुकदमा पंजीकृत करके जांच शुरू कर दी है।




## इंग्लैंड दौरे के लिए भारतीय टेस्ट टीम घोषित

# टीम की कमान शुभमन गिल को

### ऋषभ पंत बनाए गए उप कप्तान

**मुबंई, वार्ता।** इंग्लैंड में अगले माह शुरू होने वाली पांच टेस्ट मैचों की श्रृखंला के लिए बल्लेबाज शुभमन गिल को भारतीय क्रिकेट टीम का कप्तान और विकेटकीपर बल्लेबाज रिषभ पंत को उप कप्तान बनाया गया है। बीसीसीआई की चयन समिति ने इंग्लैंड दौरे के लिए शनिवार को टेस्ट टीम की घोषणा करते हुए कहा कि शुभमन गिल टीम की कप्तानी करेंगे और रिषभ पंत उप कप्तान होंगे।

**भारतीय टीम इंग्लैंड के साथ पांच टेस्ट मैचों की सीरीज खेलेगी**

अटठारह सदस्यीय टीम के अन्य सदस्यों में यशस्वी जायसवाल, के एल राहुल, साई सुदर्शन, अभिमन्यु ईश्वरन, करुण नायर, नीतीश कुमार रेड्डी, रविंद्र जडेजा, ध्रुव जुरेल, वाशिंगटन सुंदर, शार्दुल ठाकुर, जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद सिराज, प्रसिद्ध कृष्णा, आकाशदीप, अर्शदीप सिंह और कुलदीप यादव को शामिल किया गया है।

अब तक टीम की कप्तानी कर रहे रोहित शर्मा ने हाल ही में टेस्ट क्रिकेट से सन्यास लेने की घोषणा कर दी थी, जिसके बाद गिल को नया कप्तान बनाया गया है। बल्लेबाज विराट कोहली भी टेस्ट क्रिकेट से सन्यास की घोषणा कर चुके हैं। अरसे बाद भारतीय टीम इन अनुभवी खिलाड़ियों की गैर मौजूदगी में खुद को साबित करने विदेशी जमीन पर उतरेगी। इस दौरे में भारतीय टीम इंग्लैंड के साथ पांच टेस्ट मैच खेलेगी। पहला टेस्ट 20 जून को हेडिंग्ली में, दूसरा दो जुलाई को एजबेस्टन, तीसरा 10 जुलाई को लॉर्ड्स, चौथा 23 जुलाई को ओल्ड ट्रैफर्ड और पांचवां टेस्ट 31 जुलाई को द ओवल में खेला जायेगा। मोहम्मद शमी अनफिट होने के कारण टेस्ट टीम में जगह नहीं बना पाये हैं जबकि करुण नायर की टीम में वापसी हुई है।

जसप्रीत बुमराह की अगुवाई में मोहम्मद सिराज, प्रसिद्ध कृष्णा, आक. ाश दीप और अर्शदीप सिंह तेज गेंदबाजी को धार देंगे जबकि कुलदीप यादव और जडेजा अंग्रेजों को फिरकी में उलझाने की जिम्मेदारी उठायेंगे। मुख्य चयनकर्ता अजीत आगरकर ने भरोसा जताया कि गिल की अगुवाई में भारतीय टीम अपना शत प्रतिशत देने में सफल रहेगी।

## खेलो इंडिया बीच गेम्स में नागालैंड की महिलाओं ने रचा इतिहास

**दीव, वार्ता।** नागालैंड ने शुक्रवार रात दीव में खेले गए खेलो इंडिया बीच गेम्स में सेपकटकरॉ महिलाओं की क्वाडरेगु टीम इवेंट में स्वर्ण पदक जीतकर इतिहास रच दिया। इस शानदार प्रदर्शन ने उन्हें पहली बार किसी खेलो इंडिया प्रतियोगिता के शीर्ष तीन में पहुंचा दिया। वहीं,दिल्ली ने मणिपुर को हराकर पुरुषों की क्वाडरेगु टीम स्पर्धा में स्वर्ण पदक अपने नाम किया। नागालैंड ने खेलो इंडिया बीच गेम्स 2025 में अपना अभियान कुल मिलाकर तीसरे स्थान पर समाप्त किया, जिसमें उन्होंने 5 स्वर्ण, 3 रजत और 5 कांस्य पदक जीते। नागालैंडके चार स्वर्ण पदक पेंचक सिलाट से आए हैं।पदक तालिका में मणिपुर और महाराष्ट्र पहले और दूसरे स्थान पर रहे। घोंघला बीच पर जैसे ही अंतिम सीटी बजी, वहां उत्सव और जश्न का माहौल छा गया।नागालैंड की महिला टीम ने घबराहट, कड़ी टक्कर और दबाव का सामना करते हुए हरियाणा को रोमांचक मुकाबले में 2-1 से हराकर जीत दर्ज की। वहीं, दिल्ली की पुरुष टीम ने फाइनल में मणिपुर को सीधे सेटों में 2-0 से हराकर आसानी से खिताब जीता। पुरुष और महिला दोनों वर्गों के फाइनल के दौरानबड़ी संख्या में दर्शक मौजूद थे। नागालैंड महिला टीम की कप्तान सैयेखिए नोतेपा ने मैच के बाद कहा, ह्मैं बहुत खुश हूं।

# आज सीएसके से भिड़ेगी गुजरात

**अहमदाबाद, वार्ता।** गुजरात टाइटन्स (जीटी) रविवार को यहां नरेंद्र मोदी स्टेडियम में इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 के 67वें मैच में चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) का सामना करेगी। हाल ही में मिली हार के बाद, गुजरात पर लीग चरण में शीर्ष दो में जगह बनाने के लिए इस मैच को जीतने का दबाव है। गुजरात ने 13 मैचों में 17 अंकों के साथ पहले ही प्लेऑफ में अपनी जगह पक्की कर ली है।

हाल ही में लखनऊ सुपर जायंट्स से मिली हार ने शीर्ष दो में जगह बनाने की उनकी कोशिशों को झटका दिया है। रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर से मिली हार की बदौलत, जीटी अभी भी बढ़त बनाए हुए है। इस सीजन में जीटी की सफलता काफी हद तक उनके शीर्ष क्रम के बल्लेबाजों के लगातार अच्छे प्रदर्शन की वजह से है। साई सुदर्शन और शुभमन गिल दोनों ने 600 से ज्यादा रन बनाए हैं, जिससे वे गुजरात की बैलटग लाइनअप की रीढ़ बन गए हैं। दोनों खिलाड़ियों ने नियमित रूप से महत्वपूर्ण पारियों में योगदान दिया है और इस मैच में 30 से ज्यादा रन बनाने के लिए उन्हें स्मार्ट दांव के रूप में देखा जा रहा है। जोस बटलर का फॉर्म भी महत्वपूर्ण रहा है, जिसने शीर्ष पर स्थिरता प्रदान की है। मध्य और निचले क्रम को

**गुजरात की नजरें शीर्ष दो में जगह बनाने पर, नरेन्द्र मोदी स्टेडियम में होगा 67वां मुकाबला**

शेरफेन रदरफोर्ड ने मज़बूत किया है, जिन्होंने 161 की शानदार स्ट्राइक रेट से 267 रन बनाए हैं। शाहरुख खान ने पिछले गेम में 27 गेंदों पर 59 रनों की तेज़ पारी खेलकर अपनी विस्फोटक क्षमता दिखाई थी। जिससे यह सुनिश्चित होता है कि गुजरात के पास स्कोरिंग में तेज़ी लाने के लिए कई विकल्प हैं। गेंदबाजी के मोर्चे पर, गुजरात ने संतुलित आक्रमण के साथ कड़ा नियंत्रण बनाए रखा है। तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज और प्रसिद्ध कृष्णा ने कुल मिलाकर 36 विकेट लिए हैं, जबकि बाएं हाथ के स्पिनर रविश्रीनिवासन साई किशोर ने नौ रन प्रति ओवर से कम की इकॉनमी रेट के साथ 16 विकेट लिए हैं। राशिद खान और कैगिसो रबाडा ने अपनी शानदार फॉर्म के बावजूद इस सीजन में मिली-जुली सफलता हासिल की है। नरेंद्र मोदी स्टेडियम में आईपीएल 2025 में कुछ हाई-स्कोरिंग मैच देखने को मिले हैं, जिसमें पहली पारी का औसत स्कोर 178 रन के आसपास रहा है। इस मैदान पर सबसे बड़ा लक्ष्य 2023 में गुजरात के खिलाफ कोलकाता नाइट राइडर्स द्वारा 207-7 के स्कोर पर हासिल किया गया था। पिच तेज गेंदबाजों के लिए शुरुआत में अच्छी उछाल और गति प्रदान करती है, साथ ही खेल आगे बढ़ने पर स्पिनरों की भी मदद करती है। बल्लेबाजों को स्ट्रोक खेलने के लिए अनुकूल ठोस सतह की उम्मीद हो सकती है, लेकिन पारी के उत्तरार्ध में स्कोरिंग धीमी हो जाती है। चेन्नई अपने अब तक के सबसे खराब आईपीएल अभियान के साथ मैच में उतरेगी। 13 मैचों में सिर्फ़ छह अंक और खराब नेट रन रेट के साथ, सीएसके का तालिका में सबसे नीचे रहना लगभग तय है। संघर्षों के बावजूद, डेवल्ड ब्रेविस और आयुष म्हात्रे जैसी युवा प्रतिभाओं ने उम्मीद का संचार किया है। ब्रेविस विशेष रूप से प्रभावशाली रहे हैं, उन्होंने सिर्फ़ पाँच मैचों में 160 से ज्यादा के स्ट्राइक रेट से 168 रन बनाए हैं, जिससे मध्य क्रम में काफ़ी ज़रूरी गति मिली है। वरिष्ठ खिलाड़ी शिवम दुबे सीएसके के लिए 130 से कम के स्ट्राइक रेट से 340 रन बनाए हैं।

### खेल विशेष

## सुक्खु ने अंगमो को एवरेस्ट फतह करने की दी बधाई

**शिमला, वार्ता।** हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुक्खू ने शनिवार को पर्वतारोही छोंजिन अंगमो को माउंट एवरेस्ट की चोटी पर विजय पताका फहराने के लिए बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। श्री सुक्खू ने कहा कि किन्नौर ज़िला के चांगो गांव निवासी छोंजिन अंगमो जी ने माउंट एवरेस्ट की चोटी पर विजय पताका फहराकर हिमाचल प्रदेश का नाम पूरे देश और पूरी दुनिया में गौरवान्वित किया है। उन्होंने कहा कि दृष्टिबाधित छोंजिन अंगमो जी ने अपार साहस और अटूट संकल्प से दुनिया को दिखा दिया कि कोशिश करने वालों की कभी हार नहीं होती। उनकी यह सफलता युवाओं को अपने कर्तव्यपथ पर डटे रहने की प्रेरणा प्रदान करेगी। सीएम ने अंगमो और उनके परिवार को इसअविस्मरणीय सफलता के लिए हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं भी दीं।

## खिलाड़ियों के सपनों को एमपीएल दे रही है उड़ान

**ग्वालियर, वार्ता।** मध्य प्रदेश लीग उभरते हुए क्रिकेटरों के लिए आईपीएल जैसे बड़े मंच पर पहुंचने का माध्यम बनती जा रही है, जिसका ताजा उदाहरण माधव तिवारी, अनिकेत वर्मा और शिवम शुक्ला के रूप में इंडियन प्रीमियर लीग 2025 के संस्करण में देखा जा सकता है। अनिकेत वर्मा ने आईपीएल 2025 में युवा खिलाड़ियों में सबसे शानदार प्रदर्शन किया है। उन्होंने मध्य प्रदेश प्रीमियर लीग में भोपाल लेपड्र्स के लिए मात्र 41 गेंदों में 123 रन की तूफानी पारी खेली, जिसके चलते उन्हें सनराइजर्स हैदराबाद ने अपने स्क्वॉड में शामिल किया। 30 लाख रुपये के बेस प्राइस पर खरीदे गए अनिकेत वर्मा ने हैदराबाद के लिए इस सीजन में 12 मैच खेले हैं और 155-91 के स्ट्राइक रेट से सर्वाधिक 74 रन बनाते हुए कुल 198 रन बनाए हैं। आक्रामक बल्लेबाजी और क्लीन हिटिंग के लिए पहचाने जाने वाले अनिकेत ने अपने इस प्रदर्शन के दौरान 16 छक्के लगाने के साथ ही 5 कैच भी पकड़े।

# शानदार तरीके से अभियान समाप्त करने उतरेगी केकेआर-एसआरएच

**● दोनों ही टीमें प्लेऑफ के लिए दावेदार नहीं है यह मैच सिर्फ प्रतिष्ठा की लड़ाई बन गया है**

**नई दिल्ली, वार्ता।** सनराइजर्स हैदराबाद (एसआरएच) रविवार को यहां अरुण जेटली स्टेडियम में इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 सीजन के अपने अंतिम ग्रुप स्टेज मैच में कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) से भिड़ेगी। दोनो ही टीमे प्लेऑफ के लिए दावेदार नहीं है, जिससे मैच नंबर 68 प्रतिष्ठा की लड़ाई बन गया है। हालांकि, दोनों फ्रेंचाइजी इस साल के टूर्नामेंट में विपरीत प्रदर्शन के बावजूद सकारात्मक प्रदर्शन के साथ अभियान को समाप्त करना चाहेंगी। सनराइजर्स हैदराबाद ने खराब शुरुआत के बावजूद अपने पिछले चार मैचों में से तीन में जीत के साथ शानदार प्रदर्शन किया है। अपने पिछले मैच में, हैदराबाद ने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु पर 42 रनों की शानदार जीत दर्ज की, जिसमें ईशान किशन की 48 गेंदों पर 94 रनों की तूफानी पारी शामिल थी। सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा के धमाकेदार फॉर्म ने टीम की वापसी में अहम भूमिका निभाई है, जिन्होंने 193 के स्ट्राइक रेट से 12 पारियों में 407 रन बनाए हैं। इस बीच, गत चैंपियन कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) इस सीजन में लय हासिल करने में विफल रही है और 13 मैचों में से पांच जीत के साथ अंक तालिका में सातवें स्थान पर है। आरस. ीबी के खिलाफ उनका सबसे हालिया मुकाबला बारिश की भेंट चढ़ गया, जिससे उनकी प्लेऑफ की उम्मीदें खत्म हो गईं। अनुभवी बल्लेबाज अजिंक्य रहाणे 375 रनों के साथ केकेआर के मुख्य खिलाड़ी रहे हैं, जबकि आंद्रे रसेल ने लगातार प्रभावशाली पारियों के साथ फॉर्म की झलक दिखाई है। हालांकि, बल्लेबाजी और डेथ बॉलिंग दोनों में असंगतता ने पूरे सीजन में नाइट राइडर्स को नुकसान पहुंचाया है। अरुण जेटली स्टेडियम में बल्लेबाजों को ज्यादा मदद मिलने की उम्मीद है। इस मैदान पर पिछले दो आईपीएल 2025 मुकाबलों में 199 और 187 रनों का स्कोर आसानी से हासिल किया गया था, जो टॉस जीतने पर पहले गेंदबाज़ी करने की प्राथमिकता को दर्शाता है। रविवार का मौसम गर्म और नम रहने का पूर्वानुमान है, बारिश की कोई आशंका नहीं है। आंकड़ों के अनुसार, केकेआर ने पिछले छह मुकाबलों में से चार में जीत हासिल करते हुए हाल के रिकॉर्ड पर अपना दबदबा बनाया है। हालांकि, एसआरएच इस समय बेहतर स्थिति में दिख रहा है, क्योंकि उसके खिलाड़ी फॉर्म में हैं और जीत की लय उनके पीछे है।

## विंडीज के खिलाफ इंग्लैंड ने जीती सीरीज




**लंदन, वार्ता।** इंग्लैंड ने होव में वेस्टइंडीज को नौ विकेट से हराकर टी-20 सीरीज में 2-0 की अजेय बढ़त हासिल कर ली है।

जीत के लिए मात्र 82 रनों का पीछा करते हुए, इंग्लैंड ने शुक्रवार को कप्तान नेट साइवर-ब्रंट के 31 गेंदों पर नाबाद 55 और सोफिया डंकले के नाबाद 24 रनों की मदद से 9-2 ओवर में ही लक्ष्य हासिल कर लिया। डैनी वायट-हॉज पारी की पहली गेंद पर आउट हो गईं थी। वेस्टइंडीज ने अपने चार विकेट मात्र 29 रन पर ही खो दिए थे और आखिर में वह नौ विकेट पर 81 रन का मामूली स्कोर ही बना सकी। तेज गेंदबाज एम अर्लट ने अपने दूसरे अंतरराष्ट्रीय मैच में 14 रन देकर 3 विकेट लिए, जिसमें विंडीज की कप्तान हेले मैथ्यूज के छह और अनुभवी बल्लेबाज स्टेफनी टेलर (शून्य) के महत्वपूर्ण विकेट शामिल हैं। तेज गेंदबाज लॉरेन बेल ने 28 रन देकर 3 विकेट लिए और स्पिनर चार्ली डीन ने अपने चार ओवरों में 12 रन देकर 2 विकेट चटकाए।

शेमाइन कैम्पबेले और शबिका गजनबी वेस्टइंडीज की दो बल्लेबाज थीं जो दोहरे अंक तक पहुंचीं, जिन्होंने क्रमशः 26 और 22 रन बनाए और उनकी पूरी पारी में केवल आठ चौके लगे, जिसमें 74 डॉट बॉल भी शामिल हैं। तीसरा और अंतिम टी-20 सोमवार को चेम्सफोर्ड में होगा।

## आईएलसी के उद्घाटन मुकाबले में इंडियन वॉरियर्स से भिड़ेंगे अफ्रीकन लायंस

**आईएलसी का उद्घाटन मुकाबला 27 मई की शाम को होगा**

**ग्रेटर नोएडा, वार्ता।** ग्रेटर नोएडा के शहीद विजय सिंह पथिक स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में 27 मई से शुरू हो रही इंटरकॉन्टिनेंटल लीजेंड्स चैंपियनशिप (आईएलसी) का उद्घाटन मुक. ाबला इंडियन वॉरियर्स और अफ्रीकन लायंस के बीच 27 मई की शाम खेला जाएगा। जिसके बाद 28 मई से प्रतिदिन डबल हेडर मुक. ाबले देखने को मिलेंगे। दिन का पहला मैच दोपहर 3:30 बजे से, जबकि दूसरा मुकाबला शाम 7:30 बजे शुरू होगा। लीग चरण तीन जून को समाप्त होगा, जिसके बाद सेमीफाइनल मुकाबले चार जून को क्रमशः दोपहर 3:30 बजे और शाम 7:30 बजे से खेले जाएंगे। पांच जून को ग्रैंड फिनाले मुकाबला खेला जाना तय है। आईएलसी के संस्थापक और निदेशक प्रदीप सां. गवान ने कार्यक्रम की घोषणा करते हुए कहा कि, ह्यह सिर्फ के लीग नहीं बल्कि छह महाद्वीपों का समागम है। शेड्यूल को इस तरह से तैयार किया गया है कि रोमांच बना रहे और दुनियाभर के दर्शक हर दिन स्क्रीन से जुड़े रहें। पूर्व दक्षिण अफ्रीकी धाकड़ बल्लेबाज हर्शल गिब्स अफ्रीकन लायंस की कप्तानी करेंगे, तो वहीं एशियन किंग्स की अगुवाई सुरेश रैना के हाथों में है। एशिया की इस टीम में रैना के साथ पूर्व श्रीलंकाई दिग्गज तिलकरत्ने दिलशान और अफगानिस्तान के पूर्व कप्तान असगर अफगान भी जलवा बिखेरते नजर आएंगे। इस चैंपियनशिप का प्रसारण सोनी स्पोर्ट्स नेटवर्क पर होगा।

**टीमें**

अफ्रीकन लायंस, ट्रांस टाइटंस (ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड), यूरो ग्लैडिएटर्स, अमेरिकन स्ट्राइकर्स, एशियन किंग्स और इंडियन वॉरियर्स।

# 100वें एटीपी खिताब से एक कदम दूर जोकोविच



**जिनेवा, वार्ता।** नोवाक जोकोविच ने जिनेवा ओपन के सेमीफाइनल में ब्रिटेन के कैमरन नॉरी के खिलाफ कड़े मुकाबले में जीत हासिल कर अपने 100वें एटीपी टूर-स्तरीय एकल खिताब से एक जीत दूर पहुंच गए हैं।

जिमी कोनर्स और रोजर फेडरर के बाद जोकोविच ओपन युग में 100 एटीपी खिताब जीतने वाले तीसरे खिलाड़ी बनने की ओर अग्रसर है। 24 बार के ग्रैंड स्लैम चैंपियन ने शुक्रवार को नॉरी पर 6-4 6-7 (6-8) 6-1 की शानदार जीत के साथ उस मील के पत्थर के करीब एक कदम और बढ़ा दिया। बीबीसी की रिपोर्ट के अनुसार जोकोविच ने पिछले साल गर्मियों में पेरिस में ओलंपिक स्वर्ण जीतने के बाद से कोई खिताब नहीं जीता है। वह शनिवार को होने वाले फाइनल में पोलैंड के ह्यूबर्ट हर्काज़ से भिड़ेंगे। गुरुवार को 38 साल के हो गए जोकोविच ने कहा कि यह मेरे लिए अब तक का सबसे कठिन मैच था।

**नोवाक ने पेरिस में ओलंपिक स्वर्ण जीतने के बाद से कोई खिताब नहीं जीता है**

जोकोविच के लिए यह क्ले सीजन निराशाजनक रहा है, उन्हें मैड्रिड और मोंटे कार्लो में तुरंत बाहर होना पड़ा। हालांकि, जिनेवा में एटीपी 250 खिताब फ्रेंच ओपन से पहले यह टूर्नामेंट आत्मविश्वास बढ़ाने वाला हो सकता है, जहां वह रिकॉर्ड तोड़ 25वां ग्रैंड स्लैम खिताब जीतने की कोशिश करेंगे। रविवार से शुरू होने वाले रोलांड गैरोस में पहले दौर में जोकोविच का सामना अमेरिकी मैकेंजी मैकडोनाल्ड से होगा। सीजन के अपने पहले सेमीफाइनल में खेलते हुए, नॉरी ने पहले सेट में जोकोविच की सर्विस पर सिर्फ दो अंक जीते। दूसरे सेट में ब्रिटिश खिलाड़ी ने नियंत्रण हासिल किया और पहली बार जोकोविच की सर्विस को चुनौती देते हुए 4-1 से आगे हो गया। 5-2 पर जोकोविच द्वारा किए गए डबल फॉल्ट ने नॉरी को एक सेट प्वाइंट दिलाया, लेकिन वह अपना मौका चूक गए।

## कामिला राखिमोवा के खिलाफ मैच से फ्रेंच ओपन अभियान की शुरुआत करेंगी सबालेंका

**पेरिस, वार्ता।** विश्व की नंबर एक खिलाड़ी आर्यना सबालेंका ने फ्रेंच ओपन के महिला एकल में रविवार को रूस की कामिला राखिमोवा के खिलाफ़ अपना अभियान शुरू करेंगी। सबालेंका को ड्रॉ के उसी हिस्से में रखा गया है, जिसमें पाँचवीं वरीयता प्राप्त पोलिश खिलाड़ी इगा स्वियाटेक हैं। 27 वर्षीय बेलारूसी खिलाड़ी ने मियामी और मैड्रिड में दो डब्ल्यूटीए 1000 खिताब जीते हैं, साथ ही ऑस्ट्रेलियन ओपन, इंडियन वेल्स और स्टटगार्ट में तीन अन्य फाइनल में पहुंची हैं। इस सीजन में क्ले पर तीन बार की गत विजेता इगा स्विएटेक के संघर्ष से सबालेंका का हाथ मजबूत हुआ है।सबालेंका ने कहा कि यह जानते हुए कि कोई मेरा पीछा कर रहा है या मेरी पीठ पर निशाना लगा रहा है, मुझे यह अच्छा लगता है। मैं इसे एक चुनौती के रूप में लेती हूँ। देखते हैं कि कौन दबाव के क्षणों के लिए तैयार है। सबालेंका पिछले साल के क्वार्टर फाइनल में रूसी किशोरी मीरा एंड्रीवा से पेट दर्द की समस्या के चलते हार गई थी।

# आतंकवाद को लेकर पाखंड पर दिल्ली सख्त

## भारत ने पाकिस्तान की संयुक्त राष्ट्र में की कड़े शब्दों में निंदा

**न्यूयॉर्क।** भारत ने संयुक्त राष्ट्र (संरा) में पाकिस्तान की इस बात के लिए कड़े शब्दों में निंदा की है कि वह भारत में आतंकवादी हमलों को प्रायोजित करने और निर्दोष नागरिकों की हत्या करने के अपने पाखंडी व्यवहार के साथ-साथ आम नागरिकों की सुरक्षा की बात भी कर रहा है।

संरा में भारत के स्थाई प्रतिनिधि राजदूत पी-हरीश ने शनिवार को यहां संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की वर्तमान समय में उभरते खतरों से निपटने, नागरिकों, मानवीय एवं संयुक्त राष्ट्र कर्मियों और पत्रकारों एवं मीडिया पेशेवरों की सुरक्षा सुनिश्चित करने तथा जवाबदेही तंत्र को बढ़ावा देने के मसलों पर हुई खुली बहस के दौरान अपने संबोधन में यह बात कही। हरीश ने कहा कि अपनी सीमाओं के पार से आतंकवाद को प्रायोजित करने वाले देश के लिए नागरिकों की सुरक्षा पर चर्चा में भाग लेना भी अंतर्राष्ट्रीय समुदाय का अपमान है। हरीश ने 'एजेंडा' पत्र 'सशस्त्र संघर्ष में नागरिकों की सुरक्षा' के तहत संबोधन में कहा कि भारत ने अपनी सीमाओं के पार से दशकों तक पाकिस्तान द्वारा प्रायोजित आतंकवादी हमलों का सामना किया है। ऐसे देश (पाकिस्तान) के लिए नागरिकों की सुरक्षा पर



**पिछले चार दशकों में आतंकवादी हमलों में 20000 से अधिक भारतीय लोगों की जानें गई हैं**

चर्चा में भाग लेना भी अंतर्राष्ट्रीय समुदाय का अपमान है। पाकिस्तान के सभी तर्कों को खारिज करते हुए उन्होंने कहा कि वह कई मुद्दों पर पाकिस्तानी प्रतिनिधि के बेबुनियाद आरोपों का जवाब देने के लिए बाध्य हैं। कश्मीर के पहलगाम में पाकिस्तानी आतंकवादियों द्वारा 26 निर्दोष पर्यटकों की हत्या के बाद भारत के पाकिस्तानी आतंकवादियों के खिलाफ शुरू किए गए 'ऑपरेशन सिंदूर' का जिक्र करते हुए राजदूत हरीश ने कहा कि इस महीने की शुरुआत में पाकिस्तानी सेना ने जानबूझकर हमारे सीमावर्ती गांवों पर गोलाबारी की जिसमें 20 से अधिक नागरिक मारे गए और 80 से अधिक घायल हो गए। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान ने जानबूझकर गुरुद्वारों, मंदिरों और कॉन्वेंट जैसे स्थलों के साथ-साथ सभी चिकित्सा सुविधाओं को निशाना बनाया। उन्होंने कहा कि इस तरह के व्यवहार के बाद इस संगठन में उपदेश देना घोर पाखंड है। इससे पहले उन्होंने सिंधु जल संधि के बारे में गलत सूचना फैलाने के लिए पाकिस्तान को फटकार लगाते हुए कहा कि उसने भारत के खिलाफ तीन युद्ध और हजारों आतंकवादी हमले करके संधि की भावना का उल्लंघन किया है। उसके इस बर्ताव से नागरिकों का जीवन, धार्मिक सद्भाव और आर्थिक समृद्धि प्रभावित होती है। हरीश ने कहा कि हम सिंधु जल संधि के संबंध में पाकिस्तान के प्रतिनिधिमंडल द्वारा फैलाई जा रही गलत सूचना का जवाब देने के लिए बाध्य हैं। भारत ने एक ऊपरी तटवर्ती देश के तौर पर हमेशा ही जिम्मेदाराना कार्रवाई की है। उन्होंने कहा कि पिछले चार दशकों में आतंकवादी हमलों में 20000 से अधिक भारतीय लोगों की जानें गई हैं, जिनमें से सबसे हालिया पहलगाम में पर्यटकों पर किया गया नृशंस आतंकवादी हमला था।

## ऑस्ट्रेलिया में बाढ़ के कारण दस हजार संपत्तियां क्षतिगस्त

**सिडनी।** ऑस्ट्रेलिया के न्यू साउथ वेल्स (एनएसडब्ल्यू) में बाढ़ के कारण लगभग दस हजार संपत्तियों के क्षतिग्रस्त होने का अनुमान है। राज्य के आपातकालीन सेवा प्राधिकरण ने शनिवार को कहा कि शुरुआती अनुमानों से पता चलता है कि राज्य के पूर्वी क्षेत्रों में बाढ़ के पानी में 10000 से अधिक संपत्तियां क्षतिग्रस्त हो गई। राज्य आपातकालीन सेवा (एसईएस) के मुख्य अधीक्षक पॉल मैकक्वीन ने आज सुबह संवाददाताओं को बताया कि क्षति आकलन प्रक्रिया शुरू करने के लिए टीमें रवाना होंगी। उन्होंने कहा कि मैं दोहराता हूं कि यह अभी भी एक खतरनाक स्थिति है जहां बुनियादी ढांचे और संपत्तियों पर महत्वपूर्ण प्रभाव पड़ने की संभावना है। दुर्भाग्यवश जब तक पानी के स्तर में और कमी नहीं हो जाती तब तक लोगों को अपने घरों में वापस जाने देना संभव नहीं है तथा हमें विश्वास है कि वे अपने घरों और समुदायों तक सुरक्षित पहुंच सकेंगे। एनएसडब्ल्यू पुलिस ने शुक्रवार शाम को एक बयान में कहा कि बचाव अधिकारियों को बाढ़ प्रभावित मध्य उत्तरी तट पर एक जले हुए वाहन के अंदर एक शव मिला। यह लगातार पांच दिनों की मूसलाधार बारिश के बाद मध्य उत्तरी तट और आसपास के क्षेत्रों में आई व्यापक बाढ़ की समस्या में पांचवीं मौत है।



**जम्मू-कश्मीर। पूंछ में एक स्कूल के दौरे के दौरान कांग्रेस नेता और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी।**

## मैक्सिको 3.5 प्रतिशत धन हस्तांतरण कर का विरोध करने के लिए अमेरिका भेजेगा एक राजनयिक मिशन

**मेक्सिको सिटी।** मेक्सिको सरकार ने अमेरिका में रह रहे उसके नागरिकों के स्वदेश धन भेजने पर 3.5 प्रतिशत कर लगाने के ट्रम्प प्रशासन के फैसले का विरोध किया है और इस पर बातचीत करने के लिए एक राजनयिक मिशन अमेरिका भेजने का निर्णय लिया है। मेक्सिको की राष्ट्रपति क्लाउडिया शिनबाम ने कहा कि अमेरिका के इस निर्णय से वहां रह रहे लाखों मेक्सिको के नागरिकों पर गंभीर असर पड़ेगा। सुशिनबाम ने शुक्रवार को संवाददाता सम्मेलन में अमे. रिकी प्रतिनिधि सभा द्वारा गुरुवार को पारित प्रस्ताव को अस्वीकार किया और अमेरिका में मेक्सिको के समुदाय से इसके खिलाफ एकजुट होने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि अगले सप्ताह एक और टीम अमेरिकी सीनेटरों और सीमा पार हमारे समुदाय के लोगों से बातचीत करने के लिए जाएगी ताकि इसे रो. कने का काम जारी रखा जा सके। गौरतलब है कि धन भेजने पर कर जो शुरू में पांच प्रतिशत प्रस्तावित था और बाद में संशोधित कर 3.5 प्रतिशत कर दिया गया था, अब विचार के लिए अमेरिकी सीनेट के पास जाएगा।

## इमरान ने कसा पाक आर्मी चीफ पर तंज

### कहा: उन्हें खुद को राजा की उपाधि देनी चाहिए

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान ने आर्मी चीफ आसिम मुनीर के फील्ड मार्शल बनने पर तंज कसा है। इमरान ने कहा है कि मुनीर को खुद को राजा की उपाधि देनी चाहिए। जेल में बंद इमरान का यह बयान उनके एक्स पर पोस्ट किया है।

इसमें इमरान ने लिखा माशाअल्लाह, जनरल असीम मुनीर को फील्ड मार्शल बनाया गया है। हालांकि, उन्हें राजा की उपाधि देना ज्यादा अच्छा होता-क्योंकि अभी देश में जंगल का कानून चलता है और जंगल में केवल एक ही राजा होता है। जनरल मुनीर को भारत-पाक संघर्ष के बाद 20 मई को फील्ड मार्शल के पद पर प्रमोट किया गया। वे देश के इतिहास में इस पद पर पहुंचने वाले दूसरे आर्मी चीफ हैं। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ 25 से 30 मई तक



**पाक पीएम शहबाज चार देशों के दौरे पर जाएंगे**

तुर्की, ईरान, अजरबैजान और ताजिकिस्तान का दौरा करेंगे। पाकिस्तानी विदेश मंत्रालय ने शुक्रवार को इस बारे में जानकारी दी। मंत्रालय के मुताबिक शरीफ इस दौरान इन देशों के साथ कई मुद्दों पर चर्चा करेंगे और हाल ही में भारत के साथ संघर्ष के समय मदद करने के लिए आभार जताएंगे। बयान में यह भी कहा गया कि शरीफ 29-30 मई को ताजिकिस्तान की राजधानी दुशान्बे में ग्लेशियर्स पर अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में भी भाग लेंगे। पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी (पीपीपी) के चेयरमैन बिलावल भुट्टो ने शुक्रवार को प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ से मुलाकात की। बिलावल ने शरीफ से सलाह मांगी कि दुनिया के सामने पाकिस्तान का पक्ष कैसे रखा जाए। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक इस बैठक में सीनेटर शेरी रहमान और पूर्व विदेश मंत्री हिना रब्बानी खार भी मौजूद थीं। पिछले हफ्ते, शरीफ ने बिलावल को एक हाई लेवल डेलिगेशन की लीडरशिप सौंपी है, जो भारत के साथ हुए तनाव को लेकर दुनिया के सामने पाकिस्तान क पक्ष रखेगा।

## ईरान-अमेरिका के बीच परमाणु समझौते पर बेहतर समझ विकसित हुई: अराघची

**तेहरान।** ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने कहा कि इटली में 'ईरानी परमाणु दस्तावेजों' पर बातचीत के बाद ईरान और अमेरिका के बीच बेहतर समझ विकसित हुई है। हाल ही में ओमान की मध्यस्थता में अमेरिका-ईरान की अप्रत्यक्ष वार्ता का पांचवां दौर इटली की राधानी रोम में आयोजित की गई थी। अराघची ने शक्रवार को कहा कि यह अमेरिका के साथ हमारी अब तक की सबसे पेशेवर वार्ताओं में से एक थी मुझे लगता है कि अमेरिका को अब हमारी स्थिति के बारे में पता चल गया होगा। उन्होंने कहा कि ओमान ने ईरान और अमेरिका को समझौते तक पहुंचने में आने वाली बाधाओं को दूर करने के लिए 'कार्यप्रणाली तंत्र' का प्रस्ताव दिया है।

## ट्रम्प के क्रिप्टो बिजनेस का नया ठिकाना बनेगा पाक

### पीएम शहबाज के बेटे को मिलेगी कमान, दुबई की कंपनी नेटवर्क खड़ा कर रही

**इस्लामाबाद/वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के क्रिप्टो कारोबार की गूंज अब पाकिस्तान पहुंच गई है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, ट्रम्प और उनके परिवार द्वारा समर्थित क्रिप्टो बिजनेस का नया ठिकाना अब पाकिस्तान बनने जा रहा है। इस कंपनी की कमान खुद पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ के बेटे सलमान शहबाज के हाथों में होगी।

दुबई में बनी एक संदिग्ध ब्लाकचेन फर्म हाईलैंड सिस्टम्स के जरिए यह सारा नेटवर्क खड़ा किया जा रहा है। हाईलैंड सिस्टम्स की मदद से पाकिस्तान सरकार ब्लाकचेन और क्रिप्टो माइनिंग तकनीक विकसित करेगी। कंपनी में ट्रम्प के बेटे एरिक ट्रम्प और पाकिस्तान के टाप मिलिट्री कान्ट्रैक्टर्स भी साझेदार हैं। दरअसल ट्रम्प के करीबी निवेशक और क्रिप्टो लाबी पहले से ही अमेरिका में रेगुलेशन की सख्ती से नाराज हैं। ऐसे में वे ऐसे देशों की तलाश में हैं, जहां नियम ढीले हों और सत्ता से



**दुबई में बनी एक संदिग्ध बलाकचेन फर्म हाईलैंड सिस्टम्स के जरिए यह सारा नेटवर्क खड़ा किया जा रहा है**

सीधा तालमेल हो। पाकिस्तान इस समय गढ़ बनकर उभरा है। आर्थिक अस्थिरता और सरकार की अमेरिका के साथ संबंध सुधारने की तत्परता जैसे कारण पाकिस्तान को ट्रम्प के कुनबे के लिए क्रिप्टो हब बनाने के लिए एक आदर्श देश बना रहे हैं। बता दें कि शहबाज सरकार क्रिप्टो को वैध करेंसी के रूप में मान्यता देने की भी योजना बना रही है। सलमान की कंपनी क्रिप्टो माइनिंग के लिए बिजली देगी प्रधानमंत्री शहबाज के बेटे सलमान की अगुवाई वाली एसएसई टेक्नोलाजीज पाकिस्तान की सबसे बड़ी सोलर पैनल इंपोर्टर है। अब ये कंपनी हाईलैंड सिस्टम्स के साथ मिलकर पाकिस्तान में क्रिप्टो माइनिंग नेटवर्क तैयार करेगी। दरअसल, क्रिप्टो माइनिंग में सबसे ज्यादा खर्च बिजली का होता है। इसी समस्या के समाधान के लिए एसएसई टेक्नोलाजीज को इस नेटवर्क का अहम भागीदार बनाया गया है। सूत्रों के अनुसार, कंपनी पाकिस्तान के सिंध और बलूचिस्तान में सोलर फर्म स्थापित करेगी, जिनकी बिजली से माइनिंग आपरेशंस को चलाया जाएगा। पाकिस्तान क्रिप्टो अपनाने के मामले में अभी दुनिया में नौवें नंबर पर है। अमेरिका से क्रिप्टो ब्लाकचेन और माइ. निंग तकनीक विकसित करने को लेकर हुई डील के बाद इसमें और बढ़त के आसार हैं।

## हंगरी: रूसी ऊर्जा प्रतिबंध के पीछे यूक्रेन का हाथ है

**मास्को/बुडापेस्ट।** हंगरी के प्रधानमंत्री विक्टर ऑरबान ने आरोप लगाया है कि रूसी ऊर्जा पर प्रतिबंध लगाने की यूरोपीय नीति के पीछे यूक्रेन का हाथ है और इससे यूरोपीय अर्थव्यवस्थाओं को भारी नुकसान हो सकता है, जो सिर्फ यूक्रेन के हित में है।

ऑरबान ने शुक्रवार को हंगरी के कोसुथ रेडियो के साथ एक साक्षात्कार में कहा कि पूरे रूसी ऊर्जा संसाधनों पर प्रतिबंध की नीति के पीछे यूक्रेन है। उन्होंने इसे 'यूक्रेनी ऊर्जा खतरा' करार दिया और कहा कि यूक्रेन यूरोप से ऐसी मांगें कर रहा है, जो यूरोप और हंगरी के परिवारों को नुकसान पहुंचाएंगी। उनका कहना है कि योजना रूस से किसी को भी गैस और तेल खरीदने को रो. कने की है। प्रधानमंत्री ने आरोप लगाया कि यूक्रेन ने रूसी गैस के अपने क्षेत्र से गुजरने पर रोक लगाकर इस योजना की शुरुआत की। उन्होंने कहा कि टर्कस्ट्रीम पाइपलाइन की वजह से हंगरी ऊर्जा संकट से बच सका। उनके अनुसार, अगर यूक्रेन की यूरोपीय संघ में चल गई, तो हंगरी के परिवारों को हर साल दो अरब यूरो अधिक चुकाने पड़ेंगे, बिजली के बिल दोगुने और हीटिंग खर्च चार गुना हो जाएगा। उन्होंने यूरोपीय संघ के नेताओं की आलोचना करते हुए कहा कि वे अपने नागरिकों की भलाई से ज्यादा रूस को नुकसान पहुंचाने और यूक्रेन की मदद को प्राथमिकता दे रहे हैं। ऑरबान ने कहा कि यह हमारी लड़ाई नहीं है और हम ब्रसेल्स को इसकी कीमत हमसे नहीं वसूलने देंगे। हंगरी के विदेश मंत्री पीटर सिज्जियार्तो ने पश्चिमी यूरोपीय देशों पर दोहरा रवैया अपनाने का आरोप लगाया है।

## सिंध नदी परियोजना के खिलाफ फिर हिंसक प्रदर्शन

### राष्ट्रपति जरदारी की बेटी के काफिले पर हमला

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तानी राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी की बेटी और सांसद आसिफा भुट्टो के काफिले पर शुक्रवार को भीड़ ने हमला कर दिया। इसका वीडियो शनिवार को सामने आया। पुलिस के मुताबिक आसिफा कराची से नवाबशाह जा रही थीं।

इसी दौरान प्रदर्शनकारियों ने उनके काफिले को रोका और विवादित नहर परियोजना और कार्पोरेट खेती के खिलाफ नारे लगाए। कुछ लोगों ने काफिले की गाड़ियों पर डंडों से हमला कर दिया। आसिफा के साथ मौजूद सुरक्षा टीम और हैदराबाद पुलिस ने तुरंत कार्रवाई की और उनकी गाड़ी को सुरक्षित



**चार दिन पहले गृहमंत्री का घर जलाया था**

वहां से निकाल लिया। इस पूरी घटना में कोई हताहत नहीं हुआ है। पाकिस्तान सरकार सिंध नदी पर नहर बनाने की प्लानिंग कर रही है। इससे स्थानीय लोग नाराज हैं। नाराज लोगों ने मंगलवार को सिंध के गृह मंत्री जियाउल हसन लंजर का घर जला दिया था। हमला करने वाली भीड़ में कई बच्चे भी थे, जिन्होंने लाठी-डंडे से हमला किया। इलाके के एसएसपी जफर सिद्दीकी ने मीडिया को बताया कि काफिला एक मिनट से भी कम समय के लिए रुका था और आसिफा या उनके सुरक्षा कर्मियों को कोई नुकसान नहीं हुआ। उन्होंने कहा: शांतिभंग करने वाले प्रदर्शनकारियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है और कई लोगों को गिरफ्तार किया गया है। अशांति फैलाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। पाकिस्तान में प्रदर्शनकारियों ने मंगलवार को सिंध के गृह मंत्री जियाउल हसन लंजर का घर जला दिया था।

## अमेजन की जनजाति ने न्यूयॉर्क टाइम्स पर किया 18 करोड़ डॉलर की मानहानि का दावा

**लंदन।** ब्राजील में अमेज़न के जंगलों के निवासी एक जनजातीय समूह ने अमेरिका के प्रभावशाली अखबार 'दि न्यूयॉर्क टाइम्स' के खिलाफ एक रिपोर्ट को लेकर 18 करोड़ डॉलर की मानहानि का मुकदमा दायर किया है, जिसमें जनजातीय समूह को 'पोर्न का शौकीन' बताया है। दि गार्जियन की रिपोर्ट के अनुसार, सुदूर जावरी घाटी की अमेज़न के जंगलों में रहने वाली मारुबो जनजाति ने इंटरनेट तक पहुंच प्राप्त करने के बाद उन्हें तकनीक और पोर्नोग्राफी का आदी होने के रूप में गलत तरीके से चित्रित करने के लिए अमेरिकी दैनिक पर मुकदमा दायर किया और 18 करोड़ डॉलर (करीब 1500 करोड़ रुपये) का हर्जाना मांगा है। मुकदमे में कहा गया है कि न्यूयॉर्क टाइम्स ने करीब दो हजार लोगों के समुदाय मारुबो जनजाति को इस तरह से पेश किया कि वे इंटरनेट पाने के बाद बहक गए हैं।

## बांग्लादेश सरकार के मुख्य सलाहकार बने रहेंगे यूनुस

**ढाका।** बांग्लादेश में जारी राजनीतिक उथल पुथल के बीच सरकार के मुख्य सलाहकार मोहम्मद यूनुस अपने पद पर बने रहेंगे। इससे पहले माना जा रहा था कि वो राजनीतिक और सैन्य दबाव के चलते इस्तीफा दे सकते हैं।

मोहम्मद यूनुस ने शनिवार को सलाहकार परिषद की एक बैठक बुलाई थी। इस बैठक के बाद प्लानिंग एडवाइजर वाहिदुद्दीन महमूद ने कहा: मोहम्मद यूनुस हमारे साथ बने रहेंगे। उन्होंने कहा कि हम लोगों को भी नई जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं। न्यूज एजेंसी यूएनबी के मुता. बिक सलाहकार परिषद की एक बैठक के बाद जल्द मंत्रियों के साथ बैठक होगी। वहीं, सेना प्रमुख वकार-उज-जमां ने स्पष्ट रूप से दिसम्बर तक चुनाव कराने का अल्टीमेटम दिया है। दूसरी ओर,

**इमरजेंसी बैठक के बाद फैसला, सेना ने दिसम्बर तक चुनाव कराने का अल्टीमेटम दिया**

विपक्षी दल बीएनपी और जमात-ए-इस्लामी के बीच चुनाव को लेकर चर्चा और सड़कों पर संघर्ष की रणनीतियां बन रही हैं। नेशनल सिटिजन पार्टी (एनएसपी), जमात-ए-इस्लामी के स्टूडेंट विंग छात्र शिबिर और वामपंथी छात्र संगठनों ने एकमत होकर कहा है कि जब तक पिछली सरकार के दौरान हुई हिंसा और हत्याओं की निष्पक्ष जांच नहीं होती, चुनाव का कोई मतलब नहीं। एनसीपी के छात्र नेता नाहिद इस्लाम का कहना है कि अगर देश के सभी वर्ग इस तरह असहयोग करेंगे तो डा. यूनुस इस्तीफा दे देंगे।

## अमेरिका ने यूरोपीय संघ पर कसा शिकंजा

### डोनाल्ड ट्रम्प ने की ईयू पर आयात पर 50 प्रतिशत टैरिफ लगाने की घोषणा

**वाशिंगटन/ब्रुसेल्स।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने शुक्रवार को यूरोपीय संघ (ईयू) से सभी आयात पर एक जून से 50 प्रतिशत टैरिफ लगाने की घोषणा की और कहा व्यापार वार्ता बेनतीजा रही। ट्रम्प ने अपने ट्रुथ सोशल प्लेटफॉर्म पर लिखा कि यूरोपीय संघ दशकों से अमेरिका का शोषण कर रहा है।

उन्होंने ईयू पर भारी व्यापारिक बाधाएं, वैट टैक्स, ज्यादा कॉरपोरेट जुर्माने, मुद्रा में हेरफेर और अनुचित मुक. दमों का आरोप लगाया, जिससे हर साल 250 अरब डॉलर का व्यापार घाटा हो रहा है। बीबीसी की रिपोर्ट के अनुसार राष्ट्रपति ने कहा कि ईयू के साथ समझौता करना 'बहुत मुश्किल' रहा है। ट्रम्प ने लिखा कि ईयू के साथ हमारी बातचीत कहीं नहीं पहुंची है, इसलिए मैं एक जून 2025 से सीधे 50 प्रतिशत टैरिफ की सिफारिश कर रहा हूं। बाद में राष्ट्रपति कार्यालय में पत्रकारों से बात करते हुए उन्होंने कहा कि मैं किसी सौदे की तलाश में नहीं हूं, टैरिफ 50 प्रतिशत तय है। लेकिन अगर वे यहां प्लांट बनाएंगे, तो कोई टैरिफ नहीं लगेगा। राष्ट्रपति ने दावा किया कि ईयू समझौता करना चाहता है, लेकिन सही तरीके से नहीं करता। ट्रम्प की टिप्पणियां ऐसे समय आईं जब कुछ घंटों बाद ही अमेरिका और ईयू अधिकारियों की व्यापार वार्ता होनी थी, जो अब अधर में लटक गई है। वहीं यूरोपीय आयोग ने कहा कि वह बातचीत के लिए तैयार है, लेकिन ज़रूरत पड़ी तो जवाब देने को भी तैयार है। ईयू के व्यापार आयुक्त मारोश शेफचोविच ने कहा कि यूरोपीय संघ- अमेरिकी व्यापार बेजोड़ है और इसे आपसी सम्मान से चलना चाहिए, धमकियों से नहीं। हम अपने हितों की रक्षा के लिए तैयार हैं। जर्मनी के विदेश मंत्री जोहान वाडेफुल ने इस कदम पर चिंता जताई और चेतावनी दी कि दंडात्मक टैरिफ दोनों अर्थव्यवस्थाओं को नुकसान पहुंचाएंगे।



उन्होंने कहा कि ऐसे टैरिफ किसी की मदद नहीं करेंगे, बल्कि दोनों बाजारों की आर्थिक विकास गति धीमी करेंगे। आयरलैंड के प्रधानमंत्री माइकल मार्टिन ने कहा कि ईयू ने 'सच्चे इरादे' से काम किया है और टैरिफ दोनों पक्षों के लिए नुकसानदेह होंगे। उन्होंने कहा कि वार्ता ही एकमात्र स्थाई रास्ता है। फ्रांस के विद. ेश मंत्री लॉरेंट सेंट-मार्टिन ने भी संयम का आह्वान करते हुए कहा कि हम शांति चाहते हैं, लेकिन जवाब देने को भी तैयार हैं। अमेरिका के वित्त मंत्री स्कॉट बेंसेंट ने कहा कि ईयू के अंदर मतभेद वार्ताओं में बाधा बन रहे हैं और कुछ सदस्य देशों को ब्रुसेल्स की बातचीत की शर्तों की जानक. ारी नहीं है। उन्होंने उम्मीद जताई कि ट्रम्प का टैरिफ धमकी ईयू को सक्रिय करेगी। राष्ट्रपति ने ऐप्पल से जुड़ी पुरानी लड़ाई भी फिर शुरू की और अमेरिका में न बने आईफोन पर 25 प्रतिशत आयात कर लगाने की धमकी दी, जिसे विशेषज्ञों ने अवास्तविक बताया।

## गाजा में प्रवेश करने वाले बहुत से ट्रकों को भूखे लोगों ने लूट लिया: संयुक्त राष्ट्र

**संयुक्त राष्ट्र।** इजरायली हमलों से गाजा में हालात इतने खराब हो गए हैं कि ज्यादातर लोग भुखमरी से मरने लगे हैं और मानवीय सहायता के तौर पर भेजे जाने वाले बहुत से ट्रकों को हाल ही में गाजावासियों ने लूट लिया है। संयुक्त राष्ट्र के अध्यक्ष एंटोनियो गुटेरस ने कहा कि गाजा इस समय सबसे खराब समय का सामना कर रहा है।

इजरायल ने लंबे समय की पाबंदी के बाद जब गाजा वालों के लिए राहत सामग्री वाले ट्रकों को जाने की इजाजत दी तो कई ट्रक रास्ते में ही लूट लिए गए। गुटेरेस के उप प्रवक्ता फरहान हक ने आज यहां यह जानकारी देते हुए कहा कि हमने लगभग 100 ट्रकों को केरेम शालोम (करेम अबू सलेम) में भेजा और क्रॉसिंग के फलस्तीनी वाले छोर से लगभग 35

**यह उन लोगों द्वारा की गई लूट है जो हताशा और भूख का सामना कर रहे हैं: फरहान हक**

ट्रकों को भेजा ताकि उन्हें गाजा में उन जगहों के करीब लाया जा सके जहां लोगों को उनकी ज़रूरत है। उन्होंने कहा कि लेकिन बुधवार को निवासियों ने आटे से भरे छह ट्रकों को रोक कर उन्हें लूट लिया। हक ने कहा शुक्रवार रात 15 अन्य ट्रकों को भी इसी तरह लूटा गया। हमारा मानना है कि ये संगठित आपराधिक लूटपाट के मामले नहीं हैं। यह उन लोगों द्वारा की गई लूट है जो हताशा और भूख का सामना कर रहे हैं। गौरतलब है कि इज़रायल ने लंबे समय से यह तर्क दिया है कि गाजावासियों को दी जाने वाली अंतरर्राष्ट्रीय सहायता का अधिकांश हिस्सा आतंकवादी संगठन हमास को पहुंचा दिया जाता है जो फलस्तीन शरणार्थियों के लिए संयुक्त राष्ट्र राहत एजेंसी की मौन स्वीकृति के साथ ही संभव हो रहा है। हालांकि संयुक्त राष्ट्र ने इस आरोप का दृढ़ता से खंडन किया है। उप प्रवक्ता ने कहा कि संयुक्त राष्ट्र के कार्यकर्ता स्थानीय समुदायों के साथ विश्वास जीतने के लिए बातचीत कर रहे हैं ताकि भविष्य में लूटपाट न होना इसको सुनिश्चित किया जा सके। हालांकि उन्होंने कहा कि लूटपाट से निपटने का सबसे अच्छा तरीका है कि इन जगहों में अधिक सहायता पहुंचाई जाए ताकि लोगों को ऐसी हताशा का सामना न करना पड़े। पत्रकारों के साथ एक मुलाकात में संयुक्त राष्ट्र महासचिव ने भी इसी आह्वान को दोहराया।



# आलिया भट्ट ने कान्स फेस्टिवल में किया डेब्यू

**मुंबई।** बॉलीवुड की जानीमानी अभिनेत्री आलिया भट्ट ने कान्स फिल्म फेस्टिबल में धमाकेदार डेब्यू किया। इन दिनों कान्स फिल्म फेस्टिवल 2025 काफी चर्चा में है।

इस मौके पर कई बॉलीवुड सेलेब्रिटीज अपना जलवा बिखेर रहे हैं। फ्रांस के रिवेरा शहर में चल रहे कांस फिल्म फेस्टिवल 2025 में आलिया भट्ट ने धमाकेदार एंट्री की है। आलिया भट्ट ने इस मौके के लिए सॉफ्ट पेस्टल फ्ला.रल गाउन चुना, जिसमें शानदार एम्ब्रायडरी और क्लासिक सिल्हूट नजर आ रहा था।

आलिया इस गाउन में एकदम परी जैसी दिख रही थीं। कान्स फिल्म फेस्टिवल के दौरान आलिया भट्ट केली रीचर्ड्ट की हॉलीवुड फिल्म द मास्टरमाइंड की स्क्रीनिंग में शामिल हुईं, जिसका प्रीमियर इस फेस्टिवल के दौरान 23 मई को किया गया। कान्स फिल्म फेस्टिवल में डेब्यू के साथ ही आलिया के ड्रेस सेलेक्शन को लेकर तारीफ मिल रही है।

आलिया भट्ट ने कान्स फिल्म फेस्टिबल से अपनी तस्वीरें सोशल मीडिया पर शेयर की हैं। उन्होंने तस्वीरों के कैप्शन में लिखा है, हैलो कान्स। इसके साथ उन्होंने लोरियल पेरिस को टैग किया है, जिसकी ब्रांड एम्बेसडर के तौर पर वे वहां पहुंची हैं।



## थिएटर: द मिथ ऑफ रिएलिटी का ट्रेलर कान्स फिल्म फेस्टिवल में हुआ रिलीज

**कान्स।** सजिन बाबू लिखित-निर्देशित फिल्म थिएटर द मिथ ऑफ रिएलिटी का ट्रेलर प्रतिष्ठित कान्स फिल्म फेस्टिवल 2025 -मार्चे दू फिल्म में लॉन्च किया गया। फिल्म थिएटर का आधिकारिक ट्रेलर दिग्गज फिल्म निर्देशक सुधीर मिश्रा ने रिलीज किया। यह ट्रेलर इंडो-जर्मन फिल्म वीक फेस्टिवल के डायरेक्टर स्टीफन ओटनब्रुक के मुख्य आतिथ्य में जारी किया गया। थिएटर द मिथ ऑफ रिएलिटी के ट्रेलर रिलीज के अवसर पर प्रसिद्ध फिल्मकार डॉ. बिजू दामोदरन, अभिनेता प्रकाश बेरे, अभिनेत्री छाया कदम, ट्रांस-मीडिया कंसल्टेंट एम.एन. गुजर और भारत, जर्मनी, चीन व फ्रांस के कई जाने-माने फिल्म निर्माता भी उपस्थित थे।

## माता-पिता को प्राइवेट जेट में उड़ते हुए देखना चाहते हैं राघव जुयाल




**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता राघव जुयाल अपने माता-पिता को प्राइवेट जेट में उड़ते हुए देखना चाहते हैं। अपने अपरंपरागत आकर्षण और बोल्ड रोल के लिए जाने जाने वाले राघव जुयाल ने हाल ही में एक सस्पेंस से भरपूर एक्शन-थ्रिलर में अपने दमदार अभिनय से सबका ध्यान अपनी ओर खींचा।

राघव जुयाल ने अपने माता-पिता के लिए अपने सपने के बारे में खुलकर बात की। उन्होंने कहा, मैं चाहता हूं कि मेरे माता-पिता एक निजी जेट में उड़ान भरें। राघव ने कहा, मैं वास्तव में हर काम में मौजूद रहना चाहता हूं। मैं अपने लक्ष्य हासिल करना चाहता हूं। मैं इसके साथ आने वाली सभी सुख-सुविधाएं पाना चाहता हूं। मैं चाहता हूं कि मेरे माता-पिता निजी जेट में उड़ान भरने का अनुभव करें।




# 'एक दिन बिक जाएगा माटी के मोल'

## मजरूह सुल्तानपुरी को गीत के मिले थे 1000 रुपये




**मुंबई।** महान शायर और गीतकार मजरूह सुल्तानपुरी को उनके रचित गीत एक दिन बिक जाएगा माटी के मोल के लिए शोमैन राजकपूर ने 1000 रुपये दिए थे। मजरूह सुल्तानपुरी का जन्म उत्तर प्रदेश के सुल्तानपुर शहर में एक अक्टूबर 1919 को हुआ था। उनके पिता पुलिस में एक उप निरीक्षक थे और वह मजरूह सुल्तानपुरी को ऊंची से ऊंची तालीम देना चाहते थे। मजरूह सुल्तानपुरी ने लखनऊ के तकमील उल तीब कॉलेज से यूनानी पद्धति की मेडिकल की परीक्षा उत्तीर्ण की और बाद में वह हकीम के रूप में काम करने लगे। बचपन के दिनों से ही मजरूह सुल्तानपुरी को शेरो-शायरी करने का काफी शौक था और वह अक्सर सुल्तानपुर में हो रहे मुशायरों में हिस्सा लिया करते थे, जिनसे उन्हें काफी नाम और शोहरत मिली। उन्होंने अपनी मेडिकल की प्रैक्टिस बीच में ही छोड़ दी और अपना ध्यान शेरो-शायरी की ओर लगाना शुरू कर दिया। इसी दौरान उनकी मुलाकात मशहूर शायर जिगर मुरादाबादी से हुई। वर्ष 1945 में सब्बो सिद्धकी इंस्टिट्यूट द्वारा संचा.लित एक मुशायरे में हिस्सा लेने मजरूह सुल्तान पुरी बम्बई आए। मुशायरे के कार्यक्रम में उनकी शायरी सुन मशहूर निर्माता ए.आर. कारदार काफी प्रभावित हुए और उन्होंने मजरूह सुल्तानपुरी से अपनी फिल्म के लिए गीत लिखने की पेशकश की।

मजरूह ने कारदार साहब की इस पेशकश को ठुकरा दिया क्योंकि फिल्मों के लिए गीत लिखना वह अच्छी बात नहीं समझते थे। जिगर मुरादाबादी ने मजरूह सुल्तानपुरी को तब सलाह दी कि फिल्मों के लिए गीत लिखना कोई बुरी बात नहीं है। गीत लिखने से मिलने वाली धन राशि में से कुछ पैसे वह अपने परिवार के खर्च के लिए भेज सकते हैं। जिगर मुरादाबादी की सलाह पर मजरूह सुल्तानपुरी फिल्म में गीत लिखने के लिए राजी हो गए।

# 1946: डायरेक्ट एक्शन डे की स्क्रीनिंग



**कान्स।** पीपल मीडिया फैक्ट्री की फिल्म 1946: डायरेक्ट एक्शन डे-दि इरेज्ड हिस्ट्री ऑफ बंगाल की स्क्रीनिंग 78वें कान्स फिल्म फेस्टिवल में की गई। विजय एलाकांती द्वारा लिखित और निर्देशित फिल्म 1946: डायरेक्ट एक्शन डे-दि इरेज्ड हिस्ट्री ऑफ बंगाल (पूर्व शीर्षक: मां काली) ने 78वें कान्स फिल्म फेस्टिवल में अपनी स्क्रीनिंग के बाद वैश्विक स्तर पर जबर्दस्त सराहना और ध्यान प्राप्त किया। इस प्रतिष्ठित मंच पर फिल्म के मुख्य कलाकार अभिषेक सिंह ने फिल्म के नए शीर्षक का आधिका.रिक अनावरण किया, जो भारतीय सिनेमा के लिए एक गौरवपूर्ण उपलब्धि बन गई। दुनिया के सबसे प्रतिष्ठित सिनेमा मंचों में से कान्स में फिल्म की स्क्रीनिंग को दर्शकों ने स्टैंडिग ओवेशन और वंदे मातरम के नारों के साथ सराहा। अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर मिले फीडबैक के आधार पर, फिल्म निर्माताओं ने ऐसा टाइटल चुना जो वैश्विक दर्शकों से अधिक जुड़ाव बना सके। इस प्रतिक्रिया को ध्यान में रखते हुए, फिल्म का नाम बदला गया और नया शीर्षक रखा गया: 1946: डायरेक्ट एक्शन डे-दि इरेज्ड हिस्ट्री ऑफ बंगाल, जो फिल्म की ऐतिहासिक विषयवस्तु को अधिक सटीक रूप से दर्शाता है। यह फिल्म 16 अगस्त 1946 की भयानक घटनाओं और साम्प्रदायिक हिंसा पर आधारित है, जिसने भारत के बंटवारे की नींव रखी थी। राइमा सेन और अभिषेक सिंह द्वारा निभाए गए प्रमुख किरदारों ने विभाजन-पूर्व भारत में हिदुओं के संघर्ष और भावनात्मक पीड़ा को बेहद प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया। कान्स में अपने अनुभव को साझा करते हुए अभिषेक सिंह ने कहा, 1946: डायरेक्ट एक्शन डे-दि इरेज्ड हिस्ट्री ऑफ बंगाल जैसी फिल्म का इस ऐतिहासिक मंच तक पहुंचना मेरे लिए बेहद विनम्र और गर्व का क्षण था। यह फिल्म अपने भावनात्मक गहराई के साथ उस इतिहास को सामने लाती है।

जिसे जानना और याद रखना ज़रूरी है। इस नई पहचान के साथ फिल्म को विश्व मंच पर प्रस्तुत करना हम सभी के लिए एक यादगार पल था। मुझे इस शक्तिशाली कथा का हिस्सा बनने पर गर्व है और उम्मीद करता हूं कि यह दुनियाभर के दर्शकों से जुड़ सकेगी। गौरतलब है कि यह फिल्म पहले ही वैश्विक फिल्म समारोहों में 15 पुरस्कार जीत चुकी है, जिनमें जयपुर इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल में बेस्ट पॉलिटिकल फिल्म और स्वीडिश इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल में बेस्ट प्रोड्यूसर का खिताब शामिल है। इस फिल्म का वर्ल्ड प्रीमियर पिछले साल इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल ऑफ इंडिया में हुआ था। टी.जी. विश्व प्रसाद और कृति प्रसाद द्वारा निर्मित यह फिल्म जल्द ही सिनेमाघरों में रिलीज़ होने के लिए तैयार है।

